kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-133 ❑ रविवार, 15 जून 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



इस वर्ष की थीम, 'रक्त दें, आशा दें: साथ मिलकर हम जीवन बचाते हैं' हमें याद दिलाती है कि रक्तदान सरल, सुरक्षित है और इसका बहुत बड़ा प्रभाव हो सकता है। हमें एक साथ मिलकर इस सामाजिक उद्देश्य के लिए एकजुट होना चाहिए। जेपी नड्डा

मोदी आज से 18 जून के बीच तीन देशों की यात्रा पर 11
आईएमए में 451 कैडेट्स ने पूरी की सैन्य यात्रा, 419 भारतीय सेना का हिस्सा बने 12

# इजराइल-ईरान के बीच हमले जारी

एजेंसी

तेहरान/तेल अवीव। इजराइल और ईरान के बीच टकराव दूसरे दिन भी जारी है। पिछले दो दिनों में ईरान में 138 लोग मारे गए हैं। इजराइल ने शुक्रवार रात 10:30 बजे दूसरी बार ईरान के परमाणु ठिकानों पर फाइटर प्लेन से हमले किए। इस हमले में 60 लोगों की मौत हो गई। जबकि 350 से ज्यादा लोग घायल हुए।

इससे पहले ईरान में शुक्रवार सुबह 5:30 बजे हुए हमले में 78 लोग मारे गए थे। इनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल थे। ईरान ने भी शुक्रवार रात इजराइली हमले के तुरंत बाद पलटवार किया और इजराइल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागीं, जिनमें 6 राजधानी तेल अवीव में गिरीं। इजराइल में अब तक 3 लोगों की मौत की खबर है। 7



जवान सहित 90 से ज्यादा घायल हुए हैं। ईरान ने दावा किया है कि मिसाइल इजराइली रक्षा मंत्रालय पर भी गिरी। हालांकि अभी तक इजराइल ने इसकी पुष्टि नहीं की है। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को सुरक्षित ठिकाने पर शिफ्ट कर दिया गया है। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने शनिवार को ईरान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर ईरानी

- ❑ दो दिन में इजराइली हमले में 138 ईरानियों की मौत, इनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट
- ❑ इजराइली रक्षा मंत्री की धमकी- मिसाइलें दागीं, तो तेहरान जला देंगे
- ❑ इजरायल से बातचीत करना 'अर्थहीन' है: ईरान
- ❑ ईरानी ड्रोन हमले को लेकर इजरायल में 'एयर रेड अलर्ट' घोषित
- ❑ अमेरिकी मदद से ईरान के जवाबी हमलों को निष्क्रिय कर रहा इजरायल

सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने इजराइल पर और मिसाइलें दागीं, तो तेहरान जला देंगे। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब शुक्रवार सुबह ईरान के परमाणु ठिकानों ● शेष पेज 11 पर

### विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दोनों देशों के विदेश मंत्रियों से की चर्चा

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ईरान और इजरायल के विदेश मंत्रियों से फोन पर बातचीत की। श्री जयशंकर का दोनों देशों के अपने समकक्ष मंत्रियों के साथ ऐसे समय संपर्क हुआ है जबकि इसरायल ने आज ही तड़के ईरान में कई ठिकानों पर हवाई हमले किए जिसमें वहां के कई वरिष्ठ सैनिक अधिकारी और परमाणु वैज्ञानिकों के मारे जाने की रिपोर्ट आ रही हैं। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर अलग-अलग पोस्ट में ईरान और इजरायल के विदेश मंत्रियों से फोन पर अपनी बातचीत की जानकारी दी। उन्होंने ईरान के विदेश मंत्री को खुद फोन किया था जबकि इजरायल की विदेश मंत्री ने अपनी ओर से फोन करके उनसे बातचीत ● शेष पेज 11 पर

# शाह आज सौपेंगे यूपी पुलिस के चयनित 60,244 आरक्षियों को नियुक्ति पत्र

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को 15 जून को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में आयिजत समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। इसके लिए तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने शनिवार को डिफेंस एक्सपो ग्राउंड पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने पत्रकारों को बताया कि डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में नवचयनित पुलिस कांस्टेबलों के



नियुक्ति पत्र वितरण समारोह की भव्य तैयारियां चल रही हैं। चयनित अभ्यर्थियों में पुरुष और महिला शामिल हैं। हर जिले के कोने-कोने से चयनित अभ्यर्थी लखनऊ पहुंचेंगे। इसके लिए जिलों से परिवहन की समुचित व्यवस्था भी की गई है। उनके रहने, खाने और गर्मी को ध्यान में रखते हुए सारी व्यवस्थाएं की गई हैं। इस आयोजन को सफल बनाने के उद्देश्य से सभी विभागों के अधिकारी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। डीजीपी ने कहा कि इस परीक्षा को पारदर्शिता से कराना पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य था। इस परीक्षा से पहले तमाम परीक्षाएं हुई थीं, जिसमें कई सवाल खड़े हुए थे। विभागीय अधिकारियों ने इसे चैलेंज के रूप में लिया और परीक्षा को सफल बनाने में अहम भूमिक निभाई है। चयनित अभ्यर्थियोंको कल नियुक्त पत्र दिया जाएगा। इस आयोजन को देखते हुए यातायात निदेशालय ने लखनऊ, कानपुर समेत 10 जिलों में यातायात रूट डायवर्ट कर दिया है। लखनऊ में भारी वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। गृह मंत्री की लखनऊ में मौजूदगी को देखते हुए कार्यक्रम स्थल और आसपास के इलाकों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए ● शेष पेज 11 पर

# साउथ अफ्रीका पहली बार वर्ल्ड चैंपियन

लंदन (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका ने एडेन मार्करम की शतकीय पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया को हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब अपने नाम कर लिया है। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 282 रनों का लक्ष्य दिया था, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट पर 285 रन बनाकर जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका का टेस्ट में यह तीसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज है। दक्षिण अफ्रीका की टीम इसके साथ ही पहली बार डब्ल्यूटीसी की विजेता बनी है, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम खिताब का बचाव नहीं कर सकी है। ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में बढ़त हासिल करने के बावजूद चैंपियन बनने से चूक गई। दक्षिण अफ्रीका ने 27 साल के अंतराल के बाद कोई आईसीसी खिताब अपने नाम किया है। टीम ने आखिरी बार 1998 में नॉकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस) का खिताब अपने नाम किया था।

विस्तृत खबर पेज 10 पर

## नीट यूजी 2025 का परिणाम घोषित, 12.36 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी हुए उत्तीर्ण




**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) 2025 का परिणाम आधिकारिक रूप से घोषित किया गया, जिसमें 12.36 लाख से अधिक उत्तीर्ण हुए हैं। इस साल राजस्थान के महेश कुमार ने 99.99 प्रतिशत हासिल कर टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। वहीं, मध्य प्रदेश के उत्कर्ष अवधिया को दूसरा स्थान और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी को तीसरा स्थान मिला है। लड़कियों में अविका अग्रवाल ने सबसे ज्यादा अंक प्राप्त किये हैं। एनटीए ने नीट यूजी 2025 के लिए ने सभी श्रेणियों के लिए कटऑफ स्कोर भी जारी किया है। इस वर्ष सामान्य और ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों के लिए कटऑफ स्कोर 686 से 144 के बीच निर्धारित किया गया है। वहीं, सामान्य/ ईडब्ल्यूएस ऽ पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) वर्ग के उम्मीदवारों के लिए यह कटऑफ स्कोर 143 से 127 के बीच है। इसके अलावा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणियों के लिए कटऑफ स्कोर 143 से 113 के बीच निर्धारित है। उल्लेखनीय है कि नीट यूजी 2025 की परीक्षा चार मई को आयोजित की गई थी। परीक्षाएं देश के 552 शहरों के 5468 केंद्रों पर 13 भाषाओं में आयोजित हुई थी। ● शेष पेज 11 पर

# विमान दुर्घटना की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति बनी




एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने अहमदाबाद से लंदन जाने वाले एयर इंडिया के विमान की गुरुवार को हुई दुर्घटना की समग्रता से जांच के लिए केन्द्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में एक 11 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है जो इस दुर्घटना को लेकर हर तरह के सवाल का जवाब तलाशेगी और तीन माह के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी।

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडु ने शनिवार को यहां उड़ान भवन में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। श्री नायडु ने दुर्घटना में जान गंवाने वालों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की और कहा कि वह यात्रियों के परिजनों के दर्द को समझते हैं क्योंकि उन्होंने स्वयं अपने पिता को एक दुर्घटना में खोया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना होने के तीन घंटे बाद जब वह अहमदाबाद में घटनास्थल पर पहुंचे तो गुजरात सरकार की एजेंसियां राहत एवं बचाव कार्य में लगे थे। विमान दुर्घटना जाँच ब्यूरो (एएआईबी) ने अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय में तकनीकी जांच शुरू कर दी है। इस जांच से उत्तर मिलेगा कि तकनीकी ● शेष पेज 11 पर



# विकसित भारत का संकल्प लेकर पूरी ऊर्जा से लगना होगा: डॉ. नरेंद्र सिंह गौर

### संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर कर भारत को विकसित बनाने का लिया गया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा महानगर द्वारा नगर के सभी 15 मंडलों में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को सिविल लाइन स्थित पार्टी कार्यालय में भारद्वाज मंडल के विकसित भारत संकल्प सभा में विकसित भारत की संकल्पना एवं हमारी भूमिका तथा केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों पर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ नरेंद्र कुमार सिंह गौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प अवश्य पूरा होगा। इसके लिए विकसित भारत का संकल्प लेकर पूरी ऊर्जा से लगना होगा।डॉ गौर ने आगे कहा कि देश की जनता अब समझ चुकी है कि पीएम मोदी बिना रुके, बिना थके देश को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए दिन रात काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले 11 वर्षों के कार्यकाल में भारत ने सफलता और विकास के नए आयाम स्थापित किए। आज भारत के विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। देश तरक्की के रास्ते पर है। 2014 से लेकर अब तक भारत ने आर्थिक मोर्चे पर छलांग लगाई है। आर्थिक मोर्चे पर आज हम जापान से आगे निकल रहे हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा, शिक्षा, रक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर आदि सभी क्षेत्रों में मोदी सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किया है। भाजपा का संकल्प है कि शिक्षा की गुणवत्ता के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। किसानों के हित में भाजपा सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। पीएम मोदी ने जय जवान जय किसान जय विज्ञान जय अनुसंधान का नारा दिया। भाजपा कार्यकर्ता विकसित भारत के संकल्प को लेकर सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पूरी ऊर्जा के साथ पहुंचाएं। हमें भ्रष्टाचार मुक्त समतामूलक समरस समाज के निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित करना है।इस दौरान संकल्प सभा में उपस्थित लोगों ने पार्टी द्वारा दिए गए संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर कर भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया। भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, कुंजबिहारी मिश्रा, डॉ एल एस ओझा, अजय आनंद, डॉ शैलेश पांडेय, अरुण पटेल, शशि वार्ष्णेय, चंद्रा अहलूवालिया, आशीष द्विवेदी, राजेश केसरवानी, विवेक मिश्रा, आशुतोष शुक्ला, आदि उपस्थित रहे।

# देश की सुरक्षा, स्वाभिमान व सशक्तिकरण की गारंटी है भाजपा : प्रकाश पाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कानपुर । भारत को आत्मनिर्भर सुरक्षित, सशक्त और विकसित भारत के निर्माण में देशवासियों को सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़कर 23,622 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। यह बातें शनिवार को मुख्य अतिथि भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने निराला नगर मंडल में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा में कहीं।क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि आपरेशन सिंदूर में स्वदेशी हेलीकॉप्टर 'प्रचंड', मिसाइल सिस्टम सीआकाश' और ब्रह्मोस का इस्तेमाल कर सेना ने अपने दुश्मनों को तबाह कर दिया। कांग्रेस आतंकवादियों से सहानुभूति रखने वाली पार्टी है। वहीं भाजपा देश की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा देश की सुरक्षा, स्वाभिमान और सशक्तिकरण की गारंटी है।दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मंत्र ने देशवासियों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा है। आज हर वर्ग और हर क्षेत्र एक साझा संकल्प के साथ विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के खातिर भाजपा दक्षिण जिले के किदवई नगर, जूही, छावनी, बाबूपुरवा, यशोदा नगर, हरजिंदर नगर, सरसौल मंडलों में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। सभी कार्यक्रमों में वक्ताओं ने विस्तार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 11 वर्षों की उपलब्धियां गिनाई।प्रमुख रूप से पूनम द्विवेदी, भूपेश अवस्थी, रघुनंदन भदौरिया, भूपेन्द्र त्रिपाठी, जय प्रकाश कुशवाहा, विनोद मिश्रा, विनोद शुक्ला, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, राजन चौहान आदि रहे।

## युवक का शव नदी में मिला, जांच शुरू

**मीरजापुर ।** विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के कामापुर कला गांव में शनिवार को उस समय सनसनी फैल गई जब पटखौली और लेहड़िया मजरा के बीच बने पुल के पास एक युवक का शव नदी में उतराया हुआ मिला। मृतक की पहचान गांव निवासी 20 वर्षीय कपिल पाल पुत्र स्व. सुभाष पाल के रूप में हुई है।स्थानीय चरवाहों ने सुबह नदी में शव देखकर शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही लालगंज थाना क्षेत्र के रानीबारी गांव निवासी मृतक की मौसी बन्नो देवी मौके पर पहुंचीं और शव देखते ही हत्या का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि कपिल के नाम पांच बीघा जमीन है, जिसे लेकर उसे मार दिया गया। मृतक के मामा सहित अन्य रिश्तेदारों ने भी इसी आशंका को दोहराया। राहुल पाल, जो मृतक का रिश्तेदार है, ने बताया कि कपिल शुक्रवार सुबह 10 बजे से ही गायब था। कपिल के माता-पिता और इकलौती बहन की मौत लगभग 15 वर्ष पहले ही हो चुकी थी और वह गांव में अकेले रहता था।कोतवाली प्रभारी अमित प्रजापति ने बताया कि युवक की मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। वहीं, चौकी प्रभारी आनंद शंकर सिंह ने विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने कहा कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है और परिवार के आरोपों को भी गंभीरता से लिया गया है। गांव में शोक और आक्रोश दोनों का माहौल है।

## मुख्यमंत्री आवास योजना में बड़ा घोटाला: लाभार्थी के खाते से निकाले गए 80 हजार रुपये

**मीरजापुर ।** मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को मिलने वाले आर्थिक सहायता में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। विकास खंड मड़िहान के ग्राम सभा रैकरा की एक महिला लाभार्थी सरिता देवी पत्नी विमलेश ने आरोप लगाया है कि उसके खाते में आए 80 हजार रुपये की राशि ग्राम प्रधान और बैंक प्रबंधक की मिलीभगत से निकाल ली गई।पीड़िता सरिता देवी का कहना है कि जब वह आर्यावर्त बैंक में पैसे निकालने गई तो जानकारी हुई कि उसके खाते से पहले ही 80 हजार रुपये निकाले जा चुके हैं। यह सुनकर उसके होश उड़ गए। जब सरिता देवी इस संबंध में ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह के पास गई, तो उन्होंने दूसरा आवास दिलाने का आश्वासन देकर उसे लौटा दिया।शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में पीड़िता ने मामले की शिकायत करते हुए ग्राम प्रधान और बैंक प्रबंधक ज्योति प्रकाश सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर मौजूद सीओ ऑपरेशन मड़िहान मुनेंद्र पाल सिंह ने जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।बैंक प्रबंधक का कहना है कि दोनों महिलाओं के पति का नाम 'विमलेश' होने का लाभ उठाकर एक ही खाते की दो पासबुक बनाई गई थीं और आधार कार्ड में नाम बदलकर रकम निकाली गई। उन्होंने यह भी कहा कि यह घटना उनके कार्यभार संभालने से पहले की है। लेकिन यदि खाताधारक के दस्तावेजों से छेड़छाड़ हुई है तो सम्बंधितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।हालांकि, बैंक की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि बिना हस्ताक्षर मिलान के इतनी बड़ी रकम कैसे निकाल दी गई। ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने सोमवार को मामले की गहन जांच का भरोसा दिलाया है।

## हर तीसरा व्यक्ति फैटी लिवर की बीमारी से ग्रसित

**लखनऊ ।** फैटी लिवर रोग आधुनिक युग की एक तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या है। भारत में हर तीसरा व्यक्ति फैटी लिवर की बीमारी से प्रभावित है। फैटी लिवर रोग के गंभीर रूप को नॉन-अल्कोहलिक स्टेटो-हेपेटाइटिस (नैश) के नाम से जाना जाता है। आम लोगों में फैटी लिवर रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व स्तर पर हर साल जून के दूसरे गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय नैश दिवस मनाया जाता है। यह जानकारी केजीएमयू के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुमित रुंगटा ने दी।एसजीपीजीआई के हेपेटोलॉजी विभाग में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय नैश दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एसजीपीजीआईएमएस के निदेशक प्रोफेसर आरके धीमान, एसजीपीजीआईएमएस के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हर्षवर्धन और हेपेटोलॉजी के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अमित गोयल ने किया।मोटापा फैटी लिवर की बीमारी के प्रमुख जोखिम कारकमेदांता अस्पताल लखनऊ के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. अभय वर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि मधुमेह और मोटापा फैटी लिवर की बीमारी के प्रमुख जोखिम कारक हैं। हमारा देश मोटापे और मधुमेह की वैश्विक राजधानी है। भविष्य में हमारे फैटी लिवर की बीमारी की वैश्विक राजधानी बनने की संभावना है। उन्होंने विशेष रूप से फैटी लिवर रोगों का जल्द पता लगाने पर जोर दिया ताकि सिरोसिस और लिवर कैंसर की प्रगति को रोका जा सके।हेपेटोलॉजी के सहायक प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह और वरिष्ठ आहार विशेषज्ञ रीता आनंद, शिल्पी त्रिपाठी एवं अर्चना सिन्हा ने एक प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम आयोजित किया गया था। राज्य भर के 150 से अधिक युवा आहार विशेषज्ञों ने फैटी लिवर रोग, विशेष रूप से एनएएफएलडी के प्रबंधन के लिए आहार सलाह पर व्यावहारिक युक्तियों के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## हिन्दू-देवी देवताओं पर अभद्रता वाली किताबें बेची जा रही, हिन्दू संगठन ने मुकदमा दर्ज कराया

**लखनऊ ।** गोमतीनगर थाना क्षेत्र में कुछ लोग हिन्दू देवी-देवताओं पर अशोभनीय लिखित पुस्तकें बांट रहे हैं। इससे हिन्दू भावनाएं आहत हो रही हैं। हिन्दू संगठन के लोगों ने इस मामले में पुलिस से शिकायत करते हुए आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।मामले की विवेचना कर रहे प्रेम कुमार ने शनिवार को बताया कि हिन्दू संगठन के लोगों ने शुक्रवार देर रात एक शिकायत पत्र सौंपा था। इसमें बताया ?गया कि वेद प्रकाश और उसके कुछ सहयोगी, 'गीता तेरा ज्ञान, ज्ञान गंगा एवं जीने की राह नाम की पुस्तकें, जिसमें हिन्दू देवी-देवताओं पर अभद्रभाषा में कहानियां एवं संवाद लिखे हैं, को ग्वारी चौराहा पर कुछ लोगों को बांट रहे हैं। इससे गरीब हिन्दू परिवारों में जाकर मतांतरण करने का कार्य कर रहे हैं। इससे हिन्दू भावनाएं आहत हो रही हैं। बजरंग दल ने इन सभी के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया है, जिसका संज्ञान लेकर वेद प्रकाश और अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर जांच करायी जा रही है।

## हिन्दू-देवी देवताओं पर अभद्रता वाली किताबें बेची जा रही, हिन्दू संगठन ने मुकदमा दर्ज कराया

**लखनऊ ।** गोमतीनगर थाना क्षेत्र में कुछ लोग हिन्दू देवी-देवताओं पर अशोभनीय लिखित पुस्तकें बांट रहे हैं। इससे हिन्दू भावनाएं आहत हो रही हैं। हिन्दू संगठन के लोगों ने इस मामले में पुलिस से शिकायत करते हुए आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।मामले की विवेचना कर रहे प्रेम कुमार ने शनिवार को बताया कि हिन्दू संगठन के लोगों ने शुक्रवार देर रात एक शिकायत पत्र सौंपा था। इसमें बताया ?गया कि वेद प्रकाश और उसके कुछ सहयोगी, 'गीता तेरा ज्ञान, ज्ञान गंगा एवं जीने की राह नाम की पुस्तकें, जिसमें हिन्दू देवी-देवताओं पर अभद्रभाषा में कहानियां एवं संवाद लिखे हैं, को ग्वारी चौराहा पर कुछ लोगों को बांट रहे हैं। इससे गरीब हिन्दू परिवारों में जाकर मतांतरण करने का कार्य कर रहे हैं। इससे हिन्दू भावनाएं आहत हो रही हैं।

# सेवा सुशासन के ११ वर्ष पूर्ण होने पर संकल्प सभा आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

चरगांवा,गोरखपुर । विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन,गरीब कल्याण के ११ वर्ष अभियान पर भारतीय जनता पार्टी के चरगांवा मंडल द्वारा विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन नाहरपुर स्थित एक निजी शिक्षण संस्थान में किया गया । यह कार्यक्रम सेवा ,सुशासन व गरीब कल्याण के ११ वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी,विशिष्ट अतिथि पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेंद्र पाल सिंह,ब्लॉक प्रमुख चरगांवा श्रीमती वंदना सिंह,चंद्र भूषण मिश्रा जिला संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ ,वरिष्ठ भाजपा नेता लालजी गुप्ता वकसिस अहमद वारसी सदस्य अल्पसंख्यक आयोग ,जिला मंत्री नरेंद्र सिंह,रामानंद यादव, निवर्तमान भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास खण्ड चरगांवा दया शंकर मिश्रा,वर्तमान मंडल अध्यक्ष अनिल चौहान, अजय प्रकाश यादव, जिला महामंत्री अनुसूचित प्रकोष्ठ संजीव पासवान, जिला पंचायत सदस्य राम उग्रह चौहान,धर्मेन्द्र सिंह सैथवार ,रामभोग सिंह , रणजीत सिंह , प्रधान संघ अध्यक्ष जगदम्बा दूबे,राम भवन शर्मा मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा,आशुतोष चौहान मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा आदि शामिल रहे।

# नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने किया ऐतिहासिक प्रगति: महेन्द्र पाल सिंह

### गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूरे होने के पर ब्लाक मुख्यालय पर कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। भटहट ब्लॉक सभागार में भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक महेन्द्र पाल सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के जिला मंत्री रामानन्द यादव और लाल जी गुप्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश ने बीते 11 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मार्ग पर ऐतिहासिक प्रगति की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास के मंत्र ने देश के हर नागरिक को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि हम सभी का यह साझा संकल्प है कि हम एक नए, आत्मनिर्भर, सुरक्षित, सशक्त और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएंगें। विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़कर 23,622 करोड़ तक पहुँच गया है। साथ ही स्वदेशी हेलीकॉप्टर प्रचंड, मिसाइल सिस्टम आकाश और ब्रह्मोस का इस्तेमाल कर सेना ने अपने दुश्मनों को तबाह कर दिया।कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल जी गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री रामानन्द यादव, नरेन्द्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राघवेन्द्र प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष जीतन सिंह, मण्डल उपाध्यक्ष संजय सिंह, सुरेश निषाद, धर्मेन्द्र मिश्रा, गिरजेश मिश्रा, मण्डल महामंत्री नित्यानंद पांडेय, विजय सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# शिक्षकों की कमी से पढ़ाई चौपट हो रही है : विपिन राठौर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में प्राइमरी शिक्षकों के लाखों पद खाली हैं, लेकिन इन्हें भरने के लिए विभाग की ओर से 2018 के बाद से कोई भर्ती नहीं आई। यहाँ लाखों युवाओं को नई प्राथमिक शिक्षक भर्ती का वर्षों से इंतजार है। वह हर दिन सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक अभियान चलाकर नई शिक्षक भर्ती की मांग कर रहे है। यह बातें शिक्षक नेता विपिन राठौर ने शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहीं।

उन्होंने कहा कि पिछले सात वर्षों से बेसिक शिक्षा विभाग में कोई नई शिक्षक भर्ती नहीं आई है, जिससे लाखों प्रशिक्षु बेरोजगारी की स्थिति में हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने इंटरनेट मीडिया पर भर्ती की बात कही थी, लेकिन कुछ ही समय बाद वह पोस्ट हटा ली गई, जिससे अभ्यर्थियों के बीच भ्रम और असंतोष की स्थिति बन गई है। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों और बुनियादी सुविधाओं की कमी है। इस कारण गरीब परिवारों के बच्चों को महंगे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने को मजबूर होना पड़ रहा है। जहाँ शिक्षा के नाम पर सिर्फ लूट चल रही है। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के लाखों पद खाली हैं। इसका असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। परिषदीय स्कूलों में छात्र संख्या साल दर साल घटती जा रही है जिसके लिए सरकार की नीतियां दोषी है। गरीब परिवार के बच्चे शिक्षा से वंचित होते जा रहे है। श्री राठौर ने बताया कि प्रदेश में करीब एक लाख 32 हजार परिषदीय स्कूल संचालित हो रहे हैं। इनमें चार लाख 34 हजार सहायक अध्यापक कार्यरत है। इसके बावजूद भी शिक्षकों के लाखों पद रिक्त है। हर वर्ष हजारों शिक्षक अवकाश प्राप्त कर रहें है, फिर भी 2018 के बाद से शिक्षकों की एक भी भर्ती नहीं हुई है। आखिर प्रदेश के नौनिहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ क्यों किया जा रहा है? बेसिक शिक्षा विभाग की तरह ही माध्यमिक शिक्षा विभाग की भी स्थिति है। जहाँ यूपी में 4512 सहायता प्राप्त माध्यमिक स्कूलों में 25 हजार से अधिक शिक्षकों के पद खाली हैं। हिन्दी, अंग्रेजी से लेकर गणित, विज्ञान समेत दूसरे विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की भारी कमी है।प्रदेश भर सहायता प्राप्त माध्यमिक स्कूलों में सहायक अध्यापक (टीजीटी) के स्वीकृत 70803 पदों में से 20999 पद खाली हैं। वहीं प्रवक्ता के स्वीकृत 22220 पदों के सापेक्ष 4703 पद खाली हैं। प्रधानाचार्य व प्रधानाध्यापकों के 4512 पद में से 2833 पद खाली हैं। विपिन ने छात्रों की ओर से बात रखते हुए बताया कि योगी सरकार ने पिछले 7 सालों में कोई भर्ती नहीं निकाली है, जबकि हर साल करीब 2 लाख प्रशिक्षु ट्रेनिंग ले रहे है। शिक्षक भर्ती न होने से न केवल प्रदेश के प्रशिक्षु युवाओं का शिक्षक बनने का सपना टूट रहा है बल्कि प्रदेश के नौनिहालों का भविष्य भी बर्बाद हो रहा है।

# आयुष्मान योजना के तहत अस्पतालों ने किया 10 करोड़ का घोटाला : संजय सिंह

### आप सांसद ने कहा, घोटाला करने वाले दोषियों को बचाने का काम कर रही योगी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बीते 4 दिन पहले प्रेसवार्ता कर आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी सांसद संजय सिंह ने केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना के तहत करोड़ों को घोटाला उजागर किया था जिसमें 39 अस्पताल दोषी पाए गए हैं। आप सांसद ने आरोप लगाते हुए कहा कि कार्यवाही के नाम पर सरकार दोषी पाए गए कुछ अस्पतालों से रिकवरी के नाम पर दोषियों को बचाने का काम कर रही है। कई अस्पतालों से सरकार अभी तक रिकवरी भी नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार बेहद कमजोर सरकार है। स्वास्थ्य व्यवस्था का बहुत बुरा हाल है। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बताया था कि केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना में 6,239 मरीजों के नाम से 10 करोड़ रुपए डकार लिए गए । 6239 लोगों के नाम, उनके कार्ड और उनकी बीमारी का जिक्र करके 39 अस्पतालों में पैसा ट्रांसफर करके 10 करोड़ रुपए का घोटाला कर लिया गया। न मरीज का इलाज हुआ और 6,239 घोस्ट मरीजों के नाम पर मात्र 22 दिन में 10 करोड़ रुपए का घोटाला कर लिया गया। सांसद संजय सिंह ने कहा कि आयुष्मान योजना के नाम पर सत्ता संरक्षित अस्पताल बड़े पैमाने पर घोटाला कर रहे है और जनता की गाढ़ी कमाई की बंदरबाट हो रही है। प्रदेश भर में इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जनता के सामने हजारों करोड़ों का घोटाला सामने आएगा।

# ग्राम मांझा दरियाबुर्द एवं बाढ़ शरणालय का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

### सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के दिये निर्देशग्राम वासियों से बाढ़ के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में ली जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । संभावित बाढ़ के दौरान राहत व बचाव कार्यों के प्रभावी संचालन के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद के साथ विकास खण्ड शिवपुर अन्तर्गत ग्राम मांझा दरियाबुर्द के निवासियों से मिलकर बाढ़ के दौरान आने वाली समस्याओं की जानकारी लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये और कहा कि घाघरा और सरयू नदियों संगम स्थल होने के कारण यहां पर बाढ़ सबसे पहले दस्तक देती है अतः सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत इस तरह से तैयारियों को अंजाम दे कि बाढ़ आने की स्थिति में ग्राम वासियों को किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौजूद खण्ड विकास अधिकारी शिवपुर अनुष्का श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार, एमओआईसी, पशु चिकित्साधिकारी व सरयू ड्रेनेज खण्ड के अधिकारियों से की जा रही तैयारियों के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस दौरान डीएम ने मौजूद ग्रामवासियों से नियमित टीकाकरण तथा पशुओं के उपचार एवं टीकाकरण तथा पूर्व में आयी बाढ़ के दौरान विभिन्न प्रकार की क्षति के सापेक्ष हुए भुगतान इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि गांव में टीकाकरण का कार्य किया गया है। वर्तमान समय पर एएनएम गांव में लक्षित वर्ग का टीकाकरण कर रही हैं। डीएम ने पशु चिकित्साधिकारी को पशुओं के टीकाकरण समय से कराये जाने के भी निर्देश दिये। ग्राम मांझा दरियाबुर्द सरयू व घाघरा नदी का मिलाप स्थल होने के कारण बाढ़ के लिए अत्यन्त संवेदनशील क्षेत्र है। डीएम ने बीडीओ व ग्रामवासियों से नदी के जल स्तर के बारे में जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि वर्तमान में जलस्तर बिल्कुल सामान्य है। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को भ्रमणशील रहकर स्थिति पर नज़र रखने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ शरणालय केवलपुर का भी निरीक्षण किया और बीडीओ व नायब तहसीलदार से शरणालय के निर्माण के सम्बंध में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम मोनिका रानी ने एमओआईसी शिवपुर को निर्देश दिया कि इस क्षेत्र की ऐसी गर्भवती महिलाओं जिनके यहां माह जून से लेकर अगस्त माह तक प्रसव की संभावना है, उनकी सूची तैयार कर लें ताकि बाढ़ के दौरान किसी प्रकार की आपात कालीन स्थिति में उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधा अथवा सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा सके। डीएम ने ड्रेनेज खण्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस क्षेत्र में ही सुरक्षित स्थान पर अस्थाई बाढ़ राहत शिविर तथा प्रसाधन इत्यादि की ऐसी मोबाइल सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समस्त तैयारियां पूर्ण कर लें ताकि बाढ़ से प्रभावित होने वालों को स्थानीय स्तर पर ही सुरक्षित ठिकाना मिल सके।

# आरएसएम संयुक्त चिकित्सालय मना विश्व रक्तदाता दिवस

**प्रमुख सचिव व महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य ने किया रक्तदान**

**प्रधानमंत्री की 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम के तहत रोपा चंदन का पौधा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





लखनऊ। प्रमुख सचिव,चिकित्सा स्वास्थ्य,परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने ''विश्व रक्तदाता दिवस'' पर आरएसएस हॉस्पिटल में आयोजित वृहद रक्तदान शिविर का उदघाटन किया।इस मौके पर प्रमुख सचिव,महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य व सीएमएस ने सबसे पहले रक्तदान किया।आयोजित रक्तदान शिविर में प्रमुख सचिव ने कहा कि 14 जून को पूरे विश्व में स्वैच्छिक रूप से नियमित रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं का सम्मान कर उन्हें धन्यवाद दिया जाता है। इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस का नारा है-''रक्त दें, आशा दें:साथ मिलकर हम जीवन बचाते हैं।''हम सबको इस स्लोगन का सम्मान करते हुए स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना होगा।इस मौके को खास बनाने के लिए मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री की मुहिम ''एक पेड़ मां के नाम'' के तहत लाल चंदन का पौधा रोप कर प्रत्येक मां को अपना सम्मान समर्पित किया।प्रमुख सचिव ने हॉस्पिटल का भ्रमण भी किया गया।उन्होंने नए एमएनसीयू वार्ड की प्रशंसा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए।इस अवसर पर विशेष अतिथि अपर निदेशक डॉ जी पी गुप्ता,चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ यूएस लाल,डॉ एसके सिंह,डॉ गिरीश पांडे,डॉ मुनीश कुमार,डॉ अशोक,डॉ अजीत,डॉ नमिता अवस्थी,डॉ मोना श्रीवास्तव,डॉ स्नेह लता त्रिपाठी,डॉ उबैद, डॉ अजित,चीफ फार्मासिस्ट राजेश झा,दिलीप,आलोक सिंह,महेश वर्मा,अरविंद श्रीवास्तव,हॉस्पिटल मैनेजर डॉ अभिषेक सहित अन्य चिकित्सक और कर्मचारी उपस्थित थे।हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ वी.के.शर्मा ने बताया कि रक्तदान-रक्तकोष का कार्य बलरामपुर चिकित्सालय की टीम के द्वारा किया गया। इस मौक़े पर 150 लोगों ने रक्तदान के लिए अपना पंजीकरण कराया। इसमें से 74 लोगों को रक्तदान के लिए चुना गया।इन सबने स्वैच्छिक रक्तदान किया।इसमें राम सागर मिश्र हॉस्पिटल के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों,राजेन्द्र नर्सिंग कॉलेज,बोरा नर्सिंग कॉलेज,समर्पण नर्सिंग कॉलेज व एसएम नर्सिंग कॉलेज के बच्चों ने भी रक्तदान किया।

# कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग विभाग ने किया भागीदारी न्याय महासम्मेलन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के प्रांगण में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय की अध्यक्षता में पिछड़ा वर्ग विभाग का भागीदारी न्याय महासम्मेलन आयोजित हुआ। उप्र कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज यादव ने सम्मेलन का संयोजन किया। सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन डॉ0 अनिल जयहिन्द ने कहा कि देशभर के 90 प्रतिशत पिछड़े, दलित आदिवासी, अल्पसंख्यक समाज के साथ प्रतिदिन शोषण हो रहा है। उनके शोषण का प्रमखु कारण आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा, सभी संवैधानिक संस्थाओं के सभी स्तर के पदों में आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी ना होना। देश के सभी संसाधनों में हिस्सेदारी ना होना। जननायक राहुल गांधी के नेतृत्व में निश्चित रूप से बहुजन समाज के लोगों को हिस्सेदारी और न्याय मिलेगा। आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी का वक्त अब आ चुका है जिसे अब दुनिया की कोई भी ताकत नहीं रोक सकती है। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव अविनाश पाण्डेय ने कहा कि 2025 का वर्ष कांग्रेस पार्टी का संगठन सृजन का वर्ष है। सामाजिक न्याय संगठन सृजन का प्रमुख आधार बिंदु है। संगठन के सभी स्तरों में सभी वर्गों के लोगों को उनकी आबादी के अनुपात में पद और जिम्मेदारी देने के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। प्रदेश में कांग्रेस पार्टी प्रदेशभर में शोषित, वंचित समाज के लोगों की आवाज बनेगी। उन्होंने बहुजन समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि पार्टी में जुड़कर कांग्रेस के भागीदारी न्याय आंदोलन को सफल बनांए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि सभी वर्गों का हित तभी सुरक्षित है जब संविधान सुरक्षित और मजबूत रहेगा। इसलिए सभी वर्गों का यह दायित्व है कि हमस ब मिलकर संविधान को मजबूत करें ताकि देशभर में फैले आर्थिक असामानता, जातीय शोषण, सांप्रादायिकता को जड़ से समाप्त किया जा सके। हमें यकीन नहीं है कि भाजपा जातिगत जनगणना सही तरीके से लागू करेगी।

# निगोहा थाने से चंद कदम की दूरी पर चोरी की घटना को दिया अन्जाम, पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

**सीसीटीवी में कैद हुई घटना**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





निगोहा, लखनऊ। निगोहा थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि उन्होंने थाने से महज सौ मीटर की दूरी पर चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। हाईवे किनारे स्थित एक दोपहिया वाहन मैकेनिक राजेश गुप्ता पुत्र स्वर्गीय राम दुलारे की दुकान के सामने लगे जनरेटर की मोटर चोर खोलकर फरार हो गए। चौंकाने वाली बात यह रही कि यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में साफ तौर पर कैद हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह घटना रात लगभग 4 बजे की है, जब चोर बिना किसी डर के आए और मोटर खोलकर फरार हो गए। पीड़ित द्वारा तुरंत पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन काफी देर तक कोई पुलिस कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा।इस लापरवाही ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। थाने के इतने करीब चोरी हो जाना और पुलिस का समय पर न पहुंच पाना, आम जनता की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाता है।हालांकि, इस मामले में निगोहा थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया है कि चोरी की घटना की तहरीर प्राप्त हुई है। उस पर अमल किया जा रहा है और पुलिस टीम लगातार छानबीन कर रही है। जल्द ही चोरी करने वाले चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।स्थानीय लोगों को अब उम्मीद है कि पुलिस जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़कर कड़ी कार्रवाई करेगी और क्षेत्र में सुरक्षा बहाल करेगी।

# तमाम जनसमस्याओं के निराकरण के लिए भाकियू संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बंथरा, लखनऊ। भाकियू संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सूर्यभान शांडिल्य के नेतृत्व में शनिवार को जन समस्याओं को लेकर थाना प्रभारी बंथरा के माध्यम से पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जनमानस को सही न्याय न मिल पाना एवं एकपक्षीय करवाई होना, क्षेत्र में खुलेआम मांस की अवैध दुकानों का खुलना एवं बाजारों में खुले में ही मांस काट कर बेंचा जाना, क्षेत्र में अवैध रूप से ताड़ी के नशीले कारोबार,पर रोक, जुंआरियो की सक्रियता जिसके कारण क्षेत्र में चोरी, लूट झिनैती जैसी गंभीर घटनाएं घटित होती रहती है इसके अलावा लव जिहाद,धर्मांतरण जैसी घटनाओं पर त्वरित होने की मांग की है। इस दौरान संगठन के कृष्णपाल प्रजापति प्रदेश अध्यक्ष (सांस्कृतिक विभाग), संतोष सिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष (प्रचार विभाग), सुरेश कुमार कनौजिया प्रदेश अध्यक्ष (शिक्षक संघ), चांदनी प्रदेश अध्यक्ष (महिला शक्ति),रामलाल गौतम, राममिलन रावत,राजू रावत,दिनेश गौतम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हैदर कैनाल के किनारे बनेगी हरी-भरी ग्रीन वैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी लखनऊ के जोन-6 में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। हैदर कैनाल के किनारे जल्द ही हरी-भरी ग्रीन वैली साकार होगी जहां देसी पेड़-पौधों की छांव में लोग सुकून के पल बिता सकेंगे। इसके साथ ही कैफ़ेटेरिया और इंटरटेन्मेंट जोन भी विकसित किया जाएगा, जो शहर वासियों के लिए मनोरंजन का नया केंद्र बनेगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शनिवार को जोन-6 में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कालीदास चौराहे से डीजीपी आवास तक 950 मीटर लंबे हैदर कैनाल को 20 करोड़ रुपये की लागत से नया रूप दिया जा रहा है। इसमें आरसीसी नाले का निर्माण, स्लोप पर स्टोन पिचिंग, सुरक्षा के लिए रेलिंग और दोनों ओर पाथ-वे का निर्माण शामिल है। कैनाल के किनारे खाली पड़ी जमीन को ग्रीन स्पेस में बदला जाएगा, जहां देसी प्रजातियों के पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। आकर्षक बागवानी कार्य, गार्ड रूम, टॉयलेट ब्लॉक, सिटिंग एरिया, कैफ़ेटेरिया और इंटरटेन्मेंट जोन के लिए आरएफपी तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। यह स्थल भविष्य में लखनऊ वासियों के लिए पिकनिक और मनोरंजन का पसंदीदा ठिकाना बनने की उम्मीद है। एलडीए उपाध्यक्ष ने 1090 चौराहा (बालू अड्डा) से डीजीपी आवास तक बन रही 920 मीटर लंबी बंधा रोड का भी जायजा लिया। 3.6 करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस सड़क को 10 दिनों में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। यह सड़क चालू होने के बाद 1090 चौराहे पर ट्रैफिक का दबाव कम करेगी और लोगों को आवागमन का एक वैकल्पिक मार्ग मिलेगा, जिससे यातायात सुगम होगा।बटलर झील में शुरू होगी जलापूर्ति। बटलर झील के सौंदर्यीकरण कार्य भी अंतिम चरण में हैं। यहां कैफ़ेटेरिया, गजीबो, पेडेस्ट्रियन ब्रिज, व्यूइंग डेक, पाथ-वे, लाइटिंग और बागवानी के कार्य पूरे हो चुके हैं। डालीबाग एसटीपी से ट्रीटेड वॉटर की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने का काम तेजी से चल रहा है। उपाध्यक्ष ने 10 दिनों में पाइपलाइन कनेक्शन पूरा कर झील में जलापूर्ति शुरू करने के निर्देश दिए। प्रथमेश कुमार ने बटलर पैलेस में चल रहे फसाड और सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। पहले चरण का काम एक सप्ताह में पूरा कर दूसरे चरण को शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद उन्होंने गोमती नगर स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल का दौरा किया, जहां फ़ेस रिकग्निशन मशीन और रजिस्टर के जरिए कर्मचारियों की हाजिरी चेक की गई। उपस्थिति संतोषजनक पाई गई।निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा, जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। ये विकास कार्य लखनऊ को और सुंदर, सुविधाजनक और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

# समाचार पत्र वितरक की अचानक तबियत बिगड़ने से मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा। क्षेत्र के अंबरपुर गांव निवासी समाचार पत्र वितरक कृष्ण कुमार पुत्र नन्हे 42 वर्ष की शनिवार की सुबह अचानक तबियत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक कृष्ण कुमार शनिवार की सुबह घर से साइकिल लेकर अखबार बांटने निकले थे। मेमौरा पहुंचने पर उनकी कुछ तबियत खराब हो गई। वह यहां बालक राम के दरवाजे के सामने पड़े तख्त पर लेट ग?ए। कुछ ही देर बाद उनकी मौत हो गई। घरवालों ने बताया कि कृष्ण कुमार के दो-तीन दिनों से बुखार भी आ रहा था। बंथरा पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर मृतक के शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कृष्ण कुमार के परिवार में अब उनकी पत्नी पुष्पा के अलावा दो बेटे शनि और आशीष हैं। परिजनों को कृष्ण कुमार की अचानक मौत से गहरा सदमा लगा है।

## हर तीसरा व्यक्ति फैटी लिवर की बीमारी से ग्रसित

लखनऊ। फैटी लिवर रोग आधुनिक युग की एक तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या है। भारत में हर तीसरा व्यक्ति फैटी लिवर की बीमारी से प्रभावित है। फैटी लिवर रोग के गंभीर रूप को नॉन-अल्कोहलिक स्टेटो-हेपेटाइटिस (नैश) के नाम से जाना जाता है। आम लोगों में फैटी लिवर रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व स्तर पर हर साल जून के दूसरे गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय नैश दिवस मनाया जाता है। यह जानकारी केजीएमयू के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर सुमित रूंगटा ने दी। एसजीपीजीआई के हेपेटोलॉजी विभाग में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय नैश दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एसजीपीजीआईएमएस के निदेशक प्रोफ़ेसर आरके धीमान, एसजीपीजीआईएमएस के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हर्षवर्धन और हेपेटोलॉजी के विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर अमित गोयल ने किया।

# कुम्हरावां में विकसित भारत मण्डल संकल्प सभा का हुआ आयोजन

## पूर्व प्रदेश मंत्री ने किया संबोधित

कैनविज टाइम्स संवाददाता






बीकेटी,लखनऊ । देश की मोदी सरकार के ऌसेवा,सुशासन,गरीब कल्याण के 11 सालऌ पूर्ण होने पर शनिवार को बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के कुम्हरावां में आयोजितऌविकसित भारत मण्डल संकल्प सभाऌमें मुख्य अतिथि पूर्व दर्ज़ा प्राप्त राज्य मंत्री एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश मन्त्री वीरेंद्र तिवारी ने रहकर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश ने बीते 11 वर्षों में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के मार्ग पर ऐतिहासिक प्रगति की है उनके मजबूत और निर्णायक नेतृत्व में भारत ने हर चुनौती का सामना करते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का साहस दिखाया है हमारे जवानों के वीरता से सीमा सुरक्षित है और वृश्चिक अनिश्चितताओ के बीच भारत एक उभरती हुई वैश्विक आर्थिक शक्ति बन चुका है।उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों के दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे कदमों से ही जन्म लिंग अनुपात को प्रति 1000 पुरुषों पर 1020 महिलाओं तक सुधारा है। महिलाओं को सेना में स्थाई कमीशन मिला है मातृत्व अवकाश 12 से बढ़कर 26 सप्ताह किया गया है और तीन तलाक को खत्म किया गया है।जन भागीदारी से 10 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूह में जुड़ी है जिसमें तीन करोड़ लखपति दीदियों का लक्ष्य साकार हो रहा है।भारत अब उधार लेने वाला देश नहीं बल्कि सॉल्यूशन देने वाला राष्ट्र बन चुका है कोरोना महामारी के दौरान भारत में ही कोविड वैक्सीन का भारत के वैज्ञानिकों द्वारा बनाया गया देश में सभी लोगों को मुफ्त में वैक्सीन का टीका लगाया गया और विदेशों में वैक्सीन भेजा गया।श्री तिवारी ने ऌसुरक्षित,समर्थ,सशक्त,विकसित भारतऌ बनाने का सामूहिक संकल्प सभी लोगों को दिलाया।विशिष्ट अतिथि निवर्तमान जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतोदय की नीति को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने सुनिश्चित किया है कि विकास का लाभ सबसे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजना के तहत अब 81 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त में अनाज मिल रहा है भारत स्वच्छ भारत अभियान के तहत 12 करोड़ शौचालय बनाकर करोड़ों लोगों को गरिमा और स्वास्थ्य मिला है मुद्रा योजना ने एससी-एसटी,ओबीसी उद्यमियों को सशक्त बनाया है और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ने 68 लाख स्ट्रीट वेंडर्स की मदद की है यह मोदी के नेतृत्व में अंत्योदय की एक क्रांति है जो हर जीवन में सम्मान और अवसर लेकर आई है।इस अवसर पर कुम्हरावा मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह,भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला महामंत्री सीताकांत वाजपेई,जिला मीडिया प्रभारी विवेक सिंह,पूर्व क्षेत्रीय आईटी सह संयोजक सचित्र यादव,किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अतुल मिश्रा,मंडल महामंत्री मायाराम रावत,राधेश्याम गुप्ता मंडल,उपाध्यक्ष उमेश पांडे,पूर्व मंडल अध्यक्ष विमलेश मिश्रा,युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अनूप सिंह,मंडल के सभी पदाधिकारी ग्राम प्रधान एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 6 वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी बुजुर्ग को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

लखनऊ,बंथरा । थाना क्षेत्र में एक छः वर्षीय बच्ची को चंद रुपए व आम का लालच देकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले 81 वर्षीय आरोपी बुजुर्ग को बंथरा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बंथरा थाना क्षेत्र के औरांवा मोड़ के पास मिली सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी देवान को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी देवान उम्र करीब 81वर्ष बंथरा थाना क्षेत्र के हरौनी का रहने वाला है।पुलिस की पूछताछ में बताया कि वह बच्ची को गोद में लेकर खिला रहा था लेकिन उससे गलती हो गई। बताते चलें के बंथरा थाना क्षेत्र में 8 जून को छः वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का आरोप उसकी मां ने 81 वर्षीय बुजुर्ग पर लगाया था। पीड़ित बच्ची की मां का आरोप था कि जब वह घर पर नहीं थी तब 20 रुपये व आम का लालच देकर उनकी बच्ची को बुजुर्ग ने अपने घर ले जाकर दुष्कर्म किया और वह जब वापस लौटकर घर आई तब बच्ची ने दर्द की शिकायत करते हुए घटना की जानकारी दी उसके बाद आरोपी से इस बात का विरोध किया तो आरोपी के पुत्र गंगासागर ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद शुक्रवार को पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# थाना समाधान दिवस : कोतवाली सदर में सीडीओ ने सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी, जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।

समाधान दिवस में सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। सीडीओ ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# गुरु अर्जुन देव के शहीदी पर्व पर मीठे जल की सेवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## रस्यौरा-दारानगर में सिख संगत का सराहनीय आयोजन



सीतापुर। गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस के पावन अवसर पर रस्यौरा, दारानगर क्षेत्र में सिख समुदाय द्वारा सेवा भावना का अद्‌भुत उदाहरण प्रस्तुत किया गया। क्षेत्रीय सिख संगत द्वारा टेंट लगाकर राहगीरों के लिए मीठे जल (शरबत) की सेवा की गई, जिसमें सैकड़ों राहगीरों ने भाग लेकर गर्मी में राहत की अनुभूति की।यह सेवा सुबह से ही शुरू हो गई थी और दिनभर निरंतर चलती रही। सेवा में स्थानीय युवाओं, महिलाओं व बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। राहगीरों ने न केवल ठंडे शरबत का आनंद लिया, बल्कि सिख धर्म की सेवा परंपरा की भी सराहना की।सेवा आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन गुरु अर्जुन देव जी के बलिदान की स्मृति में हर वर्ष किया जाता है। उन्होंने कहा कि गुरु जी ने मानवता, समानता और धर्म की रक्षा के लिए जो त्याग किया, वह हमें आपसी प्रेम, सहनशीलता और सेवा का संदेश देता है।इस अवसर पर संगत ने गुरु जी के उपदेशों को याद करते हुए समाज में भाईचारा, मानवता और शांति का संदेश फैलाने का संकल्प लिया।

# वादों के निस्तारण में थाना संग्रामपुर ने प्रथम स्थान किया हासिल

कैनविज टाइम्स संवाददात

## पुलिस अधीक्षक ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

अमेठी । पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के समस्त न्यायालय पैरोकारों के साथ गोष्ठी की गई और सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वादों के निस्तारण में थाना संग्रामपुर ने प्रथम, गौरीगंज द्वितीय के साथ ही पीपरपुर तीसरे स्थान पर रहा।पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन कन्विक्शन अभियान के अन्तर्गत अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कर न्यायालय में शीघ्र सजा कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा शनिवार को जनपद के समस्त न्यायालय पैरोकारों की गोष्ठी आहूत की गयी।वर्ष 2025 में इकतीस मई तक जनपद में हुये सजा की समीक्षा से पाया गया कि जनपद अमेठी में प्रभावी पैरवी के उपरान्त 283 वादो में 422 अभियुक्तो को न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गयी।वादों के निस्तारण में थाना संग्रामपुर प्रथम स्थान पर रहा इनके द्वारा 74 वादों में 131 अभियुक्तों को सजा करायी गयी।थाना गौरीगंज द्वितीय स्थान पर रहा, इनके द्वारा 61 वादों में 78 अभियुक्तों को सजा करायी गयी तथा थाना पीपरपुर तृतीय स्थान पर रहा इनके द्वारा 33 वादों में 46 अभियुक्तों को सजा करायी गयी। इन थानों के न्यायालय पैरोकारों को पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जनपद में कम सजा कराने वाले न्यायालय पैरोकारों को लम्बित वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक सजा कराने एवं लापरवाही न करने हेतु निर्देशित किया गया।गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा वादों की प्रभावी पैरवी कर समस्त गवाहों को समय से न्यायालय में प्रस्तुत करने व उनकी गवाही कराने तथा वह अभियोग जो काफी दिनों से अभियुक्त के न आने के कारण हाजिरी में चल रहे हैं, उनमें मा0 न्यायालय में पैरवी कर सम्मन, एनबीडब्ल्यू, कुर्की आदि की कार्यवाही नियमानुसार कराने हेतु निर्देशित किया गया एवं न्यायालय के समस्त पैरवी रजिस्टर को अद्यावधिक रखने तथा किसी भी तरह की असुविधा होने पर मानीटरिंग सेल व अभियोजन से सहयोग लेने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक दिनेश मिश्र, प्रभारी मॉनिटरिंग शाखा व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहें।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा बताया गया कि अपराधों में शीघ्र निस्तारण होने से आम जनमानस में विश्वास की भावना व अपराधियों में भय का वातावरण उत्पन्न होता है । हम सभी का प्रथम दायित्व है कि अभियुक्त के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कर वादों में शीघ्र निस्तारण करायें एवं अपराधियों को अधिक से अधिक सजा करायें।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के नाम पर अवैध खनन ग्रामीणों ने जेसीबी पकड़ी, पुलिस ने छोड़ा

## किसानों का प्रशासन पर गंभीर आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा खीरी । लखीमपुर खीरी जनपद के धौरहरा तहसील अंतर्गत अवैध खनन का मामला गरमाता जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि यह अवैध खनन भाजपा लखीमपुर जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के नाम पर हो रहा था। ग्रामीणों ने मौके पर रात में चल रही जेसीबी मशीन को पकड़ लिया और खनन अधिकारी के निर्देश पर उसे कफारा पुलिस चौकी को सौंप दिया। लेकिन सुबह पुलिस द्वारा मशीन को छोड़ दिया गया, जिससे नाराज सैकड़ों किसानों ने धौरहरा थाना समाधान दिवस में पहुंचकर तहसीलदार को प्रार्थना पत्र सौंपा और कार्यवाही की मांग की। जांच में यह खनन अवैध पाया गया, जो कि कथित रूप से पट्टेधारकों के खेतों में किया जा रहा था। प्रशासन ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है, लेकिन ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन शुरू करेंगे।

इस पूरे मामले में प्रशासन पर भाजपा जिलाध्यक्ष के दबाव में काम करने का आरोप भी लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह देखना बाकी है कि प्रशासन निष्पक्ष कार्रवाई करता है या सिर्फ जांच तक ही मामला सीमित रहता है।

सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस खनन में शैलेन्द्र वर्मा नामक व्यक्ति शामिल है, जो पूर्व में होलागढ़ गांव में एक वृद्ध चुन्नू लाल की हत्या के मामले में 14 माह की सजा काट चुका है। अब एक बार फिर से कथित सफ़ेदपोश नेताओं के संरक्षण में अवैध खुदाई कर रहा है। जब इसकी शिकायत की गई तो आरोप है कि उसने ग्रामीणों को धमकी दी और कहा कि वह भाजपा जिलाध्यक्ष के संरक्षण में काम कर रहा है।

वहीं इस प्रकरण के, मुख्य कर्ताधर्ता पंकज पाल के अनुसार यह खुदाई मत्स्य विभाग योजना के तहत उपजिलाधिकारी धौरहरा राजेश कुमार द्वारा मछली पालन के लिए दी गई जमीन पर हो रही है, और इसके लिए वैध पट्टे भी दिए गए हैं।

इस प्रकरण पर उप जिलाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि 1 वर्ष पूर्व मछली पालन के पट्टे हुए थे अगर वही कार्य हो रहा है तो सही है अन्यथा इस पर अवैध खनन पर कार्यवाही की जाएगी।

# हेल्पलाइन 1962 बनी पशुपालकों की संजीवनी

## घर बैठे मिल रही पशुओं को इलाज की सुविधा, ग्रामीणों में खुशी की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश सरकार की पहल पर चल रही मोबाइल वेटरिनरी यूनिट योजना अब पशुपालकों के लिए वरदान साबित हो रही है। टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करते ही पशुचिकित्सा टीम गांव में पहुंचकर बीमार पशुओं का इलाज करती है। ग्राम अहिरिफिरोजपुर, ब्लॉक अखंडनगर निवासी गुलशन यादव ने जब अपने भैंस को बेला निकलने की जानकारी हेल्पलाइन पर दी, तो कुछ ही देर में मोबाइल वेटरिनरी टीम उनके दरवाजे पर थी। टीम में मौजूद डॉ. रोहित कुमार धुरिया, पैरावेट देवेंद्र पांडेय और चालक राजेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर भैंस की जांच की और तत्काल उपचार शुरू किया। पहले भी इस सेवा का लाभ ले चुके गुलशन यादव ने सरकार की इस योजना के प्रति आभार जताया।

**दूर दराज गांवों में मिल रही संजीवनी सेवा**

राज्य सरकार द्वारा संचालित यह योजना खासतौर पर ग्रामीण व दूरस्थ इलाकों के लिए वरदान बनकर उभरी है, जहां पशु चिकित्सालयों की पहुंच कठिन होती है। ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज द्वारा संचालित इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के पशुधन को समय पर इलाज उपलब्ध कराना है, ताकि उनका स्वास्थ्य ठीक रहे और पशुपालकों को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके। अब तक हजारों पशुपालक इस सेवा का लाभ ले चुके हैं और योजना की वजह से प्रदेश में पशुओं की देखभाल में बड़ा सुधार देखने को मिला है।

# इसौली विधान सभा के साथ भाजपा सरकार नहीं कर रही न्याय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास की बात अवश्य करती है लेकिन जहां पर धरातल पर सच्चाई के साथ कार्य करने की बात आती है वहां पर भेदभाव देखा जा रहा है। ताजा मामला विधान सभा इसौली का है जहां पर पीडब्लूडी और निर्माण खंड 3 से बनने वाली सड़कों का है। शासन को भेजी गई कार्ययोजना में इसौली विधायक मो ताहिर खान के द्वारा भी नवीन सड़कों के निर्माण के लिए प्रस्ताव विभाग और जिलाधिकारी सुल्तानपुर को उपलब्ध कराया गया था। अलग अलग योजनाओं में इसौली में नवीन निर्माण के लिए सड़कों को जनपद स्तर पर चुनकर कार्ययोजना में शामिल करते हुए प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। इसौली विधान सभा के विकास और आम जनमानस की सहूलियत के लिए विधायक प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग अजय चौहान से उनके कार्यालय में मुलाकात भी की थी और प्रमुख सचिव द्वारा सड़कों के निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान करने की बात भी कहीं गई थी लेकिन जून 2025 में लोक निर्माण विभाग द्वारा सुल्तानपुर के चार विधान सभा की सड़कों के निर्माण के लिए आगणन विभाग से मांगा जिसमें इसौली विधान सभा से एक भी सड़क निर्माण के लिए आगणन नहीं मांगा गया। इससे ये साफ जाहिर होता है कि भाजपा का सबका साथ सबका विकास की बात सिर्फ नाम के लिए है न की धरातल पर मूल रूप में है। सुल्तानपुर में चार विधान सभा में भाजपा के विधायक हैं जबकि इसौली से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ने जीत हासिल की है। जब इसौली विधायक मो ताहिर खान से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने अवगत कराया कि मेरी प्रमुख अभियंता शर्मा जी से इस भेदभाव के संदर्भ में बात की गई है। श्री शर्मा ने विधायक को आश्वस्त किया है कि आगे इसौली की भी प्रमुख सड़कों के निर्माण पर विचार किया जाएगा । विधायक ने कहा कि इसौली की जनता ने मुझे चुनकर अपना प्रतिनिधि बनाया है।

## वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी । पुलिस अधीक्षक खीरी, सकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना फूलबेहड़ के नेतृत्व में आज दिनांक-14.06.2025 को थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त हुकुम सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी पयाग टांडा थाना फूलबेहड जनपद खीरी थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी उम्र करीब 40वर्ष सम्बन्धित मु0सं0 2525/19 धारा 60(2) क्ष् इद्द मा0 न्यायालय ए0सी0जे0एम0 प्रथम लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा रहा है गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम व0उ0नि0 सोबरन सिंह, थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी । का0 सुनील कुमार, थाना फूलबेहड जनपद खीरी ।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी । पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष भीरा के नेतृत्व में आज दिनांक-14.06.2025 को थाना भीरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 229/25 धारा 191(2)/191(3)/190/115(2)/352/ 351(2)/ 125/109 (1) उगट्ट से सम्बन्धित 01 नफर वाँछित अभियुक्त महताब उर्फ मोहम्मद यार पुत्र जमील अहमद उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम मुड़िया हेमसिंह थाना भीरा जनपद खीरी को ग्राम मुडिया हेमसिंह से गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तार शुदा वांछित अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया करने वाली पुलिस टीमः- उ0नि0 ब्रजेश कुमार सिंह थाना भीरा जनपद खीरी का0 मोहित कुमार थाना भीरा जनपद खीरी का0 हरेन्द्र सिंह थाना भीरा जनपद खीरी .का0 अंकित पवार थाना भीरा जनपद खीरी ।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर 41 आरोपित शांति भंग में गिरफ्तार

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर जनपद के विभिन्न थाना पुलिस टीम द्वारा शनिवार को शांति व्यवस्था भंग करने में 41 आरोपित व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

# अखिल भारतीय बाल बचाव एवं किशोर श्रम उन्नमूलन एव बाल भिक्षावृत्ति व बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरुकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध अभियान के अनुक्रम में किशोर श्रम उन्मूलन, बाल भिक्षावृत्ति व बाल विवाह रोकथाम अभियान के अंतर्गत आज पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी एवं नोडल अधिकारी थाना एएचटी खीरी महोदय के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक रामअवतार प्रभारी थाना एएचटी हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र कुमार व चाइल्ड लाइन खीरी से अंजुम परवीन ,श्रम विभाग से मोहम्मद रिजवान की संयुक्त टीम की मौजूदगी में ग्राम कैमा खुर्द थाना नीमगांव में एम ट्रस्ट स्वयं सेवी संस्था द्वारा बालिकाओं की शिक्षा एवं सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने हेतु आयोजित कार्यशाला में किशोरी एवं बालिकाओं एवं उपस्थित जनमानस को बल श्रम बाल विवाह , बाल भिक्षावृत्ति मानव तस्करी रोकथाम के संबंध में जागरूक किया गया तथा बेहजम छाउछ एलआरपी कोतवाली सदर क्षेत्र में होटल ढावा दुकानदारों को बताया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए ऐसा करना दंडनीय अपराध है आम जनमानस को इस संबंध में जागरूक किया गया व इमरजेंसी सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्प लाइन नंबर 1090, 1098, 1076, 112,108,181 आदि के संबंध में जानकारी दी गई।

# सीएमओ के संरक्षण में चल रहे हैं दर्जनों अवैध पैथालॉजी एवं नर्सिंग होम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## संचालको की सीएम ओं से है अच्छी पकड़

## कमीशन खोरी के चलते नहीं हो रही है कार्यवाही

## स्वास्थ्य मंत्री का आदेश सिर्फ दिखावा साबित हो रहा

सुल्तानपुर। जिले में अवैध पैथालॉजी तथा अवैध नर्सिंग होम सीएमओ के संरक्षण में चल रहे है प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री का आदेश भी स्वास्थ्य महकमें के लिए बेमानी साबित हो रहा है। बता दे कि जनपद सुल्तानपुर में कई दर्जन अवैध पैथोलॉजी तथा अस्पताल नर्सिंग होम बिना लाइसेंस के धडल्ले से चल रहे हैं लेकिन इन्हें रोकने के लिए स्वास्थ्य मंत्री का आदेश तो है लेकिन अनुपालन हो पाना मुश्किल है क्योंकि अवध पैथोलॉजी एवं अस्पताल नर्सिंग होम के संचालको की पकड़ जिले के सीएमओ से है पैथोलॉजी एवं अस्पताल नर्सिंग होम को चलाने के लिए चाहे मानक पूरा हो या ना हो कोई फर्क नहीं पड़ता संचालक बस सीएमओ साहब का ख्याल रखें।

बल्दीराय तहसील क्षेत्र अवैध पैथोलॉजी एवं नर्सिंग होम का गढ बनता जा रहा है यहां तो मानक के विपरीत पैथोलॉजी एवं नर्सिंग होम खुलेआम चलाए जा रहे हैं मरीज से धना दोहन किया जा रहा है सूत्र बताते हैं कि बल्दीराय तहसील धनपतगंज क्षेत्र के देहली बाजार बहुरांवा बल्दीराय पारा बाजार अरवल वलीपुर बघौना बाजार सहित कई बाजारो में दर्जनो अवैध पैथालाजी एंव अवैध नर्सिंग होम अस्पाताल खुलेआम चल रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि बघौना बाजार में तो विगत एक दशक से एक कमरे में बिना किसी सुविधा के ऑपरेशन रूम तैयार करके कई-कई महत्वपूर्ण ऑपरेशन किया जा रहे हैं। विगत वर्ष पूर्व स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी जांच भी की लेकिन मामला कहां सेटिंग हो गया किसी को नहीं पता यही हाल पारा बाजार का है यहां तो स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही की हद हो गई है फर्जी तरीके से चल रहे पैथोलॉजी एवं नर्सिंग होम के संचालक अपने को डिग्री धारक बताकर मरीज से आए दिन इलाज के नाम पर धना दोहन कर रहे है कई बार जांच की गई लेकिन संचालकों की पकड़ के आगे स्वास्थ्य महकमे की कार्यवाही भी शून्य हो जाती है।


आखिर जिले के सीएमओ साहब अवैध नर्सिंग होम एवं पैथोलॉजी पर क्यों रहम दिली दिखा रहे हैं फिलहाल बल्दीराय तहसील क्षेत्र में चल रहे अवैध पैथोलॉजी एवं नर्सिंग होम अस्पताल स्वास्थ्य विभाग की मानक के अनुरूप नहीं है अवैध होते हुए भी सीएमओ के संरक्षण में खुलेआम चल रहे हैं। कई लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि स्वास्थ्य विभाग के मंत्री के आदेश की बावजूद भी अगर खुलेआम अवैध पैथोलॉजी नर्सिंग होम अस्पताल चल रहे हैं तो संचालकों एवं स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत होना तय है इसमें कमीशन खोरी का व्यापक खेल खेला जा रहा है। सरकारी अस्पतालों में हो रही असुविधा के चलते अवैध पैथोलॉजी एंव झोला छाप डाक्टर मालामाल हो रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से अभिलंब कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# जिलाधिकारी ने विश्व रक्तदान दिवस पर मंडलीय चिकित्सालय में रक्तदान कर कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**रक्तदान करने से किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचायी जा सकती है**

**रक्तदान करने वाले स्वस्थ रहें, मस्त रहें तथा भविष्य में और अधिक रक्तदान करते रहें**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने आज विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला मंडलीय चिकित्सालय परिसर में आयोजित स्वास्थ्य विभाग एवं सम्मानित स्वयंसेवी संगठन के सहयोग से आयोजित रक्तदान कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया तथा लोगों को रक्तदान करने की शपथ दिलाई गई।जिलाधिकारी ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मेडिकल टेक्नोलॉजी के अनुसार ऐसा माना जाता है कि एक यूनिट यानी 350 मिलीलीटर रक्तदान करने से लगभग 48 घंटे में आपके शरीर में रक्त रिकवर हो जाता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से पहले हेल्दी ब्रेकफास्ट कर लें तथा उसके बाद अच्छा लंच और डिनर करें तथा कोई भी तनाव पूर्ण काम न करें। उन्होंने कहा कि यदि आप किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित ना हो तो रक्तदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि मेडिकल टीम द्वारा रक्तदान करने के लिए कहा जाता है तो आप रक्तदान कर सकते हैं, जो अगले 48 घंटे में रिकवर हो जाता है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि आपके द्वारा जो रक्तदान किया जा रहा है, उसे किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाने में काम आएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन्होंने पहले रक्तदान किया है, जो आज रक्तदान कर रहे हैं तथा जो आगे रक्तदान करने की इच्छा रखते हैं, वह बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने वाले स्वस्थ रहें, मस्त रहें तथा भविष्य में और अधिक रक्तदान करते रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि अत्यंत खुशी की बात है कि समाज के व्यक्ति आगे जाकर रक्तदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत डॉक्टर, लैब टेक्नीशियन, सिटी स्कैन कर्मचारी एवं अन्य कर्मचारीगणों ने 20-20 बार रक्तदान किया है। उन्होंने कहा कि विशेष बात यह है कि मीडिया के लोग भी रक्तदान करने में आगे आ रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि अभी आपने रक्तदान करने की शपथ लिया है कि रक्तदान करेंगे, अपने साथी गणों से तथा समाज के लोगों से रक्तदान करने की अपील करेंगे और उन्हें प्रेरणा देना सुनिश्चित सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने कहा कि कुछ लोगों को भ्रम रहता है कि रक्तदान करने से कमजोर हो जाएंगे। उन्हें मैं बताना चाहता हूं कि जो स्वस्थ लोग हैं, उनके रक्तदान करने से 48 घंटे में ही बॉडी में रक्त रिकवर हो जाता है, इसका कोई साइड इफ़ेक्ट नहीं है।

## पोषाहार वितरण के लिए फ़ेस एथेंटिकेशन जरूरी : जिला कार्यक्रम अधिकारी

**रायबरेली।** जनपद के आंगनबाड़ी केन्द्रो पर पंजीकृत गर्भवती धात्री/महिलाओं तथा 6 माह से 06 वर्ष तक के बच्चों का पोषण ट्रैकर ऐप पर फ़ेस एथेंटिकेशन (चेहरा पहचान प्रणाली) करना अनिवार्य कर दिया गया है जिसमें समस्त लाभार्थियों की फ़ेस की फोटो तथा ई-केवाईसी की जाएगी। बिना फ़ेस एथेंटिकेट/ईकेवाईसी कराये पोषाहार के लाभार्थियो को पोषाहार नही दिया जायेगा। इस विषय में प्रमुख सचिव बाल विकास पुष्टाहार द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश निर्गत किए गए है, जिसमे स्पष्ट निर्देश है कि 01 जून 2025 से पुष्टाहार वितरण हेतु फ़ेस एथेंटिकेशन अनिवार्य होगा। इस कार्य 30 जून 2025 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए है। इसके क्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार सिंह द्वारा जनपद के समस्त सी.डी.पी.ओ, मुख्य सेविका तथा ब्लाक को-आर्डिनेटर की विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में समीक्षा बैठक कर इस कार्य को 30 जून तक अनिवार्यतः पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। फ़ेस एथेंटिकेशन का कार्य जनपद के समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आंगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा किया जाएगा। बैठक में समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविका, जिला समन्वयक एवं समस्त ब्लाक को-आर्डिनेटर उपस्थित रहे।

## फार्मेसी डिप्लोमा परीक्षा में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने के आरोप में दो गिरफ्तार



**आजमगढ़।** सरायमीर थाना पुलिस ने 13 जून को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सरायमीर में आयोजित डिप्लोमा इन फामेर्सी की परीक्षा में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया।प्रधानाचार्य संध्या मौर्या की शिकायत के अनुसार, परीक्षा के दौरान कक्ष निरीक्षण में कक्ष नंबर 05 में आशीष कुमार (पुत्र राजमन प्रसाद, रोल नंबर 2543372144001) को अनुप कुमार विश्वास के स्थान पर और कक्ष नंबर 08 में आदर्श गौड़ (पुत्र शिवकुमार गौड़, रोल नंबर 2543372144048) को अम्बरीष कुमार के स्थान पर परीक्षा देते पकड़ा गया। दोनों को मौके पर पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## फतेहपुर के 513 पुलिस अभ्यर्थियों को लखनऊ में मिलेगा नियुक्ति पत्र



**फतेहपुर ।** रिजर्व पुलिस लाइन्स में रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस आरक्षी भर्ती 2023 के चयनित अभ्यर्थियों को लखनऊ में प्रस्तावित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए जनपद से चयनित अभ्यर्थियों व लखनऊ ले जाने के लिए ड्यूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि जनपद से कुल 513 अभ्यर्थी चयनित हुए जिसमें 361 पुरुष एवं 152 महिला अभ्यर्थी हैं। कुल 13 बसों की व्यवस्था की गयी, जिसमें पुरुष अभ्यर्थी के लिए 08 तथा महिला अभ्यर्थी के लिए 04 तथा 01 बस को रिजर्व किया गया है। सुरक्षा के मददेनजर प्रत्येक बस में 01 उपनिरीक्षक तथा 01 आरक्षी व महिला आरक्षी की ड्यूटी लगायी गयी है। फ्लीट का नेतृत्व जाफरगंज क्षेत्राधिकारी दुर्गेश दीप द्वारा किया जा रहा है। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए आवश्यक वस्तुओं जैसे पानी की बोतल, ग्लूकोन-डी आदि अभ्यर्थियों को साथ रखने एवं प्रत्येक बस में फर्स्ट एड किट की व्यवस्था किया गया है।

## भाजपा ने हर नागरिक को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा : राजेन्द्र मौर्य

प्रतापगढ़ । जनपद के नगर पंचायत कोहड़ौर में शनिवार को केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत बैठक की गई। सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश ने विगत 11 वर्षों में संकल्प से सिद्धि तक की यात्रा तय की है एवं यह ध्येय यात्रा अनवरत जारी है। जिसका एकमात्र लक्ष्य है विकसित भारत का निर्माण। भाजपा ने हर नागरिक को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है।मण्डल अध्यक्ष विद्यासागर शुक्ल ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से नागरिकों का जीवन सरल हुआ है। मोदी सरकार की योजनाएं सीधे आम लोगों के जीवन से जुड़ी हैं।

# समस्याओं का करें गुणवत्तापरक निस्तारणः डीएम

**डीएम-एसपी ने थाना दिवस पर खीरों में सुनी लोगों की फरियाद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ थाना खीरों में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने राजस्व, आपसी रंजिस तथा महिला उत्पीड़न सहित अन्य शिकायते आईं। जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष तथा राजस्व अधिकारियों को इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किए जाने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकरण में जांच आदि की जरूरत हो तो अवश्य करें। समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि जांच पूरी तरह से निष्पक्ष, निर्भीक, पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ करें। दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर समस्याओं को निस्तारित कराने का निर्देश दिये। उन्होंने थाना दिवस रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर को भी देखा। कहा कि रजिस्टर में दर्ज विवादों को जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाए। इस अवसर पर एसडीएम लालगंज मिथिलेश त्रिपाठी सहित पुलिस विभाग के साथ राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महाराजा सुहेलदेव स्मृति द्वार से राजभर शब्द हटाने पर समाज के लोगों ने किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**वाराणसी ।** सारनाथ आकाशवाणी तिराहा के समीप स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मृति द्वार से राजभर शब्द हटा देख शनिवार को समाज के लोगों ने जमकर हंगामा किया। सूचना पाकर क्षेत्रीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस अफसरों के काफी समझाने और मामले की जांच कराने के आश्वासन पर लोग माने।महाराजा सुहेलदेव राजभर विजय दिवस के अवसर पर 10 जून को विधायक निधि से आकाशवाणी तिराहा के समीप राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव राजभर स्मृति द्वार का निर्माण किया गया। इसके निर्माण में 8.74 लाख रूपये की लागत आई। इसका उद्घाटन राज्यमंत्री रविन्द्र जायसवाल ने किया था। एक दो दिन पूर्व किसी असामाजिक तत्व ने स्मृति द्वार पर लिखे राजभर शब्द पर रैपर चिपका दिया। आज पूर्वांह में राजभर समाज के लोगों की नजर स्मृति द्वार पर पड़ी तो उनके आक्रोश फैल गया।राजभर युवा महासमिति के अध्यक्ष फागू लाल राजभर के अगुवाई में जुटे लोगों ने वहीं हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पाकर सारनाथ एसीपी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। अफसरों ने नगर निगम के कर्मियों की मदद से रैपर हटवाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नही मिली। समाज के आक्रोश को देख सारनाथ एसीपी ने उन्हें समझाया बुझाया।समाज के नेताओं ने इस पर कहा कि जल्द से जल्द असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर कार्रवाई नहीं की गई और 'राजभर' शब्द पुनः स्मृति द्वार पर अंकित नहीं किया गया, तो आंदोलन और तेज़ किया जाएगा।सुभासपा जिलाध्यक्ष उमेश राजभर ने कहा कि यह समाज के साथ अन्याय है। राजनीतिक साजिश के तहत हमारे समाज के इतिहास को मिटाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन राजभर समाज अब चुप बैठने वाला नहीं है।

# महाराजगंज कोतवाली परिसर में समाधान दिवस आयोजित

**एसडीम सचिन यादव की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 18 शिकायते प्राप्त हुई, जिनमें 15 राजस्व विभाग से संबंधित और तीन पुलिस विभाग से संबंधित रही**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन एसडीम सचिन यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान कुल 18 शिकायते प्राप्त हुई, जिनमें 15 राजस्व विभाग से संबंधित और तीन पुलिस विभाग से संबंधित रही। दो शिकायती पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष के लिए राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर रवाना कर दी गई है। एसडीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि, शेष सभी शिकायतें गुण दोष के आधार पर समय सीमा के अंदर निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, अन्यथा की दशा में अधिकारियों पर विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। आपको बता दें कि, एसडीम सचिन यादव ने कहा कि, सरकार की मंशा के अनुरूप संपूर्ण समाधान दिवस का लाभ लोगों को मिल सके, जिसके लिए संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। वादकारियों की शिकायत के निस्तारण में कोई लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने बताया कि, आज के थाना समाधान दिवस में कुल 18 शिकायत दर्ज की गई। जिसमें राजस्व विभाग से संबंधित 15, और पुलिस की 3 शिकायते प्राप्त हुई है। मौके पर दो शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है। शेष शिकायतों के लिए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर रवाना कर दी गई।

इस मौके पर कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव समेत विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# जनपद की डी रैंकिंग को ए में लाना ही हमारी प्राथमिकताः डीएम

**सभी विभागों को दिए ज़रूरी निर्देश : जिलाधिकारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कानपुर । मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण और निपुण परीक्षा आकलन की समीक्षा के दौरान पाया कि जनपद की रैंकिंग डी है, जिसे 31 जून तक ए ग्रेड में लाने के निर्देश दिए गए। यह बातें शनिवार को जिलाधिकारी जीतेन्द्र प्रताप पद्वद्वद्द्ध में नवीन सभागार में निर्माण कार्य और सीएम डैशबोर्ड विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक में कही।जिलाधिकारी ने कहा कि सी रैंकिंग वाले प्रोजेक्ट के अंतर्गत सहकारी दुग्ध समितियों के संबंध में नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। साथ ही इस बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।आधार सेंटर की संख्या बढ़ाने के निर्देशजिलाधिकारी ने जनपद में आधार सेंटर की संख्या बढ़ाकर 500 करने के निर्देश दिए। वर्तमान में 262 आधार केंद्र कार्यरत हैं। आधार अपडेशन के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपने आधार में पता, नाम, मोबाइल नंबर, फोटोग्राफ़्स, बायोमैट्रिक आदि अपडेशन करना आसान हो जाएगा।निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षाजिलाधिकारी ने एक करोड़ से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में आ रही किसी भी समस्या के संबंध में प्रतिदिन मुख्य विकास अधिकारी या उन्हें अवगत कराना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। प्रोजेक्ट मैनेजर सेतु निगम को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।फैमिली आईडी की प्रगतिजिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी, दिव्यांगजन अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, डीसी मनरेगा, डीडी एजी, बेसिक शिक्षा अधिकारी को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जून माह में फैमिली आईडी की लक्षित प्रगति प्राप्त नहीं की गई तो उनका जून माह का वेतन आहरित नहीं होगा।

# हमीरपुर में यमुना पुल पर दो दिन तक वाहनों की रहेगी नो इन्ट्री

**48 घंटे के लिए अब बंद किया गया कानपुर-सागर नेशनल हाइवे पीएनसी कंपनी ने यमुना पुल की मरम्मत को इंजीनियरों को लगाया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हमीरपुर । हमीरपुर शहर में यमुना पुल में शनिवार से सभी प्रकार के वाहनों की नो इन्ट्री लगाई गई है। पुल की कोठियों की बेयरिंग बदलने के लिए तकनीकी इंजीनियरों की टीम काम पर लगाए जाने से यहां कानपुर-सागर नेशनल हाइवे 48 घंटे तक बंद रहेगा। इस बीच हल्के और भारी वाहनों की आवाजाही के लिए रूट भी बदले गए है। परिवहन निगम की बसों और एम्बुलेंस सेवाओं के भी रास्ते बदले गए है जिससे कानपुर जाने का किराया भी अब ज्यादा बढ़ गया है। हमीरपुर जिला मुख्यालय के यमुना पुल में कंपन होने और इसकी तमाम कोठियों में तकनीकी कमियां आने पर पीएनसी ने इंजीनियरों की टीम के साथ आज यहां अड़तालीस घंटे के लिए डेरा जमाया है। इस पुल की मरम्मत का काम भी इंजीनियरों ने प्रारंभ करा दिया है जो कल रविवार तक चलेगा। पुल की मरम्म्त को लेकर आज तड़के सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पर सख्ती से रोक लगाई गई है। पुल से पहले बेरीकेडिंग कर पुलिस की मुस्तैदी की गई है। एडीएम फाइनेंस विजय शंकर तिवारी व ए.एसपी मनोज गुप्ता ने यमुना पुल के पास वाहनों की नो इन्ट्री लगाने के इंतजामों का जायजा लिया। एडीएम फाइनेंस ने शनिवार को शाम बताया कि इस पुल की मरम्मत का काम इक्कीस जुलाई 2025 तक चलेगा। इस अवधि में प्रत्येक सप्ताह के शनिवार और रविवार को यमुना पुल पूरी तरह से बंद रहेगा। हल्के और माल वाहकों के रूट बदले गए है। इधर हमीरपुर डिपो के एआरएम साहू ने बताया कि हमीरपुर से कानपुर की दूरी पहले पैंसठ किमी थी लेकिन यमुना पुल से आवाजाही बंद होने के कारण अब रोजवेज बसे कुरारा रोड से मनकी पुल, मूसानगर होते कानपुर जाएंगी जिससे पैंतीस रुपये अतिरिक्त किराया यात्रियों को वहन करना पड़ेगा। बता दें कि केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान की जांच रिपोर्ट में यमुना पुल के कंपन करने और कोठियों की बेयरिंग की खराबी का खुलासा होने से सेतु निगम और पीएनसी के अफसर सकते में आ गए है। जांच रिपोर्ट में इस पुल पर आवागमन बंद कर मरम्मत कराने की सिफारिश की की थी ।ट्रकों की भी बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से होगी आवाजाहीएडीएम फाइनेंस ने बताया कि राठ मार्ग, जलालपुर थाना क्षेत्र के मौरंग खदानों से आने वाले टर्कों को कदौरा होते हुए आगे निकासी कराई जा रही है साथ ही सुमेरपुर थाना क्षेत्र से मौरंग के ट्रकों को पंधरी बांदा होते हुए आगे जाने के लिए रूट का डायवर्जन किया गया है।

# प्रदेश की गद्दी पर अंबडेकरवादी को बिठाकर ही पहनेंगे मुकुट : चन्द्रशेखर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




झांसी। पहली बार बुन्देलखंड की हृदयस्थली वीरांगना भूमि झांसी में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में पहुंचे आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भीम आर्मी चीफ सांसद चंद्रशेखर आजाद ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की सियासत के लिए ताल ठोंक दी। उन्होंने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सत्ता में बैठे लोग चाहते हैं कि बहुजन समाज आगे न बढ़े। लेकिन अब हम अपने हक के लिए संगठित होंगे। उन्होंने बसपा सुप्रीमो मायावती पर तंज कसते हुए कहा कि उनसे महापुरुषों का आंदोलन आगे नहीं बढ़ रहा है। उन्होंने मंच से एलान किया कि अब वह किसी भी कार्यक्रम में मुकुट तब ही पहनेंगे जब प्रदेश की गद्दी पर अंबडेकरवादी को बिठाएंगे।शनिवार को वह स्थानीय विवाह घर में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद चन्द्रशेखर आजाद प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलनमें पहुंचे। समर्थक उनकी झलक पाने के लिए बेकाबू हो रहे थे। मंच पर पहुंचे सांसद ने भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए खुद ही माइक संभाला और बोले कि जो बहुजन वादी हैं वह अपने बगल में खड़े लोगों को जोर से दबाकर बिठा दें, जैसे पिछले कई दशक से सामन्तवादियों ने आपको दबाए रखा। उन्होंने कहा कि ये प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन इसलिए किया जा रहा है कि कुछ लोगों ने ब्राह्मणवादियों को ही प्रबुद्ध मान लिया है। हमें इसी मानसिकता से खुद को अलग करना है। हमारा मकसद बहुजन समाज बनाना है, जिसमें अंबेडकरवादी, अल्पसंख्यक, बौद्ध, जैसे, सिख और शोषित वर्ग शामिल है। उन्होंने बहुजन समाज पार्टी की नेता और पूर्व मुख्यमंत्री मंत्री मायावती के लिए कहा कि मैं उनका सम्मान करता हूं लेकिन अब उनसे महापुरुषों का आंदोलन नहीं बढ़ रहा है।

# मनरेगा में लूट सको तो लूट, कागज में चल रही मजदूरी, प्रधान, अफसर-दलाल काट रहे चांदी

**मनरेगा योजना के चैयपुरवा, परसियारानी, तिलका उड़िला, सरैया, रामापुर, उर्दीगोण्डा, देवापसिया, बस भरिया गाँव में मची है लूट-खसोट**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । विकासखंड पड़री कृपाल की ग्राम पंचायतों में लंबे समय से मनरेगा योजना में फर्जीवाड़े का तड़का लगाने में विख्यात हो चुके एपीओ के बारे में ग्राम पंचायतों के मनरे गा मजदूरों में आम चर्चा रहती है कि वह जिस गांव में तैनाती होती है वहीं पर मनरेगा मजदूरों के हितों को रौंदकर उनकी फ र्जी हाजिरी लगाकर बगैर काम किये ही उनकी फो टो अपलोड करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं।ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत चैयपुरवा,परसियारा नी,तिलका,उड़िला,सरैया,रामापुर,उर्दीगोण्डा, देवापसिया और बसभरिया का नाम प्रकाश में आया है जहां ऑनलाइन हाजिरी में फर्जी फोटो अपलोड करने से नहीं चूक रहें हैं।मिली जानकारी के अनु सार विकास कटरा बाजार की ग्राम पंचायतों में मनरेगा की हाजिरी बड़ा फर्जीवाड़ा हो रहा है।बान गी के तौर पर ग्राम पंचायत चैयपुर,देवापसिया,बसभरिया और तिलका श्रमिकों की हाजिरी के लिए लोगो एक जगह पर इकट्ठा खड़ा करके बिना कामकराए ही एक ही फोटो दर्शाकर काम का मस्टर रो ल अपलोड कर दिया गया है।ऐसा मामला ऑन लाइन पकड़ में आया है।वही हालत यह है कि का म कोई और करें और फोटो किसी और की अपलो ड हो रही है।सूत्र बता रहें है कि महिलाओं के नाम में पुरुषों की हाजिरी वाली फोटो दर्शाई जा रही है।यह हाजिरी ऑनलाइन में रोजगार सेवक या एपी ओ करते है।वही लोगों ने बताया कि हाजिरी मेंजमकर फर्जीवाड़ा हो रहा है।एक ही फोटो कई म स्टर रोल में अपलोड कर दी जा रही हैं।इस समयविकासखंड कटरा बाजार के चैयपुर गांव में जोरशोर से तालाब का सौंदर्य करण मिट्टी खुदाई, सम तलीकरण सहित अन्य काम चल रहा है।इसमें फ र्जीवाड़ा भी चल रहा है।वही विकासखंड कटरा बाजार के कई ग्राम पंचायतो में महिला और पुरुषों की जो हाजिरी पोर्टल पर अपलोड की गई।लेकिन पोर्टल पर बार- बार फोटो एक ही अपलोड कर क ई मस्टर रोल में काम दिखा दिया गया है।जो फोटो पोर्टल पर अपलोड की गई है।हम बात कर रहे हैं गोण्डा जनपद के कटरा बाजार विकासखंड की।जहाँ 47 ग्राम पंचायतो में मनरेगा योजना के तहत चक भूमि समतलीकरण,तालाब की खुदाई,तालाब सौंदर्याकरण आदि कार्य वर्तमान में संचालित है।मनरेगा की वेबसाइट के अनुसार इन 116 कार्यों में कुल 2641 मजदूरों की प्रतिदिन हाज़िरी लग र ही है।प्रति श्रमिक 252 रुपये के हिसाब से प्रतिदि न 6,6 5,532 /- रुपए रोजगार के नाम पर खर्च किए जा रहे हैं।लेकिन सरकार की मंशा के विपरी त मनरेगा मजदूरी में रोजगार सेवक,प्रधान,एपीओ और बड़ीओ मनरेगा से जुड़े अन्य कर्मचारियों द्वारा मजदूरों की हाजिरी के नाम पर कागज में खेला करके काम कर रहे है।

### पारदर्शी व्यवस्था में सेंधमारी

विकासखंड कटरा बाजार के किसी - किसी गांवो में श्रमिकों की जो फोटो अप लोड की गई है,उनके पास न तो फा वड़ा है न डलिया है औ र न ही अन्य उपकरण,फिर भी जिम्मेदारों ने नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमएमएस) पर फर्जी पोटो अपलोड कर काम करते दर्शा दिया।मनरेगा के वेब पोर्टल और मॉनिटरिंग सिस्टम पर जो फोटो अप लोड की गई है।सूत्रों के मुताबिक जो फोटो अपलो ड की जा रही है वही किसी तलाब में खड़ा करके की है,और पुरानी है।वर्तमान में कोई कार्य नहीं हो रहा हैं।सूत्र बता रहें है कि अपलोड की गई पोटो प्रारंभिक जांच में पोटो से फोटो खींच कर अपलोड किए जाने की पुष्टि हुई।क्लस्टर प्रभारी एपीओ बी डीओ कितने संजीदगी से निगरानी कर रहे है।यह स्पष्ट नजर आ रहा है।

### क्या कहती हैं जिलाधिकारी नेहा शर्मा


जिलाधिकारी नेहा शर्मा का स्पष्ट कहना है कि मन रेगा जैसी जनहितकारी योजना में लापरवाही अथ वा वित्तीय अनियमितता को कतई बर्दाश्त नहीं कि या जाएगा।उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता,पार दर्शिता एवं ग्रामीण जन विश्वास बनाए रखना प्रशा सन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।ऐसे में लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितता अस्वीकार है।दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मंदबुद्धि महिला से गैंगरेप का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

गोरखपुर। बेलघाट थाना क्षेत्र में मंदबुद्धि महिला से गैंगरेप के मुख्य आरोपी शफीक खान उर्फ गोली को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया।बेलघाट थाना क्षेत्र में मंदबुद्धि महिला के साथ गैंगरेप करने वाला मुख्य आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। शुक्रवार की देर रात पुलिस ने मुठभेड़ में उसे गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक जब टीम उसे पकड़ने गई तो वह फायरिंग कर भागने लगा। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई। इसके बाद वह गिर पड़ा और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान बेलघाट थाना क्षेत्र के बेलाव निवासी शफीक खान उर्फ गोलू पुत्र अब्दुल कलाम के रूप में हुई है। शफीक के पास से एक तमंचा व एक खोखा बरामद किया गया है। गैंगरेप की घटना बुधवार को देर शाम को हुई थी और इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। शुक्रवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं हैगैंगरेप के दो अन्य आरोपियों को दिन में ही जेल भेज दिया गया था।

# ट्रेन में चेकिंग के दौरान पकड़ा गया अवैध पानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे के नि देंश पर गोंडा के प्लेटफार्म निरीक्षक के.एल. यादव व वाणिज्य टीम और आरपीएफ के सहयोग से रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में चेकिंग अभियान चला या गया 05301 मऊ से अंबाला कैंट तक जाने वा ली स्पेशल ट्रेन के कोच में 240,बोतल अवैध पानी और 90,बोतल तरल मैंगो जूस लावारिस अवस्था में पाया गया हैं।वही ट्रेन नम्बर 15212,जननायक एक्सप्रेस में दो अनाधिकृत वेंडर पकड़े गए जिनके पास कोई वैध प्रमाण पत्र नहीं पाए गए।जिनको मेमो द्वारा आरपीएफ गोण्डा के सौप दिया गया हैं।वही ट्रेन में पकड़े गए पानी की बॉटल्स को सुरक्षि त स्थान एलपीओ में जमा क़रा दिया गया है।आप को बता दें कि रेलवे कैंपस में रेल नीर की ही बिक्री की परमिशन है।वही रेल नीर की जगह अवैध वेण्ड र अनाधिकृत पानी और खान पान को बेच रहे हैं।जबकि रेलवे कैंपस व ट्रेनों में केवल रेल नीर बेचने का निर्देश है।सूचना पाते ही जांच टीम ने रेलवे स्टे शन पर खड़ी मऊ अंबाला कैंट स्पेशल ट्रेन और जननायक एक्सप्रेस कोच में अपनी टीम को साथ में लेकर कोच में छापा मारा तो कोच में पानी की बोतल लावारिस अवस्था में बरामद हुए।वही लावा रिस पानी की बोतल को एलपीओ में जमा करा दि या गया।वही प्लेटफार्म निरीक्षक के.एल.यादव ने बताया कि गर्मी के मौसम में कुछ शरारती तत्व पानी की बॉटल्स को अवैध तरीके से भीड़-भाड़ वा ली ट्रेंन के जनरल,स्लीपर कोच में बेचने की कोशि श करते हैं।उनके मंसूबों को फ़ेल करने के लिए रे लवे की टीम प्रति दिन इंस्पेक्शन करेगी।जिससे कि रेलवे के रेवेन्यू में बढ़ोत्तरी के साथ ही पैसेंजर्स को कम रेट पर रेल नीर मिल सके।

# परसपुर की बेटी शशि ने नीट परीक्षा में फहराया परचम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के परसपुर विकासखंड क्षेत्र के लोहंग पुर पूरे पंडित की बेटी शशि ने एक बार फिर साबि त कर दिया कि मेहनत,समर्पण और अनुशासन के बल पर कोई भी सपना हकीकत बन सकता है।नीट 2025 की परीक्षा में शशि ने 720 में से 575 अंक प्राप्त करते हुए पूरे देश में महिला वर्ग मे 44 92,व जनरल कैटेगरी में 2249 रैंक हासिल की है शशि ने अपनी 10 वीं और 12 वी तक की पढ़ाई परसपुर में की थी,जिसके बाद बेहतर कोचिंग और मेडिकल की तैयारी के लिए वह लखनऊ चली गईं लखनऊ में रहकर उन्होंने कठिन परिश्रम और अनु शासन के बल पर यह बड़ी सफलता हासिल की।शशि पाण्डेय की यह उपलब्धि न केवल गोण्डा जि ले के परसपुर के लिए गर्व की बात है, बल्कि उन तमाम छात्राओं के लिए प्रेरणा है जो मेडिकल क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहती हैं।शशि पाण्डेय मूल रूप से गोण्डा जिले की हैं और एक साधारण लेकिन पढ़ाई के प्रति बेहद समर्पित परिवार से ता ल्लुक रखती हैं।उनके पिता एक शिक्षक हैं।शशि पांच बहनों व एक भाई में पांचवे स्थान पर है। श शि की एक बड़ी बहन डॉ.सौम्या ने बीआरडी मेडि कल कॉलेज गोरखपुर से एमबीबीएस करने के बा द मेडिकल कॉलेज गोंडा में कार्यरत है।वही बड़े भाई सौरभ एक बड़ी कंपनी में इंजीनियर है।शशि की मां शांति एक गृहणी है।लेकिन पढ़ाई को लेकर उनका समर्पण इतना गहरा है कि उन्होंने शशि की पढ़ाई में पूरा सहयोग दिया और हमेशा उसके साथ खड़ी रहीं। शशि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। शिक्षक नेता अशोक पाण्डेय, अरुण शुक्ला, इन्द्रप्रताप सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## अमरमणि ने नीट पीडब्ल्यूडी श्रेणी में ऑल इंडिया में लाया 36 वां रैंक



**गोरखपुर** ।शाहपुर के जेल बाई पास सड़क स्थित सरस्वतीपुरम कॉलोनी लेन प्रथम निवासी शिक्षक रमेश मणि त्रिपाठी व बंदना त्रिपाठी का पुत्र अमर मणि त्रिपाठी ने नीट परीक्षा 2025 में सामान्य श्रेणी पीडब्ल्यूडी में ऑल इंडिया रैंक 36 वां प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है ।अमर मणि त्रिपाठी 508 अंक प्राप्त करके सामान्य श्रेणी में 16308 रैंक तो वही अपने श्रेणी पीडब्ल्यूडी सामान्य में 36 वां रैंक प्राप्त किया है ।अमर मणि ने अपने सफलता का श्रेय माता-पिता , पूरे परिवार सहित गुरुजनों को दिया है ।इस सफलता पर शकुंतला त्रिपाठी,रमेश मणि त्रिपाठी, बंदना त्रिपाठी, शिवानन्द मणि त्रिपाठी, धर्मेश मणि त्रिपाठी, अमरेश मणि त्रिपाठी, आशुतोष मणि त्रिपाठी, प्रणव मणि त्रिपाठी, मंजू त्रिपाठी, रूपम त्रिपाठी,नंदनी त्रिपाठी, निधि त्रिपाठी, अर्नव मणि त्रिपाठी, श्रेष्ठ ,अस्तित्व सिंह,अग्रिम शुक्ला, ओम सिंह,नंदनीष त्रिपाठी,तरिपुरारी मिश्र,सतीश तिवारी,हरिन्द्र त्रिपाठी,प्रज्ज्वल त्रिपाठी,गौरव त्रिपाठी,सौरभ तिवारी,पंकज मिश्र,अमित त्रिपाठी ,काजल त्रिपाठी,गीता त्रिपाठी,परियंका मिश्रा,अंकिता तिवारी सहित सैकड़ो शुभचिंतकों ने बधाइयां दी है ।

## कुख्यात टॉप 10 अपराधी चंदन सिंह को आजीवन कारावास

**गोरखपुर**। चिलुआताल थाना क्षेत्र के कुशहरा निवासी कुख्यात टॉप 10 अपराधी चंदन सिंह को कोर्ट ने 50000 जुर्माना के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई।चिलुआताल थाना क्षेत्र के डोहरिया बाजार में दिवाली के दिन सरेआम गोली मारकर हत्या करने के मामले में कुख्यात देवकी नंदन उर्फ चंदन सिंह को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा के साथ ही 50 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड न भरने पर 162 दिन की सजा अलग से भुगतनी होगी। चंदन वर्तमान में गौतमबुद्धनगर जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा है।अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र दूबे एवं अतुल शुक्ल ने बताया कि 13 नवम्बर 2012 को दिवाली के दिन दोपहर बाद करीब 3 बजे संतोष सिंह अपने भतीजे वादी मुकदमा मुकेश सिंह के साथ मिठाई खरीदने आए थे। मुख्य चौराहे पर ही पुरानी रंजिश को लेकर चिलुआताल थाने के कुशहरा निवासी चंदन सिंह ने संतोष सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अपर सत्र न्यायाधीश अवनीश कुमार राय की कोर्ट ने चंदन को दोषी मानते हुए यह सजा सुनाई है।

## 20 वर्षीय युवती ने पंखे से लटककर की खुदकुशी



**गोरखपुर**। थाना क्षेत्र के सोनबरसा बाबू पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत औराई निवासिनी सुमित्रा यादव पुत्री स्व परमारथ उम्र करीब 20 वर्ष ने गुरुवार को देर रात दुपट्टा के सहारे छत के पंखा से लटक कर खुदकुशी का मामला प्रकाश में आया है। थाना क्षेत्र के सोनबरसा बाबू पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत औराई निवासिनी सुमित्रा यादव पुत्री स्व परमारथ यादव उम्र करीब 20 वर्ष बीते गुरुवार को देर रात कमरे का फाटक बन्द करके छत के पंखा में दुपट्टा के सहारे लटक कर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मिट्टी गिराते समय हाई टेंशन तार से टकराया डंपर, ड्राइवर की सूझबूझ से टला हादसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सालपुर से बलरामपुर मार्ग पर निर्माणाधीन सड़क पर शनि वार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।मिट्टी गिराते समय एक डंपर अनियंत्रित होकर 11 हजा र वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन से टकरा गया, जिससे डंपर के टायरों में आग लग गई।टायर में धुआं उठता देख तत्काल डंपर चालक ने डंपर से कूद करके अपनी जान बचाई है जहां ड्राइवर की सूझबूझ से उसे कोई चोट नहीं आई और वह पूरी तरह सुरक्षित बच गया।घटना शनिवार सुबह करी ब साढ़े नौ बजे की है जब सालपुर-बलरामपुर मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य चल रहा था।एक डंपर चा लक सड़क किनारे मिट्टी गिरा रहा था।इसी दौरान ऊंचाई का सही अनुमान न लगा पाने के कारण, डंपर का ऊपरी हिस्सा ऊपर से गुजर रही 11 हजा र केवी हाईटेंशन विद्युत लाइन से छू गया।संपर्क हो ते ही जोरदार धमाके के साथ चिंगारियां निकलीं और कुछ ही पलों में डंपर के पिछले टायरों में आग लग गई।हादसे को देख मौके पर मौजूद अन्य मज दूर और राहगीर सहम गए।डंपर चालक ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत गाड़ी रोकी और कूदकर बाहर आ गया।चालक ने बिजली का झटका महसूस हो ने के बावजूद हिम्मत नहीं हारी और अपनी जान बचाने में कामयाब रहा।सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची जहां फायर ब्रिगेड के जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद डंपर में लगी आग पर काबू पा लिया है। विद्यु त विभाग को भी सूचित किया गया जिसके बाद तुरंत बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई ताकि कोई और अनहोनी न हो।

# भाजपा विधायक की शिकायत पर लिपिक अनुपम पाण्डेय के अकूत संपत्ति की जांच शुरू

**लिपिक के आलीशान बंगले और लग्जरी गाड़ियों की लिस्ट ने उड़ाए जनपद वासिओं के होश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले के बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात लेखा विभाग के लिपिक अनुपम पाण्डेय पर भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति रखने के गंभीर आरो प लगे हैं।तरबगंज से भाजपा विधायक प्रेम नाराय ण पाण्डेय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात लिपिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।पत्र में लिखा ग या कि अनुपम पाण्डेय पिछले बीस वर्षों से एक ही पद पर जमे हुए हैं और उन्होंने इसी दौरान अवैध रूप से अकूत संपत्ति इकट्ठा करके ख़डी की है।मुख्यमंत्री कार्यालय से संज्ञान लेने के बाद प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने देवीपाटन मंडल के क मिश्नर को जांच के निर्देश दिए हैं।इसके बाद मंड लायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने अपर आयुक्त प्रशासन की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच कमे टी गठित कर दी है।समिति को जल्द से जल्द रिपो र्ट देने के निर्देश हैं।

### रिश्तेदारों के नाम खरीदी गई संपत्ति और गाड़ियां

बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात लिपिक अनुपम पा ण्डेय ने रिश्तेदारों के नाम पर खरीदी गई संपत्तियों और गाड़ियों की लंबी फ़ेहरिस्त लिस्ट देखकर तो जनपद वासियों के होश उड़ गए हैं।बीजेपी विधा यक के मुताबिक,अनुपम पाण्डेय ने पत्नी,बेटी, भा ई और अन्य संबंधियों के नाम पर गोंडा,लखनऊ और अलीगढ़ में कई मकान और महंगी गाड़ियां खरीदी हैं।आरोप है कि लखनऊ के अलीगंज में स्थित केंद्रीय विद्यालय के पास 6 बिस्वा जमीन पर आलीशान बंगला बनाया जा रहा है।भवन निर्माण सामग्री के लिए लखनऊ की एक फर्म नवीन ट्रेडर्स के खाते में लाखों रुपए ट्रांसफर किए गए हैं।लिपि क अनुपम पाण्डेय के पास दर्जनों से ज्यादा लग्ज री गाड़ियां,जिनमें स्कोडा से फॉरच्यूनर तक शामि ल हैं।विधायक ने अपनी शिकायत में लिपिक अनु पम पाण्डेय के द्वारा विभिन्न नामों पर खरीदी गई गाड़ियों की लिस्ट भी दी है इसमें शामिल हैं।

### इन नामों से खरीदी गई लग्जरी गाड़ियां

स्कोडा अल्पना पाण्डेय के नाम पर,फॉर्च्यूनर अतु ल कुमार श्रीवास्तव के नाम पर,आई 20 अनुपम पाण्डेय के नाम पर,बाइक आदर्श के नाम पर,जावा कमलेश चंद्र के नाम पर,एमजी हेक्टर अजय के ना म पर,इनोवा क्रिस्टा मीनाक्षी के नाम पर,टोयोटा ग्लैंजा अमित बाजपेई के नाम पर,थार एक अज्ञात व्यक्ति के नाम खरीदा गया हैं।इन आरोपों ने न सि र्फ शिक्षा विभाग को कटघरे में खड़ा किया है, ब ल्कि प्रदेश सरकार की ''जीरो टॉलरेंस फॉर करप्श न'' नीति पर भी सवालिया निशान खड़ा किया है।

### बॉक्स भ्रष्ट कर्मचारी सिस्टम को दीमक की तरह खोखला कर रहे

विधायकभाजपा विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय ने अपने प त्र में लिखा कि योगी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है,लेकिन कुछ कर्मचारी विभाग को दीमक की तरह चाट रहे हैं।ऐ से भ्रष्ट अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहि ए ताकि व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे।

## फातिमा हॉस्पिटल में मनाया गया विश्व रक्तदाता दिवस



चरगांवा, गोरखपुर । शनिवार को गोरखपुर महानगर के पादरी बाजार मदर टेरेसा रोड स्थित फातिमा हॉस्पिटल, एवं फातिमा नर्सिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदाताओं के सम्मान मेंसम्मान समारोह का आयोजन फातिमा नर्सिंग कॉलेज के कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रातः 10 बजे कियागया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे फातिमा हॉस्पिटल के निदेशक फा. डॉ. संतोष सेबास्टियन ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान को मानव समाज के प्रति सबसे बड़ी सेवा है , उन्होंने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभारव्यक्त किया। उन्होंने कहा,एक यूनिट रक्त कई जिंदगियों को बचा सकता है। नर्सिंग छात्राओं ने नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने का सफल प्रयास किया।डॉ दिव्या राय ने रक्तदान कोस्वास्थ्य सेवा की रीढ़ बताया और युवाओं को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर फातिमा अस्पताल के एसोसिएट डायरेक्टर फादर शिंजो सहित फातिमा नर्सिंग कॉलेज के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं फातिमा हॉस्पिटल के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रत्येक जोड़े के विवाह के लिए की गई एक लाख की व्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**डीबीटी के माध्यम से वधू के खाते में अंतरित किये जाएंगे 60 हज़ार रूपये**

**आन-बान-शान के साथ उठेगी बेटी की डोलीं**

बहराइच । समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित ''मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना'' अन्तर्गत प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक जोड़े के विवाह के लिए पूर्व में स्वीकृत धनराशि को रू. 51,000=00. से बढ़ाकर रू. 01 लाख कर दी गई है। नवीन व्यवस्था के तहत कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्वी की स्थापना हेतु सहायता राशि के रूप रू. 60,000=00 डी.बी.टी. के माध्यम से सीधे वधू के खाते में अंतरित किये जायेंगे। जबकि रू. 25,000=00 से वैवाहिक उपहार सामग्री क्रय की जायेगी तथा रू. 15,000=00 विवाह की व्यवस्था पर व्यय किये जायेंगे।

नवीन व्यवस्था के तहत प्रत्येक बेटी को वैवाहिक उपहार सामग्री के रूप में 05 सेट साड़ी, ब्लाउज़ व पेटीकोट, 01 अदद चुनरी, 04 सेट पैंट व शर्ट का कपड़ा, 01 अदद फेंटा/गमछा, 30 ग्राम की एक जोड़ी चांदी की पायल व बिछिया (जिसके साथ निर्माता द्वारा प्रदत मात्रा व शुद्वता का प्रमाण-पत्र), स्टेनलेस स्टील का डिनर सेट, 5 ली. का प्रेशर कुकर, एल्मूनियम कढ़ाही, ट्राली बैग, वैनिटी किट, दीवार घड़ी, सीलिंग फैन, 10 ली. का कूल केज, आयरन प्रेस, डबल बेड की चादर, 02 अदद पिलो विद कवर, सिंगल बेड के 02 कम्बल डबल लेयर, गद्दा/मैट्रेस विद कवर, सिन्होग, लाल कांच की 02 दर्जन चूड़ी, 04 अदद लाख के कंगन के बेटी की विदाई होगी।

विवाह की व्यवस्था अन्तर्गत प्रत्येक जोड़े के विवाह के लिए रखी गई रू. 15,000=00 की धनराशि से वधू को विवाह के पश्चात एलबम सहित 05 फोटो, विवाह हेतु 02 अदद गुलाब के फूल की जयमाला, निकाह हेतु बेला/चमेली का सेहरा, पगड़ी/साफा, विवाह सम्पन्न कराने हेतु पुजारी व मोलवी की दक्षिणा, मंच व पण्डाल की सजावट, कार्यक्रम सथल पर एल.ई.डी. स्क्रीन की स्थापना, बैनर, साउण्ड, माईक, वर-वधू व उनके पक्ष के 10-10 व्यक्तियों को नाश्ता तथा मौसम के अनुसार शरबत, शिकंजी, चाय व काफी की व्यवस्था। वर-वधू व उनके पक्ष के 10-10 व्यक्तियों के लिए भोजन की व्यवस्था, वर-वधू के लिए अलग-अलग 05 कि.ग्रा. बूंदी के लड्डू एवं ड्राईफ्रूट्स की टोकरी तथा विवाह प्रमाण-पत्र भेंट किया जायेगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के ऐसे ज़रूरतमन्द, निराश्रित/निर्धन अभिभावक जिनकी अधिकतम वार्षिक आय रू. 3.00 लाख तक है अपनी अविवाहित कन्या अथवा विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा बेटियों के विवाह हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विवाह हेतु निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री तथा ऐसी कन्या जो स्वयं दिव्यांग हो को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।

आवेदन में विवाह की तिथि को कन्या की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक तथा वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को आवेदन के साथ जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जनपद हेतु 738 कन्याओं के विवाह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शुभ मुहूर्त तिथियों में विवाह सम्पन्न कराये जाने हेतु नगर निकायों व विकास खण्डों को लक्ष्य का आवंटन किया जा चुका है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की वेबसाइट पर प्राप्त हुए आवेदन पत्रों का सत्यापन कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपदवासियों से अपील की है कि मुख्यमंत्री सामूहिक योजना के पोर्टल के माध्यम से अधिकाधिक संख्या आवेदन कर योजना का लाभ उठायें। उन्होंने बताया कि योजना के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए सम्बन्धित विकास खण्ड, नगर निकाय तथा जिला समाज कल्याण अधिरकारी, बहराइच के कार्यालय से भी सम्पर्क कर सकते हैं।

# विमान हादसे में मृतकों के लिए व्यापार मण्डल ने शोक सभा का किया आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।विमान हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के पदाधिकारियों ने शोक सभा का आयोजन किया है।एयर इंडिया का विमान गुजरात के अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भर रहा था। लेकिन रन-वे से 50 मीटर दूर ही जाकर विमान एक हॉस्टल से टकरा गया। जिसमें आग लगने से 241 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। वहीं एक युवक हादसे में जिंदा बच गया है। जिसका उपचार जारी है।व्यापार मण्डल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी ने कहा कि इस हादसे ने कई परिवारों को असहनीय पीड़ा दी है। उन्होंने कहा जो लोग इस हादसे में अपने परिवारजनों को अकेला छोड़ गए, उनकी कमी कभी पूरी नहीं हो सकती है। हम सभी उनके प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते है और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते है। शैलेन्द्र गुप्ता चेयरमैन ने कहा कि इस विमान हादसे में हुई क्षति अपूरणीय है। प्रभावित परिवारों के दुख को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। हम उनके साथ है और उनकी हर संभव मदद के लिए तैयार है।शोक सभा में यह रहे मौजूद प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी,विधायक बाबूराम पासवान,चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता,जाहिद खान, विजय पाल सिंह विक्की, सुरेन्द्र अग्रवाल, संजय गुप्ता, अशीष रस्तोगी, अशोक खंडेलवाल,नवीन अग्रवाल, संजीव गुप्ता,राहुल जायसवाल,सचिन, दीपक बंसल, सचिन गुप्ता, सुनील गुप्ता, बसन्त पाण्डेय, सुधाकर पाण्डेय, उमेश गुप्ता, शाहजी खान, राजेश गुप्ता, आतिफ खान सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे हैं।

## भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष सहित अन्य को जेल भेजने का सराहनीय कार्य करने पर कोतवाल सतेंद्र कुमार को किया सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन सहित अन्य सिख समुदाय के लोगों ने पूरनपुर क्षेत्र में गुंडागर्दी करने वाले भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा व उसके साथियों को जेल भेजने का कार्य करने पर पूरनपुर थाना प्रभारी सतेंद्र कुमार को शाल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया है।पूर्व थाना प्रभारी रहे नरेश कुमार त्यागी के संरक्षण में संजय मिश्रा व उसके साथियों ने क्षेत्र में गुंडागर्दी व असमाजिक गतिविधियां संचालित कर रखी थी। नरेश कुमार त्यागी के द्वारा पूरनपुर में गुंडाराज को बढ़ावा देने की शिकायतें पुलिस अधीक्षक पीलीभीत से की गई थी। जिसके चलते 16 मई 2025 को नरेश कुमार त्यागी को लाइन हजार किया गया उनके स्थान पर सतेंद्र कुमार ने थाना प्रभारी निरीक्षक पूरनपुर की कमान संभाली । कमान संभालते ही सतेंद्र कुमार ने गुंडागर्दी पर अंकुश लगाने का कार्य शुरू कर दिया था।जिसके चलते हिंदुत्व का नाम लेकर क्षेत्र में गुंडागर्दी करने वाले भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा व उसके साथियों को जेल भेजने का सराहनीय कार्य करते हुए पूरनपुर की जनता को राहत दिलाई है।शनिवार को सिख समाज व राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारीओं ने पूरनपुर थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया है।इस मौके पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के युवा तहसील अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह, युवा तहसील प्रभारी गुरप्रीत सिंह गुरदासपुरीया, तहसील उपाध्यक्ष गुरनाम सिंह,भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष स्वराज सिंह सिद्धू,सिख समाज के सुखदेव सिंह छीना, कुलविंदर सिंह, सुखविंदर सिंह, अजमेर सिंह छीना, कुलबीर सिंह, जितेंद्र सिंह, सतनाम सिंह आदि मौजूद रहे है।

### बिजली की मोटर से दंपति को लगा करंट

पूरनपुरकैनविज टाइम्स संवाददाता । तहसील क्षेत्र के गांव बिलहरी की रहने वाली उषा देवी पत्नी बालकराम शनिवार दोपहर लगभग एक बजे पानी की मोटर चला रही थी। तभी अचानक महिला को करंट लग गया यह देख बालक राम अपनी पत्नी उषा देवी को बचाने पहुंचा और वह भी मोटर से चिपक गया। माता-पिता को बिजली का करंट लगता देख दस वर्षीय सलोनी ने दौड़कर बांस का डंडा लेकर पहुंची और मोटर के तार को तोड़ दिया। बालिका की सूझबूझ से दंपति की जान बच सकी। जानकारी लगते ही परिवार के अन्य लोग भी दौड़ पड़े और दंपति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर के द्वारा दंपति का उपचार किया जा रहा है।

### नौरंगाबाद में धोखाधड़ी कर जमीन बेचने का विरोध करने पर भतीजों ने घर में घुसकर धारदार हथियार से किया जानलेवा हमला

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुघंचाई थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर के रहने वाले रामसनेही ने शनिवार सुबह दस बजे बताया कि उनकी कृषि भूमि कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव नौरंगाबाद में है। बीच के हिस्से पर काबिज है। आरोप है कि सगे भतीजे राजेश पुत्र रामचन्द्र निवासी दिलावरपुर ने चोरी छिपे धोखाधड़ी कर रामसरन पुत्र रूपराम निवासी नौरंगाबाद हाथ बिक्री कर दी। पुलिस से शिकायत करने पर पुलिस ने शांतिभंग की कार्रवाई कर दी थी। पीड़ित किसान जमानत लेकर 11.06.2025 को रात्रि लगभग आठ बजे घर पहुंचा था।थोड़ी देर बाद समय लगभग रात्रि 8.30 पर राजेश, कपिल पुत्रगण रामचन्द्र, राखी देवी पत्नी कपिल, महेश पुत्र सियाराम निवासी दिलावरपुर कुछ अज्ञात लोगो के साथ मिलकर घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें परिवार के सभी लोग घायल हो गए और पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। मामले में पुलिस से शिकायत के बाद भी आरोपियों के विरुद्ध कौई भी कार्रवाई नही की गई। पीड़ित किसान ने सीओ से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

### धनाराघाट पेंटून पुल हटने से लाखों की आबादी वाले क्षेत्र का तहसील व जिला मुख्यालय से संपर्क टूटा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र की लगभग एक लाख आबादी शारदा नदी की दुसरी साइड में बसी है। पहाड़ों पर बारिश होने की वजह से शारदा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इसी को लेकर शनिवार की सुबह दस बजे पेंटून पुल हटाने को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। जिससे लाखों की आबादी वाला क्षेत्र का संपर्क तहसील व जिला मुख्यालय से टूट जाएगा और लोगों को अब 30 की जगह 130 किलोमीटर का सफर तय कर अधिक पैसा खर्च कर व ज्यादा समय बर्बाद करना पड़ेगा। हर साल बारिश शुरू होने से पहले पेंटून पुल हटा दिया जाता है पर आजतक स्थानीय जनप्रतिनिधि लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं करा सके।

### जंगल में बंधा पड़ा मिला खेत से गायब हुआ किसान एजाज अस्पताल में भर्ती

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव जटपुरा का रहने वाला एजाज पुत्र छोटे शाह गुरुवार रात जंगल के किनारे अपने गन्ने की सिंचाई करने गया था। शुक्रवार सुबह एजाज के घर न लौटने पर परिजन उसे देखने खेत पर पहुंचे। एजाज खेत पर नहीं मिला। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पड़ोसी खेत स्वामी के खिलाफ तहरी दी थी। उसके बाद ग्रामीण और वन विभाग की टीम ने खेत के अलावा जंगल में युवक को खोजा लेकिन उसका पता नहीं चल सका था। शनिवार सुबह लगभग 5 बजे वनकर्मी ने परिजनों को फोन पर सूचना दी कि हरीपुर के जंगल में मुख्य मार्ग के किनारे एजाज पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही परिजन पहुंच गए। इस दौरान एजाज बेहोशी अवस्था में पड़ा हुआ था। उसके कपड़ों से हाथ पर बंधे हुए थे। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जानकारी लगते ही कोतवाल सतेंद्र कुमार अस्पताल पहुंच गए और परिजनों से जानकारी ली। युवक के बेहोश होने पर वह कुछ नहीं बता सका। उपचार के बाद भी युवक को होश नहीं आ सका। इस पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इंस्पेक्टर सतेंद्र कुमार ने बताया कि युवक को होश आने के बाद सच्चाई पता चल सकेगी। शक के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

### पुलिस ने बाइक सवार के कब्जे से बरामद किया तमंचा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना जामो पुलिस ने एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक बाइक सवार युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना जामो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटर साइकिल सवार अंकित कुमार पुत्र राम कुमार निवासी उपाध्याय का पुरवा मजरे कटारी थाना जामो जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया और स्पेलेण्डर मोटर साइकिल संख्या यूपी 36 आर 2729 के कागज मांगने पर दिखा नही सका। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। इस सम्बंध में थाना जामो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेजते हुये स्पेलेण्डर मोटर साइकिल को एमवी एक्ट के तहत सीजकर दिया गया है।

### यूपीएससी (असिस्टेंट कमांडेंट) परीक्षा 2024 में रैंक 77 प्राप्त का बढ़ाया मान

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के लाल ने किया जनपद वासियों का शीश गर्व से ऊँचा, ग्राम बहुबरा पो.अगई थाना कूड़वार, निवासी अभिषेक मिश्रा ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित असिस्टेंट कमांडेंट परीक्षा 2024 के 13 जून को घोषित परिणामों में ऑल इंडिया रैंक 77 प्राप्त कर जिले और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अभिषेक मिश्रा का पूरा परिवार देश सेवा को समर्पित रहा है, उनके दादा स्व. कृष्णानंद मिश्रा सेना में हवलदार रहे, पिता दिनेश चंद्र मिश्रा सूबेदार मेजर, चाचा चंद्र प्रकाश मिश्रा नायब सूबेदार व चाचा शशिकांत मिश्रा हवलदार के पद से सेवानिवृत हैं। इन्हीं से प्रेरणा पाकर अभिषेक ने ये सफलता प्राप्त की है। शैक्षणिक यात्रा की बात करें तो कक्षा 1 से 8 तक की शिक्षा नगर के टाइनी टॉट्स पब्लिक स्कूल से,कक्षा 9 से 12 लखनऊ पब्लिक स्कूल, लखनऊ से स्नातक (कंप्यूटर साइंस ऑनर्स ) रामलाल आनंद कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) से और फिर इसके बाद किरोड़ी मल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में परास्नातक की डिग्री हासिल किया। अभिषेक ने राजनीति विज्ञान विषय में यूजीसी-नेट एवं जेआरएफ भी उत्तीर्ण किया है। उनकी यह सफलता दृढ़ निश्चय, मेहनत और परिवार के सहयोग का प्रतिफल है। अभिषेक की इस उपलब्धि से पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। गोमती मित्र मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष ने ख़ुशी जाहिर करते हुये उन्हें आगामी प्रयासों के लिए भी शुभकामनाएँ देते हुये सीताकुण्ड धाम पे सम्मानित करने की घोषणा की है।

## थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोतवाली सदर व गजरौला में की गई जनसुनवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर सदर कोतवाली व थाना गजरौला में पहुंचकर जन शिकायतों की सुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों का संज्ञान लिया गया। इसके साथ ही साथ चकरोड, भूमि विवाद, आपसी विवादों संबंधी शिकायतों के संबंध में सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर समस्या के निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। आयोजित थाना दिवस में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि थाना समाधान दिवस पर कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति के अनुपस्थित न रहे। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनसुवाई के दौरान आईं समस्त शिकायतों में सम्बन्धित क्षेत्र के राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर समस्या का समाधान कराया जाये, किसी भी दशा में कोई भी शिकायत अधिक समय तक लम्बित न रहे।जिलाधिकारी ने थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुये कहा कि आईजीआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने शिकायती प्रार्थना पत्र रजिस्टार की जांच की गई। जांच के दौरान शिकायतों का निस्तारण की गुणवत्ता देखी तथा लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।थाना समाधान दिवस के दौरान उप जिलाधिकारी सदर, संबंधित थानाध्यक्ष, लेखपाल सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित उपस्थित रहे।

### बेजुबानों को मिले शीतल जल

सुलतानपुर। गर्मियों का मौसम आ गया है। सबके गले प्यास के कारण सूखने लगे हैं। हम लोग अपनी प्यास बुझाने के लिए फ्रिज या मटके का पानी इस्तेमाल करने लगे हैं। लेकिन क्या हमने ये सोचा कि पशु-पक्षियों अपने लिए पानी की व्यवस्था कैसे करते होगें,उन्हें ठंडा पानी कैसे मिलता होगा? इस बात को गंम्भीरता से लेते हुए कटका क्लब सामाजिक संस्था ने जनपद में एक मुहिम शुरू की है। इसके तहत बाजारों में मिट्टी के मटके में जल पात्र और घोंसले बनाने का काम कटका क्लब कर रही है। संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र बताते हैं कि हम सभी युवा इस भयंकर गर्मी में बेजुबानों के लिए शीतल जल और रहने के लिए घोंसले कि व्यवस्था कर रहे हैं। घर में पड़े मिट्टी के मटके के बने पात्र और उनके रहने के लिए घर बनाने का कार्य कर रहे हैं। और उन्हें अलग-अलग स्थान पर लगवाने का भी कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि बेजुबानों के लिए जो जल के साधन थे वो अब धीरे-धीरे खत्म हो रहे तो ऐसे में पशु-पक्षियों को पीने का पानी मिलना मुश्किल होता जा रहा है। इसलिए संस्था ने मुहिम शुरू कि है।

## स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में विश्व रक्तदाता दिवस की धूम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। 14 जून 2025 को जिले में विश्व रक्तदाता दिवस को उत्सव की तरह मनाया गया। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ.संजय कुमार सिंह के संयोजन व प्रधानाचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान महादान शिविर, विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। रक्तदान महादान में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं और रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ.सलिल श्रीवास्तव ने कहा कि रक्तदान करने से उम्र बढ़ती है, शरीर में नई कणिकाएं बनती है, एक व्यक्ति के रक्तदान करने से कई जिंदगियां बचाई जा सकती है। रक्तदान महादान है रक्तकोष में आने वाले सभी लोगों को बिना किसी भेदभाव के रक्त हमेशा मिलता रहा है, हमारे पास कभी भी रक्त की कमी नहीं होने पाती है, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर आरके मिश्रा ने विश्व रक्तदाता दिवस पर



संबोधित करते हुए कहाकिसमाज के लोगों की मदद का भाव बहुत ही सहिष्णु है, उन्हीं समाजसेवियों की सेवाभाव के चलते रक्तकोष चलता है, लोगो को जागृत करने के लिए हमें मानव सेवा करना बहुत जरूरी है, उसका बहुत बड़ा माध्यम है। सुल्तानपुर का ब्लडबैंक एक उदाहरण है जिसका नाम पूरे उत्तर प्रदेश में प्रसिद्ध है, रक्तदान करने के लिए हमारे जनपद के लोग हमेशा आगे रहते हैं, इसके लिए हम सभी लोग जनपद वासियों के आभारी हैं डॉ. संजय सिंह रक्तकोष प्रभारी ने कहाकि हमारा रक्त 120 दिन में नया हो जाता हैं सभी जाति धर्म के लोग रक्तदान अवश्य करे। 104 बार रक्तदान करने वाली ब्लड आईकान लेडी जहांआरा सहायक कमांडेंट होमगार्ड विभाग में है, जो राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ से जुड़ कर समाज की सेवा भी कर रही है। सम्मानित होने वाली संस्थाओं में शहीद स्मारक सेवा समिति, राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ, अंकुरण फाउंडेशन, आजाद समाज सेवा समिति, घर फाउंडेशन, रोटरी क्लब, इत्यादि के अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव, डॉ.एके सिंह, मेराज अहमद खान, अशोक सिंह, डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, सरदार रंजीत सिंह, निजाम खान, रहे। संचालन अभिषेक सिंह ने किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.आरके मिश्रा, महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ.आरके यादव, डॉ. आरए वर्मा, डॉ.पवन सिंह, पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सुपर्णा दूबे, पूर्व सीएमएस डॉ. एसके गोयल, डॉ.शादाब अहमद, ब्लड बैंक काउंसलर अनुराग पाण्डेय, अनुराग गुप्ता, अवनीश साहू, धर्मेंद्र यादव, विजय चौधरी, सुशील मिश्रा, प्रद्युम्न सिंह, देवनाथ, शमशाद बाबा, कुलदीप, संजू आदि ब्लडबैंक के कर्मी सहयोग में लगे रहे।

## जनपद के गन्ना किसान तेज़ी से डिजिटल फार्मिंग की ओर हो रहे अग्रसर : जिला गन्ना अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग जनपद पीलीभीत के प्रयासों से अब जनपद के गन्ना किसान तेज़ी से डिजिटल फार्मिंग की ओर अग्रसर हो रहे हैं। पारंपरिक खेती के साथ-साथ अब किसान तकनीक आधारित खेती को अपनाकर अपनी आय बढ़ा रहे हैं और खेती को अधिक वैज्ञानिक, सटीक व पर्यावरण अनुकूल बना रहे हैं।डिजिटल फार्मिंग का आशय कृषि में आधुनिक डिजिटल तकनीकों जैसे ड्रोन, सैटेलाइट आधारित निगरानी, मोबाइल एप्स, सेंसर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि के प्रयोग से है। जिससे फसल की बुआई से लेकर कटाई और विपणन तक की संपूर्ण प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनती है।जनपद पीलीभीत के गन्ना किसानों ने भी इस दिशा में सराहनीय पहल की है द्य आज बीसलपुर चीनी मिल के गाँव भसूडा का खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत, बीसलपुर चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक,



ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बीसलपुर, सचिव बीसलपुर व अन्य लोगो द्वारा भ्रमण किया गया द्य भ्रमण के दौरान गन्ना किसान डॉ हरप्रीत सिंह से मुलाक़ात हुई द्य हरप्रीत सिंह ने बताया कि उन्होंने बिज़नेस मैनेजमेंट मे ग्लोबल विश्वविद्यालय से पी. एच. डी. किया है द्य वह गन्ने की नवीनतम विकसित गन्ना किस्मो की 20 एकड़ मे खेती कर रहे है द्य वह ड्रिप से सिंचाई करते है, कीट नियंत्रण के लिए रासायनिक कीटनाशकों का प्रयोग नहीं करते है द्य उन्होंने बताया कि वह कीटो के नियंत्रण के लिये सेंसर आधारित सोलर लाइट ट्रैप का प्रयोग करते है द्य यह ट्रैप दिन मे चार्ज हो जाता है और अंधेरा होते ही जलने लगता है द्य उन्होंने बताया कि वह अपने गन्ने की सिंचाई हेतु सेंसार आधारित ड्रिप सिंचाई संयंत्र लगाने हेतु प्रयासरत है द्य उन्होंने यह भी बताया कि वह ई-घोषणा पत्र, ई-गन्ना ऐप, व किसान पोर्टल का प्रयोग कर रहे हैं।ख़ुशी राम भार्गव द्वारा बताया गया कि जनपद पीलीभीत के गन्ना किसान अब अपने खेत का गन्ना सर्वे, गन्ने की बुआई, फसल की स्थिति व मिल को आपूर्ति की जानकारी ऑनलाइन माध्यम से अपडेट कर पा रहे हैं। कुछ किसानों ने ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया एवं जैविक कीटनाशकों का छिड़काव प्रारंभ कर दिया है।जी. आई. यस.आधारित खेतों की मैपिंग से गन्ना रकबे की निगरानी और गन्ना आपूर्ति की पारदर्शिता सुनिश्चित की जा रही है। किसानो की बोई गयी फसल का जी. पी. यस. से सर्वेक्षण हो रहा है द्यडिजिटल फार्मिंग के कारण किसानों को कम लागत में बेहतर उत्पादन, कीट व रोगों पर समय से नियंत्रण और सटीक डेटा पर आधारित निर्णय लेने में मदद मिल रही है।जनपद के गन्ना किसानों का यह परिवर्तनशील कदम प्रधानमंत्री मा.श्री नरेंद्र मोदी जी के डिजिटल इंडिया मिशन तथा मा.मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के डिजिटल कृषि दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। इस सम्बन्ध मे प्रमोद कुमार उपाध्याय गन्ना आयुक्त उत्तर प्रदेश लगातार जिले के अधिकारियो का मार्गदर्शन कर रहे है।गन्ना विकास विभाग पीलीभीत द्वारा डिजिटल खेती को बढ़ावा देने हेतु प्रशिक्षण, प्रदर्शन, जागरूकता कैंप और तकनीकी सहायता लगातार दी जा रही है।

## शिवरतनगंज से पेंडारा मार्ग ने तालाब का रुप किया धारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर के कस्बा शिवरतनगंज से पेंडारा मार्ग पर जलभराव के चलते राहगीरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क ने इन दिनों तालाब का रुप धारण कर लिया है जिससे आये दिन राहगीर चोटहिल हो रहे हैं। शनिवार को थाना शिवरतनगंज में आयोजित थाना दिवस में आक्रोशित ग्रामीणों ने आला अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। राजस्व एवं पुलिस महकमे के अधिकारियों ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये उक्त समस्या को निस्तारित करने का भरोसा दिलाया है। क्षेत्र के गांव पेंडारा निवासी राम किशोर मौर्य, बैजनाथ सिंह, आदेश कुमार, पिंटू मौर्या, दया शंकर, गंगा प्रसाद, अम्बिका प्रसाद दीक्षित सहित अन्य तमाम ग्रामीणों ने थाना दिवस में आला अधिकारियों को सौंपे गये



शिकायती पत्र में लिखा है कि कस्बा शिवरतनगंज से पेंडारा मार्ग ने इन दिनों तालाब का रुप धारण कर चुका है और आम जनमानस के साथ ही राहगीरों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।उक्त मार्ग से लगभग एक दर्जन गांवों के लोगों का आना जाना लगा रहता है और इसी मार्ग पर स्थित एक विद्यालय में शिक्षारत बच्चों को काफी समस्याएं झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों की मानें तो इसके पूर्व में पानी के निकास की व्यवस्था थी लेकिन कुछ लोगों द्वारा उस पर कब्जा कर लिया गया है। ग्रामीणों की इस विकराल समस्या को थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने गम्भीरता से लेते हुये एक टीम गठित कर उक्त समस्या को तत्काल निस्तारित किये जाने का निर्देश दिया गया है।

## अस्पताल को बम से उड़ाने की दी धमकी मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। अस्पताल में प्रसव पीड़ा के दौरान महिलाओं के चिल्लाने से आरोपी नाराज हो गया। नींद पूरी न होने की बात कहकर उसने महिलाओं पर पत्थर और ब्रुश फेंका। इसके बाद अस्पताल को हटाने के लिए बम फेंकने की धमकी दी। कई बार समझाने के बावजूद वह नहीं माना। एएनएम की ओर से सरकारी काम में बाधा डालने सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

बिजनौर जनपद के थाना नगीना के गांव मौसमपुर की रहने वाली एएनएम सानू कुमारी की पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव धर्मापुर में स्थित एएनएम उपकेंद्र पर तैनाती है। 12 जून को उपकेंद्र पर गर्भवती महिलाओं की एएनसी क्लीनिक की जांच की जा रही थी। तभी गांव का रहने वाला पंकज दीक्षित पुत्र राम बहादुर ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। उसने उपकेंद्र पर प्रसब कार्य न होने देने की धमकी दी। प्रसब पीड़ा से चिल्ला रही महिलाओं को गालियां देकर अस्पताल को बम से उड़ने की धमकी दी। आरोपी से पहले भी सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न कर चुका है। पूर्व में पंकज ने डिलीवरी के दौरान उपकेंद्र में एक कपड़े धोने का ब्रश फेंका था। इसके बाद जानबूझकर पत्थर फेंक कर मारा था। प्रसव कराने आई महिलाएं बाल बाल बच गई थी। आरोपी ने अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी दी है। रोने की आवाज से नींद पूरी न होने की बात कह रहा है। एएनएम ने बताया आरोपी की करतूत से सरकारी काम करने में भी दिक्कत आ रही है। जान माल का खतरा बताया जा रहा है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

धर्मापुर उपकेंद्र पर तैनात एएनएम ने गांव के रहने वाले युवक पर आरोप लगाकर शिकायत की थी। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

**सत्येंद्र कुमार**
**कोतवाल, पूरनपुर**

# हृदय विदारक हादसा

गुजरात स्थित अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास एयर इंडिया के विमान की भयावह दुर्घटना ने पूरे देश को दुख और गम में डुबो दिया। हाल के वर्षों में हुई यह बड़ी दुखद दुर्घटना हवाई यात्रा से जुड़े जोखिमों पर नये सिरे से गंभीर मंथन की जरूरत को बताती है। निश्चित रूप से यह हादसा नागरिक उड्डयन के लिये भी एक बड़ा झटका है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में शामिल है। आज भारत दुनिया के अग्रणी विमानन बाजारों में शुमार है। विडंबना यह है कि अभी दो महीने पहले ही नई दिल्ली में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो यानी एएआईबी में अत्याधुनिक डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया था। करीब नौ करोड़ रुपये की लागत से बनी इस प्रयोगशाला को केंद्र सरकार ने विमानन सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया था। जिसका मकसद हवाई दुर्घटनाओं की पहचान करना और जवाबदेही सुनिश्चित करना था। ताकि सुरक्षा उपायों को लेकर जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिये तंत्र में सुधार किया जा सके। अब विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो को गुरुवार को बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के दुर्घटनाग्रस्त होने की जांच का काम सौंपा गया है। एएआईबी के पास अब यह पता लगाने की जिम्मेदारी होगी कि गुरुवार को हुई दुर्घटना के असल कारण क्या थे। बल्कि निकट भविष्य में हवाई यात्राओं को सुरक्षित बनाने के लिए भी सुझाव दिए जा सकेंगे। इसके अंतर्गत ब्यूरो बोइंग के सुरक्षा रिकॉर्ड और परिचालन निरीक्षण की भी गहराई से जांच करेगा। निश्चित रूप से परिचालन प्रक्रिया कड़ी जांच के दायरे में होगी। उल्लेखनीय है कि तकनीकी खामियों के चलते बोइंग के कई अन्य 787 ड्रीमलाइनरों की सुरक्षा प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाये जाते रहे हैं। हाल के वर्षों में कई व्हिसल ब्लोअर्स ने 787 ड्रीमलाइनर के सुरक्षा उपायों को लेकर गंभीर चिंताए जताई थीं। जिसके बाद यूएस फ़ेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन यानी एफएए ने ड्रीमलाइनर विमान के उत्पादन और असेंबली प्रक्रियाओं की गहन जांच की थी। उल्लेखनीय है कि बोइंग की सुविधाओं के एफएए द्वारा ऑडिट करने पर निर्माण की प्रक्रिया में अनियमितताओं और कंपनी की सुरक्षा संस्कृति में खामियों का पता चला था। बल्कि व्हिसल ब्लोअर्स ने तो यहां तक भी आरोप लगाए थे कि बोइंग की कार्यप्रणाली में खामियों को उजागर करने के लिए उन्हें बदले की कार्रवाई का सामना भी करना पड़ा था। उल्लेखनीय है कि रिपब्लिक एयरवेज के सीईओ ब्रायन बेडफोर्ड, जिन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा एफएए का प्रमुख नियुक्त किया गया है, ने बुधवार को कहा था कि वर्ष 2018 और 2019 में दो बोइंग 737 मैक्स दुर्घटनाओं से जुड़ी एक प्रमुख सुरक्षा प्रणाली की विफलता के बारे में कुछ वास्तविक व गंभीर सबक सीखे गए हैं, जिसमें 346 लोगों की मृत्यु हो गई थी। निश्चित रूप से अहमदाबाद विमान हादसे के बाद भारतीय अधिकारियों को अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ गंभीर विमर्श करना चाहिए। उससे मिले इनपुट गुजरात दुर्घटना की गहन जांच करने में सहायक साबित हो सकते हैं। बहरहाल, अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 के हादसे ने सैकड़ों परिवारों को गहरे जख्म दे दिए हैं। हादसे में दो सौ से अधिक लोगों के मरने की पुष्टि हो चुकी है, वहीं एक व्यक्ति के जीवित बचने को कुदरत का करिश्मा माना जा रहा है। दूसरी ओर रिहाइशी इलाके में विमान के गिरने से हुई क्षति भी दुखद है। पुलिस द्वारा चालीस लोगों के अस्पताल में उपचाराधीन होने की बात भी कही जा रही है। कहना कठिन है कि यह कैसी स्थिति है कि एक मेडिकल कालेज के पास हुई इस दुर्घटना में घायलों को तुरंत उपचार देना संभव हो पाया है। उल्लेखनीय है कि विमान मेडिकल कालेज के छात्रों के मैस पर गिरा। उस समय छात्र लंच कर रहे थे। जिसमें कई छात्र भी घायल हुए हैं। जिनमें कई की हालत गंभीर है। निश्चय ही यह विमान हादसा हवाई यात्राओं से जुड़ी चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की जरूरत को बताता है। हवाई हादसे के कारणों की हकीकत जांच के बाद सामने आएगी लेकिन यदि हवाई यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक हुई है, तो उसकी जवाबदेही तय करने की जरूरत है।

# पिता-पुत्र का रिश्ता बेजोड़ एवं विलक्षण है

## अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस

**दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग दिन और विविध परंपराओं के कारण उत्साह एवं उमंग से यह दिवस मनाया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जिसे अपने पिता के सम्मान के लिए मनाया जाता है, साथ ही पितृत्व, पैतृक बंधन और समाज में पिताओं के प्रभाव को भी याद किया जाता है। हिन्दू परंपरा के मुताबिक पितृ दिवस भाद्रपद महीने की सर्वपितृ अमावस्या के दिन होता है। पिता एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। एक ऐसा पवित्र रिश्ता जिसकी तुलना किसी और रिश्ते से नहीं हो सकती। पिता ईश्वर का सबसे अच्छा उपहार हैं। जीवन में कोई भी पिता की जगह नहीं ले सकता। पिता अपनी संतान के सच्चे शुभचिंतक एवं हितैषी होते हैं। सोनेरा डोड जब नन्ही-सी थी, तभी उनकी मां का देहांत हो गया। पिता विलियम स्मार्ट ने सोनेरो के जीवन में मां की कमी नहीं महसूस होने दी और उसे मां का भी प्यार दिया। एक दिन यूं ही सोनेरा के दिल में ख्याल आया कि आखिर एक दिन पिता के नाम क्यों नहीं हो सकता? इस तरह 19 जून 1910 को पहली बार फादर्स डे मनाया गया।**

भारतीय संस्कृति में पिता का स्थान आकाश से भी ऊंचा माना गया है, पिता की धर्म है, पिता ही संबल है, पिता ही ताकत है। पिता हर संतान के लिए एक प्रेरणा हैं, एक प्रकाश हैं और संवेदनाओं के पुंज हैं। इसके महत्व को दर्शाने और पिता व पिता तुल्य व्यक्तियों के योगदान को सम्मान देने के लिए हर साल जून महीने के तीसरे रविवार को अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस यानी फादर्स डे मनाया जाता है। इस साल 15 जून 2025 को भारत समेत विश्वभर में यह दिवस मनाया जायेगा। फादर्स डे 2025 का आधिकारिक थीम 'पिताः लचीलेपन का पोषण और भविष्य को आकार देना' है। यह थीम हमारे जीवन में पिताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालती है, जो बच्चों में सकारात्मक भावनाओं और सामाजिक विकास को बढ़ावा देते हैं। दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग दिन और विविध परंपराओं के कारण उत्साह एवं उमंग से यह दिवस मनाया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जिसे अपने पिता के सम्मान के लिए मनाया जाता है, साथ ही पितृत्व, पैतृक बंधन और समाज में पिताओं के प्रभाव को भी याद किया जाता है। हिन्दू परंपरा के मुताबिक पितृ दिवस भाद्रपद महीने की सर्वपितृ अमावस्या के दिन होता है। पिता एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। एक ऐसा पवित्र रिश्ता जिसकी तुलना किसी और रिश्ते से नहीं हो सकती। पिता ईश्वर का सबसे अच्छा उपहार हैं। जीवन में कोई भी पिता की जगह नहीं ले सकता। पिता अपनी संतान के सच्चे शुभचिंतक एवं हितैषी होते हैं। सोनेरा डोड जब नन्ही-सी थी, तभी उनकी मां का देहांत हो गया। पिता विलियम स्मार्ट ने सोनेरो के जीवन में मां की कमी नहीं महसूस होने दी और उसे मां का भी प्यार दिया। एक दिन यूं ही सोनेरा के दिल में ख्याल आया कि आखिर एक दिन पिता के नाम क्यों नहीं हो सकता? इस तरह 19 जून 1910 को पहली बार फादर्स डे मनाया गया। 1924 में अमेरिकी राष्ट्रपति कैल्विन कोली ने फादर्स डे पर अपनी सहमति दी। फिर 1966 में राष्ट्रपति लिंडन जानसन ने जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाने की आधिकारिक घोषणा की। पिता ही बच्चों की सुरक्षा, विकास व समृद्धि के बारे में सोचते हैं। बावजूद बच्चों द्वारा पिता की लगातार उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं प्रताड़ना की स्थितियों बढ़ती जा रही है, जिन पर नियंत्रण के लिये इस दिवस की विशेष उपयोगिता एवं प्रासंगिकता है। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। पिता नीम के पेड़ जैसा होता है उसके पत्ते भले ही कड़वे होते हैं पर वो छाया ठंडी देता है। पिता और बच्चों का रिश्ता इस दुनिया में सबसे अलग होता है। एक तरफ पिता बच्चों को डांटते हैं, तो दूसरी तरह बच्चों से बेहद प्रेम भी करते हैं। पिता अपने बेटे की चोट पर व्यथित तो होता है लेकिन उसे बेटे के सामने मजबूत बने रहना है। ताकि बेटा उसे देख कर जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों में पिता को देवतुल्य माना गया है। हमारे ग्रन्थों में माता-पिता और गुरु तीनों को ही देवता माना गया है। इनकी सेवा और भक्ति में कसर रह जाए तो फिर ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं। और अगर हमने इनकी सेवा पूरे मन से की तो भगवान स्वयं कच्चे धागे से बंधे भक्त के पीछे-पीछे चल पड़ते हैं। इस दिवस को मनाने के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं, परन्तु सभी का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि वे अपने पिता के योगदान को न भूलें और उनको अकेलेपन की कमी को महसूस न होने दें। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि पिता की आज्ञा से भगवान श्रीराम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को काँवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। आज के पिता समाज-परिवार से कटे रहते हैं और सामान्यतः इस बात से सर्वाधिक दुःखी है कि जीवन का विशद अनुभव होने के बावजूद कोई उनकी राय न तो लेना चाहता है और न ही उनकी राय को महत्व देता है। समाज में अपनी एक तरह से अहमियत न समझे जाने के कारण हमारे पिता दुःखी, उपेक्षित एवं त्रासद जीवन जीने को विवश है। पिता को इस दुःख और कष्ट से छुटकारा दिलाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। माँ ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। माँ से ही बनता घर है पर पिता घर का सहारा है। माँ से स्वर्ग है माँ से बैकुंठ, माँ से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पिता ही है। उन्हीं पिता के सम्मान में पितृ दिवस मनाया जाता है। आधुनिक समाज में पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाने की अपेक्षा है। हर पिता अपने पुत्र की निषेधात्मक और दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करके नया जीवन प्रदान करता है। वरुण जल का देवता होता है। जैसे जल वस्त्र आदि के मैल को दूर करता है, वैसे ही पिता पुत्र की मानसिक कलुषता को दूर कर सद्संस्कारों का बीजारोपण करता है एवं उसके व्यक्तित्व को नव्य और स्वच्छ रूप प्रदान करता है। चन्द्रमा सबको शांति और अह्लाद प्रदान करता है, वैसे ही पिता की प्रेरणाएं पुत्र को मानसिक प्रसन्नता और परम शांति देती है। जैसे औषधि दुख, दर्द और पीड़ा का हरण करती है, वैसे ही पिता शिव शंकर की भांति पुत्र के सारे



अवसाद और दुखों का हरण करते हैं। पय का अर्थ है-दूध। जैसे माता का दूध पुष्टि प्रदान करता है, वैसे ही पिता पुत्र के आत्मिक बल को पुष्ट करते हैं। मेरे लिये मेरे पिता स्व. श्री रामस्वरूपजी गर्ग देवतुल्य एवं गहन आध्यात्मिक-धार्मिक जीवट वाले व्यक्तित्व थे। उनकी जैसी सादगी, उनकी जैसी सरलता, उनकी जैसा समर्पण, उनकी जैसी धार्मिकता, उनकी जैसी पारिवारिक नेतृत्वशीलता और उनकी जैसी संवेदनशीलता को जीना दुर्लभ है। उन्होंने परिवार एवं समाज को समृद्धशाली और शक्तिशाली बनाने की दृष्टि से उल्लेखनीय कार्य किया। मेरे लिये तो वे आज भी दिव्य ऊर्जा के केन्द्र हैं। मेरे पिता मेरे आदर्श हैं, मेरे पिता संघर्ष की आंधियों में हौसलों की उड़ान रहे तो आत्मविश्वास की दीवार रहे। पिता आंसुओं और मुस्कान का एक समुच्चय है, जो बेटे के दुख में रोता तो सुख में हंसता है। उसे आसमान छूता देख अपने को कद्दावर मानता है तो राह भटकते देख अपनी किस्मत की बुरी लकीरों को कोसता है। पिता गंगोत्री की वह बूंद है जो गंगा सागर तक एक-एक तट, एक-एक घाट को पवित्र करने के लिए धोता रहता है। पिता वह आग है जो घड़े को पकाता है, लेकिन जलाता नहीं जरा भी। वह ऐसी चिंगारी है जो जरूरत के वक्त बेटे को शोले में तब्दील करता है। वह ऐसा सूरज है, जो सुबह पक्षियों के कलरव के साथ धरती पर हलचल शुरू करता है, दोपहर में तपता है और शाम को धीरे से चांद को लिए रास्ता छोड़ देता है। पिता वह पूनम का चांद है जो बच्चे के बचपने में रहता है, तो धीरे-धीरे घटता हुआ क्रमशः अमावस का हो जाता है। पिता समंदर के जैसा भी है, जिसकी सतह पर असंख्य लहरें खेलती हैं, तो जिसकी गहराई में खामोशी ही खामोशी है। वह चखने में भले खारा लगे, लेकिन जब बारिश बन खेतों में आता है तो मीठे से मीठा हो जाता है। बचपन में चॉकलेट, खिलौने दिलाने से लेकर युवावर्ग तक बाइक, कार, लैपटॉप और उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने तक संतान की सभी माँगों को पिता ही पूरा करते रहते हैं लेकिन एक समय ऐसा आता है जब भागदौड़ भरी इस जिंदगी में बच्चों के पास अपने पिता के लिए समय नहीं मिल पाता है। इसी को ध्यान में रखकर पितृ दिवस मनाने की परंपरा का आरम्भ हुआ। **– ललित गर्ग**

# मुट्ठी में शीतलपेय

## अरविन्द मोहन

जून में कायदे से गर्मी की, लू की, लू से मरने वालों की और गर्मी की बीमारियों की चर्चा होनी चाहिए, एसी-कूलर की बिक्री की चर्चा होनी चाहिए, पर हो रही है आंधी-तूफान-बारिश और जल-जमाव की। इससे भी कम चर्चा है, गर्मी में सर्दी के नाम पर आग लगाने वाली कोल्ड-ड्रिंक कंपनियों की लड़ाई की। गर्मी के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का सीजन भी बीत गया और जिस क्रिकेट और आईपीएल को बहाना बनाकर पेप्सी और कोक महाभारत सी जंग लड़ा करते थे, उस ट्राफी का प्रायोजक बनने की लड़ाई लड़ते थे, वह न होने पर एक आभासी युद्ध लड़ते थे, विपणन और विज्ञापन जगत अपनी प्रतिभा को इस सीजन के लिए बचाकर रखता था, वह सब इस सीजन में कहीं नहीं दिख रहा। एक खामोशी है, जबकि शीतल पेय बाजार तो झाग में, सनसनी में ही ज्यादा भरोसा करता है। उसके बिना न तो चार पैसे की चीज पंद्रह और बीस रुपए में बेची जा सकती है, न एक गैर-जरूरी और एक हद तक नुकसानदेह पेय को हम-आप शान से पी सकते हैं। इसी के सहारे दो बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां हजारों करोड़ का कारोबार कर चुकी हैं और सारे देसी ब्रांड लगभग समाप्त कर चुकी हैं। शीतल-पेय गांव-देहात में भी मिलता है, फैशन की चीज बन गया है, पर इस बार की शांति एक और कारण से ज्यादा चुभने वाली है। इस बार शीतल-पेय बाजार में एक नया खिलाड़ी उतरा है जिसने दमदार दखल दी है। बाजार में आने के साथ ही उसने एक बड़े हिस्से पर कब्जा किया है, स्थापित ब्रांडों को झकझोरा है, वितरकों को निहाल कर दिया है। ग्राहक भी पुरानी कीमत में पेय की मात्रा लगभग दोगुनी पाकर खुश हैं और लग रहा है कि देश का शीतल पेय बाजार बदलने जा रहा है। दशकों पहले मर से गए एक ब्रांड, कैम्पा कोला को पार्ले ड्रिंक्स वाले चौहान से मामूली कीमत पर खरीदकर मुकेश अंबानी और रिलायंस ने एक नए कारोबार में पैर बढ़ाए हैं और वहां के सारे समीकरण बदल दिए है। प्रतिद्वंद्वी ब्रांडों ने कीमत कम की है, मात्रा बढ़ाने की कोशिश भी हो रही है, लेकिन ग्राहक और नीचे तक के वितरक दूसरे ब्रांड से पट जाएं तो काम आसान नहीं रहता। पेप्सी और कोक की तरफ से अभी जवाबी हमला नहीं हुआ है, लेकिन बाजार तो बदलता दिखता है। जानकार मानते हैं कि कैम्पा का शेयर दहाई में आ चुका है। जिस आईपीएल के प्रसारण में कोक और पेप्सी तथा भारत में बिकने वाले उनके सबसे लोकप्रिय ब्रांड थम्सअप के नए-नए विज्ञापनों की बाढ़ रहती थी, एक-दूसरे को गुलाब जामुन और घटिया स्वाद वाला बताया जाता था, जिस लाल को अपना और नीले को दुश्मन बताया जाता था, वैसा इस बार कुछ नहीं है। दक्षिण के एक हीरो का बहुत औसत किस्म का विज्ञापन ही बार-बार दोहराया जा रहा था और सूचना दे रहा था कि कोक-पेप्सी दौर के पहले जिस कैम्पा का जलवा था, वह वापस लौट आया है। पेप्सी ने पार्ले ड्रिंक्स से काफी कुछ खरीदा था, लेकिन इन ब्रांडों को मरने के लिए छोड़ दिया था। पुराने मालिक बिसलेरी में ऐसे लग गए कि इन ब्रांडों को सचमुच भूल गए। उनको कोक-पेप्सी की लड़ाई में गुंजाइश नहीं लगी। अब रिलायंस ने नए क्षेत्र में उतरने के फैसले के साथ इस पुराने ब्रांड पर दांव लगाया है। जानकार मानते हैं कि रिलायंस बड़े स्तर के व्यापार, ग्राहक और वितरक को ज्यादा-से-ज्यादा लाभ देने की रणनीति से धमका रहा है। सांसदों और सरकार के सहारे कायदे-कानून बदलवाना, बाजार और विज्ञापन जगत में मारकाट की पेप्सी और कोक वाली रणनीति उसने नहीं अपनाई है। अपने पांव जमाने के लिए सरकार पर दबाव बनाने तथा बड़ी संख्या में सांसद जुटाकर अपना कानून बनवाने वाली पेप्सी के लिए यह भी कहा जाता है कि उसने एक आयात के बदले तीन निर्यात वाला प्रलोभनकारी दांव भी धोखे वाला खेल किया और जाने किस प्रभाव में समाजवादी कहलाने वाले मंत्री शरद यादव ने उस करार पर दस्तखत कर दिए। उस करार में यह नहीं लिखा था कि-शीतलपेय का कन्संट्रेट जितनी मात्रा में आयात होगा, निर्यात भी शीतलपेय का ही होगा। हमने देखा कि पेप्सी ने किस तरह छोटे निर्यातकों को थोड़े ज्यादा पैसे देकर उनके बासमती, चाय, झींगा, मसाले और इसी तरह की चीजों की खेप पर अपना मोहरा लगाकर, अपने निर्यात का कोटा पूरा किया। उसने एक पैसे का भी शीतलपेय निर्यात नहीं किया। कानून बदलते ही कोक भी पधार गया तथा स्वदेशी की ठेकेदारी करने वाले रमेश चौहान ने एक मोटा पैसा लिया और ज्यादातर धंधों से हाथ खींच लिया।

## सेहत मंत्र

# ज्यादा समय स्क्रीन पर बिताते हैं तो रहें सावधान! रखें आंखों का ध्यान

वर्तमान समय में, लोगों का अधिकतर समय स्क्रीन के सामने ही बीतता है। इसमें सिर्फ छोटे बच्चे ही शामिल नहीं हैं, बल्कि व्यस्क लोग भी कंप्यूटर व स्मार्ट फोन पर काफी समय बिताते हैं। लगातार स्क्रीन पर समय बिताने से आपको कई तरह की शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन्हीं में से एक है आंखों का कमजोर होना। जो लोग अपनी आंखों का सही तरह से ख्याल नहीं रखते, उनकी नजरें कम उम्र में ही कमजोर हो जाती हैं। तो चलिए आज हम आपको कुछ ऐसे व्यायाम के बारे में बताते हैं, जिनकी मदद से आप अपनी आंखों को चुस्त व तंदुरूस्त रख सकते हैं। आई रोलिंग : आंखों के लिए इस व्यायाम को काफी अच्छा माना जाता है। यह आपकी आंखों को तंदुरूस्त बनाने के साथ?साथ उसकी थकावट को भी दूर करता है। इसके लिए आप अपनी आंखों को पहले क्लॉकवाइज घुमाएं और फिर एंटी?क्लॉकवाइज घुमाएं। करीबन एक मिनट तक ऐसा करने के बाद आप अपनी आंखों को बंद कर लें। ठीक इसी तरह आप कम से कम 30?30 सेंकड तक आंखों को ऊपर-नीचे भी जरूर घुमाएं। आंखों को ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर घुमाते हुए ध्यान रखें कि आपकी आंखों की दिशा में परिवर्तन न हो, अन्यथा इससे आपको लाभ के स्थान पर हानि भी उठानी पड़ सकती है। त्राटकः यह एक ऐसा योगाभ्यास है जो न सिर्फ आंखों की रोशनी को बढ़ाता है, बल्कि इसके सभी विकारों को दूर करने का माद्दा रखता है। इसके लिए आप अपनी आंखों के समानांतर किसी भी एक चीज को ध्यान लगाकर तब तक देखें, जब तक आंखों में पानी न आ जाए या फिर आंखों में दर्द शुरू न हो जाए। जब ऐसा हो तो आप आंखें बंद कर लें और फिर कुछ क्षण बाद आंखों को खोलें। अगर आपको अपनी आंखों में थकान महसूस हो रही है तो आप पहले अपनी हथेलियों को आपस में रगड़ें। इससे वे गर्म हो जाएंगी। अब आप आंखें बंद करके अपनी हथेलियों को उसके ऊपर रखें। करीबन दस सेंकड इसे रखने के बाद हाथ हटा लें।

## धर्म मंत्र

# हरे रंग से प्रसन्न होते हैं चंद्रमा और बृहस्पति के प्रिय बुध देव

बुधवार को बुध ग्रह की पूजा की जाती है, जिन्हें चंद्रमा और बृहस्पति दोनों अपना पुत्र मानते हैं। इसीलिये उनमें चंद्रमा और बृहस्पति दोनों के गुण पाये जाते हैं। इच्छा पूर्ति के लिए करें बुध का व्रतः बुधवार के दिन श्री गणेश जी की पूजा करना बहुत ही शुभ माना जाता है। कहते हैं कि बुधवार का व्रत करने से बौद्धिक विकास होता है। बुधवार का व्रत बुध ग्रह से शुभ परिणाम प्राप्त करने के लिए किया जाता है। साथ ही इस व्रत को इच्छाओं को पूरा करने और धन, सुख आदि को प्राप्त करने के लिए भी किया जाता है। अग्नि पुराण के अनुसार बुध का व्रत शुरू करने का सर्वोत्म समय तब होता है जब बुधवार विशाखा नक्षत्र में हो। ये व्रत लगातार सात बुधवार तक करने पर अत्यंत लाभदायक होता है। बुधवार के व्रत का आरंभ गणेश जी के साथ नवग्रहों की पूजा से करना चाहिए। व्रत के दौरान भागवत महापुराण का पाठ करने से भी लाभ होता है। ऐसे करें बुधवार का व्रत एवं पूजनः सामान्य रूप से बुधवार व्रत शुक्ल पक्ष के पहले बुधवार से शुरू करना अच्छा होता है। इस दिन पूजा करने के लिए प्रातः सभी नित्य कार्यों से निवृत्त होकर शुद्ध होने के बाद भगवान बुध की पूजा करें। इस व्रत को करने वाला यदि पूजा के समय हरे रंग की माला और वस्त्र धारण करें तो शुभ फल मिलता है ऐसा माना जाता है। बुधवार को पूरे दिन व्रत के बाद शाम को फिर से पूजा करें। इस व्रत में हरे रंग के वस्त्रों, फूलों और सब्जियों का दान देना उत्तम होता है। इस दिन एक समय दही, मूंग दाल का हलवा या हरी वस्तु से बनी चीजों का भोजन करना चाहिए। भगवान को भी हरे रंग की वस्तुयें समर्पित की जानी चाहिए।

## पर्यटन



# सिंगापुर एशिया का सबसे खूबसूरत देश

अगर आप भी विदेश भ्रमण करना चाहते हैं तो सिंगापुर द्वीप को चुनना आपके लिए फायदेमंद रहेगा, क्योंकि यहां पर कई धर्मों में विश्वास रखने वाले, विभिन्न देशों की संस्कृति, इतिहास तथा भाषा के लोग एकजुट होकर रहते हैं। सिंगापुर दक्षिण एशिया में मलेशिया तथा इंडोनेशिया के बीच में स्थित है। वैसे तो सिंगापुर को सिंहों का पुर माना जाता है यानी इसे सिंहों का शहर भी कहा जाता है। इस शहर को प्रकृति का वरदान प्राप्त है। यहां मुख्य रूप से चाइनीज और अंग्रेजी भाषा प्रचलित हैं। यहां कई मनोरंजक स्थल हैं, साथ ही यह आधुनिक तकनीक तथा सर्वसुविधा युक्त संपन्न शहर है। सैर-सपाटे की दृष्टि से कई प्रकार के मनोरंजक स्थल मौजूद हैं, जो पर्यटकों का मन लुभाते हैं। विश्व के सबसे प्रमुख बंदरगाहों में से एक सिंगापुर है तथा यह प्रमुख व्यापारिक केंद्र भी है। यहां का हवाई अड्डा आधुनिक तकनीक तथा सर्वसुविधा संपन्न है। यहां के कई मनमोहक दृश्य देखने के बाद आंखों के सामने उन नजरों को हटाना मुश्किल सा लगता है। सिंगापुर का रुख करने के बाद अगर आप वहां भारत देखना चाहते हैं तो एक स्थान ऐसा भी है, जहां पर भारतीय खान-पान और सारी अन्य वस्तुएं आसानी से मिल जाती है। दक्षिण भारतीय उडलैंड होटल के पास आप कई तरह की चीजें देख सकते हैं। इसके साथ ही यहां अनेक तरह की भारतीय पोशाकें भी आसानी से प्राप्त जाती है। सिंगापुर के बड़े-बड़े बहुमंजिला मॉल्स में भी आपको हर तरह का भारतीय सामान देखने को मिल सकता हैं। एक किंवदंती के अनुसार चौदहवीं शताब्दी में सुमात्रा द्वीप का एक हिंदू राजकुमार जब शिकार हेतु सिंगापुर द्वीप गया, तो वहां के जंगलों में सिंहों को देखकर उसने उक्त द्वीप का नामकरण सिंगापुरा अर्थात सिंहों का द्वीप कर दिया था। सिंगापुर के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में यहां के तीन संग्रहालय, जूरोंग बर्ड पार्क, रेप्टाइल पार्क, जूलॉजिकल गार्डन, साइंस सेंटर सेंटोसा द्वीप, पार्लियामेंट हाउस, हिन्दू, चीनी व बौद्ध मंदिर तथा चीनी व जापानी बाग देखने लायक हैं। यहां पर जंगल, पहाड़, झरने तथा यहां के लहलहाते पेड़-पौधों व फूलों के बीच से रेलगाड़ी गुजरती है। यह देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो हम कोई स्वप्न देख रहे हो। यहां के बॉटनिकल गार्डन में विभिन्न प्रकार के रंगबिरंगे आर्किड फूल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

# महादेवा कॉरिडोर योजना, प्रगति धीमी शिवभक्तों में निराशा, आक्रोश भी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। प्रसिद्ध तीर्थस्थल श्रीलोधेश्वर महादेवा अपने पौराणिक एवं धार्मिक महत्व के लिए उत्तर भारत में सुविख्यात है। सरयू (घाघरा) नदी तट पर स्थित यह तीर्थ स्थल प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण होने के साथ ही करोड़ों जनमानस की आस्था का केंद्र है। हर साल शिवरात्रि व सावन के महीने में यहां भव्य मेला आयोजन होते हैं जिनमें दूर-दूर से श्रद्धालु जुटते हैं।लोधेश्वर महादेवा मठ की धार्मिक महत्ता और श्रद्धालुओं की आस्था के दृष्टिगत श्रद्धालु भक्तों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2023 में अयोध्या एवं काशी कॉरिडोर की तर्ज पर लोधेश्वर महादेवा कॉरिडोर परियोजना की घोषणा करी और इस परियोजना के लिए राज्य सरकार ने फरवरी माह में 49.01करोड़ की धनराशि स्वीकृत कर कॉरिडोर योजना को मंजूरी प्रदान कर दी। जिसमें से 8 करोड़ रुपये की पहली किस्त टोकन मनी रूप में जारी हुईं ।इस परियोजना के माध्यम से मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक गलियारे पार्किंग स्थल धर्मशाला घाट निर्माण प्रकाश व्यवस्था और अन्य अवस्थापना विकास कार्य प्रस्तावित थे।उद्देश्य यह था कि महादेवा धाम को एक भव्य तीर्थस्थल का रूप दिया जाए।घोषणा को दो वर्ष बीत जाने के बावजूद परियोजना की स्थिति बेहद निराशाजनक बनी हुई है।अभी तक कॉरिडोर निर्माण कार्य की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया ही अधूरी है।कुछ मकानों को तोड़ा गया है और कुछ को मुआवजा भी दिया जा चुका है प्रशासन ने अप्रैल में मुनादी करवाई थी कि जिन को मुआवजा मिल चुका है वे अपने घर खाली कर दें।लेकिन स्थानीय निवासियों की अनिच्छा और अदालती विवादों के चलते यह प्रयास विफल रहा।कुछ भूखंडों को लेकर न्यायालयों में वाद विचाराधीन हैं जिससे निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। लोक निर्माण विभाग ने केसरीपुर से लोधौरा तक सड़क को चौड़ा किया है जोकि परियोजना का प्रथम चरण है।बहुप्रतीक्षित श्रद्धालुगणों में प्रगति की सुस्त रफ्तार से असंतोष बढ़ने लगा है।अब सभी श्रद्धालुओं की भक्तिमय आशाएं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथजी से लग गई हैं।लोगों में अटल विश्वास है कि योगीजी इस परियोजना को प्राथमिकता देकर महादेवा कॉरिडोर का सपना साकार करेंगे।आशा है कि शीघ्र ही महादेवा कॉरिडोर भगवान श्रीलोधेश्वरजी की इच्छा से कोटि कोटि श्रद्धालुओं की आशाओं का प्रत्यक्ष प्रतीक होगा।

## तूल दे रहे हैं गदगद स्वयंभू महंत बीपी दास " बाबा जी"



**तहसील कार्मिको के मुनाफ़े का जरिया कॉरिडोर''**

महादेव कॉरिडोर योजना को मूर्त रूप देर समीर पास सकेगा, फिल्म वक्त तहसील कर्मियों के लिए करी रोड योजना लाभ का साधन बनी है।

तहसील कर्मियों ने जिसे चाहा जैसे चाहा उसका मुआवजा बनाया और भुगतान कराया। और जी भर अपनी भी थैली भारी।

मठ संपत्ति का कवि करोड़ मुआवजा एक सेवानिवृत शिक्षक के नाम करा दिया, समय रहते मठ रिसीवर अपने शिकायत की और जिलाधिकारी ने भुगतान रोकवा दिया था।

तत्कालीन उप जिला अधिकारी को स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अवैध कब्जेदारों को भुगतान न करने की लिखित शिकायत की, लेकिन साहब हुजूर नहीं माने चर्चा आम है कि अतिक्रमणकारियों से साठगांठ कर भुगतान का रास्ता बनाया गया। अफवाह में सत्यता इस बात से भी लगती है कि उच्च न्यायालय के आदेश पर भी तत्कालीन एसडीएम ने मठ मंदिर की अतिक्रमित संपत्ति/ भूमि मुक्त नहीं कराया।

**नवनिर्माण की होड़**

अब जब कॉरिडोर योजना को और विस्तृत किया जाना है, और इस बाबत मंत्री सतीश शर्मा के प्रयास से 49 करोड की मंजूरी भी आ चुकी है। क्षेत्रीय लेखपाल ने महादेवा के लोगों से खाली पड़ी जमीनों पर आधे अधूरे नींव पड़े मकान को बड़ा-बड़ा आकार देकर बनाने की सलाह दी है। ताकि उन्हें भारी मुआवजा देकर वह भी कुछ लाभ कमा सके। जिला पंचायत और श्रम विभाग की नव निर्माण में मौन स्वीकृति भी कम आश्चर्यजनक नहीं है।

**पुरोहित परिवार में आक्रोश**

लोधेश्वर महादेव मंदिर का पुरोहित परिवार मठ मंदिर प्रबंधन से बहुत ही नाराज़ हैं। स्मरणीय है कि महादेवा मंदिर में पुरोहित परिवार का आधा हिस्सा है। परंतु मंदिर में आने वाले चढ़ावा का हिस्सा मठ रिसीवर द्वारा वितरण पारदरशिता पूर्ण नहीं किया जाता। सेकंड अपील की आड पर एक पक्ष पूरी तरह से रिसीवर का साथी बना हुआ है और मंदिर में ठेकेदारी प्रथा हावी है। यही वह पक्ष है जिसने मठ मंदिर की अधिकांश जमीन ऑन पर कब्जा जमाए हुए हैं व मंदिर स्वामित्व बाग भूमि कब बड़ा हिस्सा बेच लिया है जिस पर दो दर्शन से अधिक गैर हिंदुओं ने घर बना लिए हैं। पुरोहित परिवार के विद्वान पजारी

पंडित गोविंद जी बताते है कि अब जब कई विवाद सामने आए हैं तब उन्हें पता चला है कि सिविल कोर्ट के द्वारा मठ मंदिर की चिन्हित संपत्ति पर भारी अतिक्रमण है।

न्यायालय ने किसी को भी हस्तक्षेप न करने की हिदायत दी है, इसके बाद भी न्यायालय के अवमानना सबसे पहले मठ रिसीवर द्वारा की गई। बताते हैं कि आम चर्चा है कि पर्यटन विभाग के ठेकेदार से अच्छी खासी रकम लेकर मंदिर परिसर में टीन शेड व शौचालय बनवा दिया गया।

**क्या कहते हैं नवागत एसडीएम**

इस विषय में पर्यटन विभाग अयोध्या के उपनिदेशक से दूरभाष पर संपर्क करने की कोशिश की,किंतु फोन नहीं उठा।वहीं एसडीएम रामनगर विवेकशील साहब ने बताया कि क्रमवार कार्य चल रहा है जिनकी रजिस्ट्री हो चुकी है उनके मकान तोड़े जा चुके हैं। प्रक्रिया जारी है।

# सुरक्षा उपकरण से सुसज्जित हुए बिजलीकर्मी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विद्युत उपकेंद्र कुर्सी में उपखंड अधिकारी सर्वेश कुमार की मौजूदगी में दर्जन भर से अधिक विद्युत कर्मियों को सुरक्षा उपकरण का वितरण शनिवार को किया गया।जिसमें हेलमेट, दस्ताने, सुरक्षा बेल्ट और अन्य आवश्यक उपकरण शामिल हैं। यह वितरण विद्युत कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए किया गया है।

सुरक्षा उपकरणों के वितरण के साथ, विद्युत कर्मियों को इन उपकरणों के सही उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया है। यह प्रशिक्षण सुरक्षा के महत्व पर जोर देता है और यह सुनिश्चित करता है कि कर्मचारी उपकरणों का प्रभावी ढंग से उपयोग कर सकें।



सुरक्षा उपकरणों के वितरण और प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्युत कर्मियों को सुरक्षित कार्य वातावरण प्रदान करना है, जिससे वे बिना किसी डर के अपना काम कर सकें। यह न केवल कर्मियों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता को भी बनाए रखने में मदद करता है। इस मौके जेई विकास शुक्ल व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# विकलांग का फांसी फंदे से लटकता मिला शव, हलचल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। थाना क्षेत्र के ग्राम धरौली में शनिवार की सुबह एक 45 वर्षीय विकलांग ग्रामीण का शव सागौन की बाग़ मे पेड़ से लटकता मिला। मृतक की शिनाख्त ग्राम बांसा निवासी सूरज रावत पुत्र रामनरेश के रूप मे हुई है।पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सूरजलाल पुत्र रामनरेश रावत रंजीत रावत पुत्र रामसिंह, मुकेश रावत पुत्र अयोध्या व मुन्ना पुत्र इशहाक के साझे मे भूलीगंज निवासी हरिनाम वर्मा की आम बाग़ की फ़सल खरीदी है।शुक्रवार की देर शाम सूरज घर से खाना खाने के बाद बाग की रखवाली करने वाले रामसरन पुत्र तोता राम के लिए खाना लेकर गया और शनिवार की सुबह आम की बाग़ से करीब 3 सौ मीटर की दूरी पर अवधेश मौर्य की सगौन की बाग़ मे फ़ासी फंदे से लटकता मिला। एक हाथ से विकलांग सूरज का सागौन के पेड़ से फंासी लगाना की बात ग्रामीणों के गले नहीं उतर रही। शरीर पर कई स्थानों पर चोट के निशान व दिव्यांग हाथ से खून बह रहा था। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी ।



## ढाई करोड़ रुपये से होगा 568 आवासों में विद्युतीकरण विधायक ने किया शिलान्यास

फिरोजाबाद। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को जल्द ही बिजली की सुविधा मिलेगी। दिनहुली रोड पर स्थित 568 आवासों में विद्युतीकरण के लिए ढाई करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। टूंडला के भाजपा विधायक प्रेमपाल धनगर और सदर विधायक मनीष असीजा ने हवन यज्ञ के साथ शनिवार को कार्य का शिलान्यास किया। विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने बताया कि दो साल पहले बने इन आवासों का आवंटन हो चुका है। बिजली की सुविधा न होने के कारण लाभार्थी यहां नहीं रह पा रहे थे। इस समस्या के समाधान के लिए विधायक निधि से बजट स्वीकृत कराया गया है। कॉलोनी में चार ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे। विधायक मनीष असीजा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत प्रति आवास साढ़े चार लाख रुपये खर्च किए गए हैं। इसमें ढाई लाख रुपये प्रधानमंत्री की ओर से दिए गए हैं। शेष दो लाख रुपये लाभार्थियों को किस्तों में चुकाने हैं। विद्युतीकरण के बाद लाभार्थी अपने घरों में रह सकेंगे।

# चाय दुकान में लगी आग, पुलिस व ग्रामीणों की तत्परता से टली बड़ी घटना

## दुकान में रखा हजारों का सामान जलकर खाक, लेखपाल ने आर्थिक सहायता का दिया आश्वासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी, । थाना कोठी क्षेत्र अंतर्गत कस्बे में शनिवार को एक चाय समोसे की दुकान में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। थाना परिसर के पास स्थित इस दुकान को पवन व गोलू नामक दो भाई संचालित करते हैं। घटना शनिवार अपराह्न लगभग चार बजे की है, जब दुकान पर चाय बन रही थी। इसी दौरान गैस पाइप में रिसाव से आग भड़क उठी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। घटना स्थल चौराहे पर भीड़भाड़ वाला क्षेत्र होने के कारण भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और त्वरित कार्रवाई करते हुए बाराबंकी-हैदरगढ़ मुख्य मार्ग पर यातायात रोक दिया गया। पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। इस दौरान दुकान में रखे गैस सिलेंडर में भी आग लग गई, जिससे तेज धमाके के साथ गैस लपटें उठीं।



करीब 20 मिनट तक सड़क पर यातायात पूरी तरह ठप रहा। पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों ने पानी व मिट्टी डालकर आग पर काबू पाने की भरसक कोशिश की। फायर ब्रिगेड के मौके पर पहुंचने से पूर्व ही आग काफी हद तक बुझा दी गई थी। दमकल विभाग की टीम ने पहुंचकर आग पर पूरी तरह से नियंत्रण पाया। दुकान संचालक गोलू ने बताया कि दुकान में रखी करीब नौ हजार रुपये की नकदी, कपड़े और लगभग छह हजार रुपये का होटल का अन्य सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना पर लेखपाल गुंजन सिंह भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित दुकानदार को राजस्व विभाग से यथोचित आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

स्थानीय लोगों व पुलिस की तत्परता से एक बड़ी दुर्घटना टल गई। क्षेत्र में इस घटना को लेकर पूरे दिन चर्चा बनी रही।

# मोदी सरकार के 11 वर्षों में जन-जन तक पहुंची कल्याणकारी योजनाएं : विधायक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत के अमृतकाल सेवा सुशासन संकल्प गरीब कल्याण के लिए 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम का आयोजन सुबेहा मंडल के अध्यक्ष रणवीर सिंह 'मोनू' की अध्यक्षता में कमेला में आयोजित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हैदरगढ़ के विधायक दिनेश रावत ने मोदी सरकार ने 11 वर्षों के दौरान किए गए ऐतिहासिक कार्यों की जानकारी दी।केंद्र सरकार की ओर से समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाईं गईं हैं, जिससे आमजन को काफी फायदा पहुंचा है।भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनने की और अग्रसर हैं।पिछले 11 सालों में देश की मातृशक्ति के हाथों को मजबूत किया गया। महिला समूहों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को न सिर्फ मुख्यधारा से जोड़ा बल्कि समूहों के माध्यम से देश की मातृशक्ति को रोजगार से जोड़कर मातृ शक्ति ने आत्मनिर्भरता की तरफ अपने कदम बढ़ाए। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, तीन तलाक खत्म करने, जीएसटी लागू करने और वक्फ कानून में बदलाव जैसे साहसिक फैसले लिए हैं। कहा कि मोदी सरकार के कार्यों की बदौलत अब शासन सेवा का माध्यम बन गया है। विधायक ने प्रदेश की योगी सरकार की भी तारीफ की उन्होंने कहा सरकार हर ग्राम पंचायत में मंडपम खोलने जा रही है जिससे गांव की गरीब परिवार की बेटियों की शादी उसमें हो सकेगी। हैदरगढ़ में बनने वाले मेगा फूड पार्क की भी चर्चा की।कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।




इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह , मोनू महामंत्री रंजीत सिंह महंत कृपा शंकर तिवारी रूपचंद चौरसिया डा अरविंद सिंह राम किशोर सेठ प्रधान रामानंद सिंह रविंद्र सिंह अवधेश यादव जेडी सिंह महाराज दीन पांडे राजेंद्र स्वामी दीपक तिवारी विनय शुक्ला धर्मेंद्र चौरसिया शिव मगन रावत अमीरे रावतसहित सभी पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता बंधु व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला और एक मासूम की मौत

हमीरपुर। जिले में शनिवार की शाम अचानक मौसम ने करवट ली। आसमान में बादल छा गए और तेज गर्जना के साथ हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई, जिससे गर्मी से कुछ राहत मिली। इसी बीच ग्राम दरियापुर और महमूद पुर में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला एक मासूम सहित एक भैंस की मौत हो गई।

खेतों में पशुओं को चराने गई सुरेंद्र कुमार प्रजापति की पत्नी राधा (35) एक पेड़ के नीचे खड़ी थी, तभी आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। इसी तरह थाना ललपुरा क्षेत्र के ग्राम पौथिया के मजरा महमूदपुर में आकाशीय बिजली गिरने से सात वर्षीय अनुभव की मौत हो गई जबकि उसकी चाची अनीता झुलस गई। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक भैंस की भी मौत की मौत हो गई।घटना की खबर पाकर सदर विधायक मनोज प्रजापति घटना स्थल पर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना प्रदान की। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा व सहायता प्रदान करने की मांग की है। एडीएम फाइनेंस विजय शंकर तिवारी ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से एक मासूम बालक व एक महिला की मौत हुई है।

## विवाहिता का शव बरामद



रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र ठठेरहा गांव के पास जंगल में शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का सड़ा गला शव पुलिस ने बरामद किया ।शव की पहचान कुंवरपुर निवासी सतीशकुमार की पत्नी शांति के रूप में हुई। मृतका के ससुर भल्लर प्रसाद ने कपड़ों से अपनी बहू के रूप में पहचान की। ससुराल ढेवडहरा मजरे कंधवापुर थाना असंद्रा में है, पति बाहर नौकरी करते हैं, मायके कुंवरपुर में भाई न होने की वजह से मायके में अपने बच्चों के साथ रहतीं थीं। पुलिस ने फारेंसिक टीम को बुला शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा।

## योग सप्ताह का कमला नेहरू पार्क में भव्य आगाज आज से

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के दिशा-निर्देश क्रम में एवं जिला आयुष विभाग के तत्वावधान में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित योग सप्ताह का शुभारंभ कल 15 जून को सुबह 6:00 बजे होगा। शहर मुख्यालय स्थित कमला नेहरू पार्क में कल योग सप्ताह का भव्य शुभारंभ होगा। हालांकि दव्यापक स्तर पर योग कार्यक्रमों का आयोजन संपूर्ण जनपद में ग्राम पंचायत स्तर, विकास खण्ड स्तर, एवं जनपद स्तर पर होने की पूर्ण तैयारी है। जिला आयुष समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी शंशाक त्रिपाठी ने आगामी 15 जून से 20 जून तक आयोजित योग सप्ताह एवं 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की कड़ी में आयोजित विभिन्न योग कार्यक्रमों को सुंदर एवं सामूहिक प्रयास का प्रतीक बनाने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ वीनम यादव एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ अर्चना श्रीवास्तव के नेतृत्व में रविवार को प्रातः 6:00 बजे कमला नेहरू पार्क में योग दिवस सप्ताह का भव्य शुभारंभ होगा।

## बैंक ऑफ़ इंडिया गोल्ड लोन योजना में बड़ा घोटाला

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदोसराय थाना क्षेत्र के मरकामऊ गांव स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा में गोल्ड लोन घोटाला सामने आया है। मरकामऊ के नसरुद्दीन नाम के ग्राहक ने बैंक मैनेजर समेत चार लोगों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है।नसरुद्दीन ने बताया कि दो साल पहले वह बृजेश कुमार के साथ बैंक गया था। बैंक के बाहर बरौलिया गांव के गोविंद मिले, जिन्होंने खुद को बैंक कर्मचारी बताया। गोल्ड लोन के लिए फॉर्म भरवाकर सोने का एक हार और चार कंगन लेकर एक लाख रुपए दिए गए।11 महीने बाद जब नसरुद्दीन लोन की जानकारी लेने बैंक पहुंचे, तो मैनेजर वैभव यादव ने बताया कि उनका लोन 1.45 लाख रुपए है। अतिरिक्त 45 हजार रुपए के बारे में पूछने पर बृजेश ने भुगतान का आश्वासन दिया, लेकिन टालता रहा। छः महीने बाद लोन की राशि बढ़कर 1.62 लाख रुपए हो गई। नसरुद्दीन ने चेक से पूरी राशि जमा कर दी, लेकिन उन्हें गहने वापस नहीं मिले। 15 मई की शाम को जब वह गहने मांगने बैंक पहुंचे, तो आरोपियों ने अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बैंक मैनेजर वैभव यादव, बृजेश तिवारी, गोविंद वर्मा, सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। थे।

## कोठी थाना परिसर में समाधान दिवस सम्पन्न

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । शनिवार को कोठी थाना परिसर में उपजिला अधिकारी हैदरगढ़ शम्स तबरेज खान की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में क्षेत्रीय समस्याओं के निस्तारण हेतु अधिकारियों की उपस्थिति के साथ जनसुनवाई की गई। एसडीएम के पहुंचने की सूचना मिलते ही थाना क्षेत्र के अधिकांश लेखपाल मौके पर उपस्थित दिखे, जबकि पूर्व के आयोजनों में इनकी अनुपस्थिति देखने को मिलती थी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह को भी राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों के समाधान में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 10 मामले राजस्व विभाग से जुड़े थे, जबकि 4 मामले पुलिस से संबंधित पाए गए। सभी मामलों की जांच एवं निस्तारण हेतु अलग-अलग टीमों का गठन कर दिया गया है। समाधान दिवस में उपनिरीक्षक अशोक यादव, रामनरेश यादव, राजकुमार यादव, राशिद खान, लेखपाल शिवसागर तिवारी, गुंजन सिंह, राहुल कनौजिया सहित अन्य राजस्व व पुलिस विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दक्षिण अफ्रीका बना डब्ल्यूटीसी चैंपियन

**खत्म किया 27 साल का सूखा**

**ऑस्ट्रेलिया को लॉर्ड्स में 5 विकेट से हराया**

**आखिरी बार 1998 में जीता था आईसीसी का खिताब**

एजेंसी



लंदन। एडन मार्करम की शानदार शतकीय पारी, कप्तान टेम्बा बावुमा और तेज़ गेंदबाज़ कगिसो रबाडा के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने लॉर्ड्स में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया। यह दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट क्रिकेट में पहली विश्व खिताबी जीत है और आईसीसी टूर्नामेंट में उनकी दूसरी बड़ी जीत है। इससे पहले उन्होंने 1998 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी (जो बाद में चैंपियंस ट्रॉफी कहलाया) जीती थी। यानी 27 साल बाद दक्षिण अफ्रीका ने कोई आईसीसी खिताब अपने नाम किया है। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने ''चोकर्स'' का टैग भी उतार फेंका और लॉर्ड्स के मैदान पर अपने क्रिकेट इतिहास का सबसे गौरवशाली अध्याय जोड़ा। एडन मार्करम को उनकी शतकीय पारी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। फाइनल मुकाबले में एडन मार्करम ने 136 रनों की ऐतिहासिक शतकीय पारी खेली, जिसने जीत की नींव रखी। कप्तान टेम्बा बावुमा ने भी संयमित 66 रनों की अहम पारी खेली। गेंदबाज़ी में कगिसो रबाडा ने दोनों पारियों में घातक प्रदर्शन करते हुए कुल 9 विकेट चटकाए। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टार्क ने दूसरी पारी में 58* रनों की लड़ाकू पारी खेली और कुल 3 विकेट भी लिए, लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके। कगिसो रबाडा ने मैच में कुल 9 विकेट चटकाए (पहली पारी में 5/51 और दूसरी में 4/59), जिससे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ों की कमर टूट गई। हालांकि मिचेल स्टार्क ने दूसरी पारी में नाबाद 58 रन बनाकर संघर्ष किया और कुल 3 विकेट भी लिए, लेकिन वो टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह हार करारा झटका रही, क्योंकि कप्तान पैट कमिंस की अगुवाई में टीम ने हाल ही में एशेज, पिछली वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे वर्ल्ड कप अपने नाम किए थे। लेकिन लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्हें हार का सामना करना पड़ा और उनकी विजयी लय थम गई।

# यह जानना महत्वपूर्ण है कि कब तैयार रहना है: प्रसिद्ध कृष्णा

एजेंसी



बेकेनहैम (ब्रिटेन)। भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा कि उन्होंने टीम की जरूरतों के अनुसार खेलना सीख लिया है और अब वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अपनी शानदार फॉर्म को इंग्लैंड दौरे पर भी जारी रखना चाहते हैं। चोट से उबरकर वापसी करने वाले प्रसिद्ध ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया और सर्वाधिक विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल की। वह अब इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला को लेकर उत्साहित हैं। भारतीय टीम अभी यहां आपस में ही अभ्यास मैच खेल रही है। प्रसिद्ध ने बीसीसीआई टीवी से कहा, ''आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि जब आपका मौका आए तो आप उसके लिए तैयार रहें लेकिन आप वास्तव में लंबे समय तक ध्यान केंद्रित नहीं रख सकते हैं, खासकर जब आप बाहर बैठे हों, इसलिए आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप थोड़ा मौज-मस्ती भी करें। उन्होंने कहा,''जब आप जानते हैं कि आप स्थिति को भांप सकते हैं, तो आप यह सुनिश्चित करते हैं कि आप विशेष परिस्थितियों में अपनी टीम की मदद करें। यह सुनिश्चित करें कि आप पूरी तरह से तैयार रहें, क्योंकि खेल में कुछ भी हो सकता है, यही अपने आप में क्रिकेट की खूबसूरती है। प्रसिद्ध ने कहा, ''मुझे लगता है कि हम सभी इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं कि कब स्विच ऑन और कब स्विच ऑफ करना है। गुजरात टाइटंस की तरफ से आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करके भारतीय टीम में जगह बनाने वाले प्रसिद्ध ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले यहां कुछ अभ्यास मैच खेलने से टीम को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा, '''हम सभी के लिए मैदान पर कुछ समय बिताना बेहद महत्वपूर्ण है। आज भी हमने यही किया। यह एक अच्छी, बढ़िया और सख्त पिच लग रही है। गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की जबकि बल्लेबाजों ने भी जज्बा दिखाया।

# एशियन आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप : भारतीय जिम्नास्ट प्रणति नायक ने वॉल्ट में जीता कांस्य

एजेंसी



नई दिल्ली। दक्षिण कोरिया के जेचियोन जिमनैजियम में चल रही एशियन आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप 2025 में भारत की प्रणति नायक ने वॉल्ट स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। शनिवार को हुए फाइनल में 30 वर्षीय प्रणति ने 13.466 स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में चीन की यिहान झांग ने स्वर्ण और वियतनाम की गुयेन थी क्विन्ह न्हु ने रजत पदक जीता। वहीं भारत की ही एक और प्रतिभागी प्रतिष्ठा सामंता 13.016 स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहीं और पदक से चूक गईं। यह कांस्य पदक प्रणति नायक के एशियाई चैंपियनशिप करियर का तीसरा पदक है। उन्होंने इससे पहले 2019 (उलानबातार) और 2022 (दोहा) में भी वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। इसके साथ ही उन्होंने दीपा करमाकर के दो पदकों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए भारत की ओर से इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा पदक जीतने वाली जिम्नास्ट बन गई हैं। इस साल मार्च में भी प्रणति ने तुर्की के अंताल्या में हुए FIG आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक अप्परैटस वर्ल्ड कप में वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उनका यह निरंतर प्रदर्शन भारतीय जिम्नास्टिक के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

# एमसीसी ने 'बन्नी हॉप' बाउंड्री कैच को अवैध माना, नया नियम इसी महीने लागू होगा

एजेंसी



लंदन। क्रिकेट के नियमों के संरक्षक मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने 'बन्नी हॉप' यानि सीमा रेखा के बाहर कई बार हवा में उछलकर कैच करने को गैरकानूनी माना है तथा इस संदर्भ में नए नियम इसी महीने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के खेल की परिस्थितियों से जुड़ी शर्तों और अगले साल अक्टूबर से एमसीसी के नियमों में शामिल कर लिया जाएगा। इस नए नियम के लागू होने के बाद बीबीएल 2023 के दौरान माइकल नेसर और 2020 में मैट रेनशॉ की मदद से टॉम बैंटन द्वारा लिए गए शानदार कैच वैध नहीं माने जाएंगे। आईसीसी ने इस संदर्भ में अपने सदस्य बोर्ड को एक नोट भेजा है जिसने कहा गया है कि वर्तमान नियमों के अनुसार कुछ शानदार कैच देखने को मिले लेकिन इस नियम के कारण कुछ असामान्य देखने वाले कैच भी वैध मान दिए गए जो अधिकतर क्रिकेट प्रेमियों को भी अनुचित लगे। एमसीसी ने नेसर द्वारा लिए गए कैच का जिक्र करते हुए कहा कि फील्डर ने बाउंड्री के अंदर कैच पूरा करने से पहले 'बन्नी हॉप'' किया। नियमों के अनुसार हालांकि यह तब सही था लेकिन ऐसा लग रहा था कि फील्डर सचमुच में सीमा रेखा से कई बार बाहर निकल गया था। इन दोनों घटनाओं ने नई बहस को जन्म दिया जिसके बाद आईसीसी और एमसीसी को अपने नियम 19.5.2 की समीक्षा करनी पड़ी। एमसीसी ने अब स्पष्ट किया है कि सीमा रेखा के पार से छलांग लगाने के बाद गेंद के साथ दूसरी बार संपर्क बनाने के लिए किसी भी क्षेत्ररक्षक को सीमा रेखा के अंदर मैदान पर आना होगा अन्यथा उसे बाउंड्री मान लिया जाएगा। नोट में कहा गया है, ''एमसीसी ने इसे एक नया शब्द 'बन्नी हॉप' दिया है जिसे अब गैरकानूनी माना जाएगा लेकिन इस तरह के कैच, जिनमें क्षेत्ररक्षक गेंद को सीमा रेखा के अंदर फेंकने के बाद बाहर कदम रखता है और फिर सीमा रेखा के अंदर जाकर उसे कैच करता है तो इस तरह के कैच को वैध माना जाएगा।' नए नियम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नए चक्र की शुरुआत में ही लागू हो जाएंगे जिसका पहला मैच 17 जून से श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में खेला जाएगा। नियमों में बदलाव आधिकारिक तौर पर अक्टूबर 2026 से लागू होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक में दो साल में 115 समझौतों से 6.57 लाख करोड़ रुपये का निवेश: मंत्री

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के विशाल एवं मध्यम उद्योग मंत्री एम बी पाटिल ने शुक्रवार को कहा कि पिछले दो वर्षों में 115 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं जिनसे 6,57,660 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित हुआ है। पाटिल ने कहा कि इन निवेश प्रस्तावों पर अमल से समूचे राज्य में लगभग 2,32,771 नौकरियां पैदा होने का अनुमान है। उन्होंने अपने मंत्रालय की दो साल की प्रगति रिपोर्ट पेश की जिसमें उद्योग और बुनियादी ढांचा विभागों की प्रमुख उपलब्धियों एवं कार्यक्रमों के बारे में बताया गया है। पाटिल ने कहा कि नई शुरू की गई औद्योगिक नीति 2025-30 अगले पांच वर्षों में 7.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने और 20 लाख नौकरियां पैदा करने के लिए तैयार है। उन्होंने घरेलू और वैश्विक दोनों ही तरह की कंपनियों से पूंजी निवेश हासिल करने में कर्नाटक के नेतृत्व की पुष्टि की। पाटिल ने कहा, 'फरवरी में आयोजित 'इन्वेस्ट कर्नाटक' निवेशक सम्मेलन के दौरान 98 कंपनियों ने 6,23,970 करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे। इसके अलावा 1,101 कंपनियों को 4,03,533 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के लिए राज्य स्तरीय मंजूरियां मिलीं जिनसे लगभग छह लाख नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है।

### सीए फर्मों को जोड़ने से कैग की स्वतंत्रता से कोई समझौता नहीं होगा: आईसीएआई

**नयी दिल्ली।** चार्टर्ड अकाउंटेंट के शीर्ष निकाय आईसीएआई ने शुक्रवार को कहा कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) के साथ सीए फर्मों के जुड़ाव से शीर्ष लेखा परीक्षक की स्वतंत्रता पर कोई असर नहीं पड़ेगा। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) की यह टिप्पणी मदुरै के सांसद एस वेंकटेशन द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखे जाने के बाद आई है। वेंकटेशन ने केंद्रीय स्वायत्त निकायों की लेखा परीक्षा के लिए सीए फर्मों को साथ जोड़ने की कैग की योजना पर आपत्ति जताई है। आईसीएआई ने एक विस्तृत बयान में कहा कि कैग द्वारा सीए फर्मों को जोड़ना किसी भी तरह से इसकी स्वतंत्रता या संवैधानिक कार्य से समझौता नहीं है। इसने कहा, ्लयह प्रभावी कवरेज, डोमेन-विशिष्ट ऑडिट गुणवत्ता और समय पर ऑडिट निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए एक रणनीतिक कदम है। बयान के मुताबिक, कैग का यह कदम आईसीएआई के ढांचे में निहित पेशेवर मानकों और नैतिक सुरक्षा उपायों द्वारा पूरी तरह से समर्थित है। इस योजना से संगठन (कैग) की क्षमता निर्माण में योगदान मिलने की भी उम्मीद है। तीन जून को राष्ट्रपति को लिखे पत्र में सांसद ने दावा किया कि यह कदम कैग की स्वतंत्रता और संविधान द्वारा परिकल्पित सिद्धांतों को कमजोर करता है।

### अवनि हुलेनकोर्ट महिला ओपन में दूसरे स्थान पर बरकरार

**हुलेनकोर्ट (बेल्जियम)।** भारत की अवनि प्रशांत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरे दौर में तीन अंडर 69 का कार्ड खेल कर यहां लेडीज यूरोपीय टूर के हुलेनकोर्ट महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर अपनी जगह बरकरार रखी। बेंगलुरु की रहने वाली इस 18 वर्षीय खिलाड़ी का कुल स्कोर अब सात अंडर पर है और वह शीर्ष पर चल रही जर्मनी की हेलेन ब्रीम (68-68) से सिर्फ एक स्ट्रोक पीछे है। कट में जगह बनाने वाली अन्य भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा डागर (72-73) संयुक्त 38वें स्थान पर और त्वेसा मलिक (76-70) संयुक्त 50वें स्थान पर हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली अन्य भारतीय खिलाड़ी वाणी कपूर (76-73), स्नेहा सिंह (74-75), अमनदीप द्राल (74-76) और हिताशी बक्शी (79-74) कट में जगह बनाने से चूक गयी।

### तलवार ने चेक गणराज्य में कट में प्रवेश किया

**ब्रनो (चेक गणराज्य)।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार राइफ़ेनबैंक गोल्फ चैलेंज के दूसरे दिन एक अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने में सफल रहे। शुरुआती दौर में 72 का कार्ड खेलने वाले तलवार ने इवन पार 142 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 60वें स्थान पर रहते हुए कट में प्रवेश किया। तलवार ने दूसरे दौर दो बोगी के मुकाबले तीनबर्डी लगाई। तालिका में शीर्ष पर काबिज चार खिलाड़ियों का स्कोर 10 अंडर है। इसमें स्पेन के सेबेस्टियन गार्सिया (65-67), इंग्लैंड के जोशुआ बेरी (68-64), वेल्श के स्टुअर्ट मैनले (66-66) और अमेरिका के पामर जैक्सन (65-67) के नाम शामिल है।

# कानून मंत्री मेघवाल ने संस्थागत मध्यस्थता की वकालत की, बताया भारतीय संस्कृति का हिस्सा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शनिवार को संस्थागत मध्यस्थता की वकालत करते हुए कहा कि यह भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। इससे पहले ओएनजीसी के चेयरमैन ने मध्यस्थता की कार्यवाही को 'समयबद्ध' बनाने का आग्रह किया। संस्थागत मध्यस्थता पर यहां एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि संगठनों को समय की जरूरत के हिसाब से लचीला और कठोर होने के लिए तैयार रहना चाहिए, ताकि उनके हितों की रक्षा और राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान सुनिश्चित हो सके। मेघवाल ने कहा कि अधिकारियों को जोखिम उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए और अपने संगठन के वित्तीय हितों को सुनिश्चित करने के लिए प्रचलित रास्ते पर नहीं चलना चाहिए। मेघवाल ने अफसोस जताया कि मध्यस्थता भारतीय संस्कृति का हिस्सा थी, लेकिन कहीं न कहीं यह अवधारणा 'बाधित' हो गई और अन्य देश अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के केंद्र बन गए। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत जल्द ही अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के नए केंद्र के रूप में उभरेगा। इस मौके पर सार्वजनिक क्षेत्र की ओएनजीसी के चेयरमैन अरुण कुमार सिंह ने कहा कि समय ही धन है, इसलिए मध्यस्थता की प्रक्रिया को समयबद्ध बनाने की जरूरत है, न कि 'अंतहीन'। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक विवादों का समयबद्ध तरीके से निपटारा कारोबारी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए जरूरी है। सिंह ने कहा कि विवाद मुख्यतः तीन कारणों से उत्पन्न होते हैं: अधिकारियों का अत्यधिक रूढ़िवादी होना जो अपनी जान बचाने के लिए जिम्मेदारी दूसरे पर डाल देते हैं; विक्रेताओं का अत्यधिक आशावादी होना जो कम बोली पर अनुबंध लेते हैं और बाद में काम पूरा करने में विफल हो जाते हैं और स्थिति से बचने के लिए विवाद पैदा करते हैं; और अनुबंधों में कठोरता, जो कार्यों को पूरा करना कठिन बना देती है। विधि सचिव अंजू राठी राणा ने कहा कि सरकार मध्यस्थता और बीच-बचाव प्रक्रियाओं को तेज और आसान बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने विधि मामलों के विभाग के एक हालिया निर्देश को याद किया, जिसमें न्यायिक हस्तक्षेप को कम करने और तदर्थ मध्यस्थता के बजाय संस्थागत मध्यस्थता का उपयोग करने पर जोर दिया गया है। भारतीय अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र के चेयरमैन न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) हेमंत गुप्ता ने कहा कि वाणिज्यिक विवादों को निपटाने के लिए तदर्थ प्रणाली के बजाय संस्थागत मध्यस्थता को अपनाने के लिए पक्षों की मानसिकता में बदलाव लाना होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को न्यायालय द्वारा नियुक्त मध्यस्थता की तुलना में संस्थागत मध्यस्थता के लाभों को समझना होगा।

# टीम एमजीडी1 फिडे विश्व रैपिड टीम चैम्पियनशिप जीतने वाली पहली भारतीय टीम बनी

एजेंसी

लंदन। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और प्रणव के शानदार प्रदर्शन की मदद से टीम एमजीडी1 फिडे विश्व रैपिड टीम चैम्पियनशिप का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय टीम बन गई। छठी वरीयता प्राप्त टीम एमजीडी1 ने तीन दिन में 12 राउंड में 10 जीत दर्ज की और शुक्रवार को टीम हेक्सामाइंड के साथ एक करीबी मुकाबले के बाद चैंपियन बन गई। इस प्रतियोगिता में पिछले दो अवसरों पर रजत और कांस्य पदक जीतने वाली एमजीडी1 ने पहले दिन अच्छी शुरुआत की थी लेकिन दूसरे दिन टीम फ्रीडम के खिलाफ़ ड्रॉ और टीम हेक्सामाइंड से हार के कारण उसे खिताब की दौड़ में बने रहने के लिए तीसरे दिन शानदार प्रदर्शन करने की जरूरत थी। अर्जुन एरिगैसी, पेंटाला हरिकृष्णा, लियोन मेंडोंका, डेविड एंटोन गुइजारो, त्सोलाकिडो स्टोव्रोला, प्रणव, अथर्व तायडे और कप्तान श्रीनाथ नारायणन की मौजूदगी वाली एमजीडी1 ने अंतिम चार राउंड में जीत दर्ज करके चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। अर्जुन और प्रणव की जीत आखिर में निर्णायक साबित हुई। नारायणन ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''यह जीत बेहद खास है। ओलंपियाड में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार थी लेकिन यहां एमजीडी1 को छुपा रुस्तम माना जा रहा था। इस सब के बावजूद हम स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे। टीम एमजीडी1 ने 21 अंक हासिल किए, जो टीम हेक्सामाइंड से एक अंक अधिक था। विश्वनाथन आनंद की टीम फ्रीडम 17 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अर्जुन टीम एमजीडी1 के लिए अंतिम दिन के स्टार रहे। उन्होंने चार में से 3.5 अंक बनाए। प्रणव ने अंतिम दिन अपनी सभी चार बाजियां जीती।

## स्पाइसजेट का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में तीन गुना होकर 325 करोड़ रुपये पर

एजेंसी

मुंबई। किफायती एयरलाइंस स्पाइसजेट ने शनिवार को कहा कि बीते वित्त वर्ष की मार्च 2025 तिमाही में उसका कर पश्चात एकल मुनाफा लगभग तीन गुना होकर 324.87 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एयरलाइन ने शेयर बाजार को बताया कि 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 119 करोड़ रुपये था। स्पाइसजेट ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 16 प्रतिशत घटकर 1,446.37 करोड़ रुपये रह गया, जो 2023-24 की चौथी तिमाही में 1,719.3 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024-25 में स्पाइसजेट का घाटा सालाना आधार पर 409 करोड़ रुपये से बढ़कर 580.74 करोड़ रुपये हो गया। इस अवधि में परिचालन राजस्व 25 प्रतिशत घटकर 5,284 करोड़ रुपये रह गया।

# एसबीआई ने लोन दरों में 0.50 फीसदी की कटौती की, नई दरें 15 जून से प्रभावी

**एसबीआई का होम लोन 0.50 फीसदी हुआ सस्ता अब 7.50 फीसदी पर मिलेगा कर्ज**

एजेंसी




नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के नीतिगत दर रेपो रेट में संशोधन के करने के बाद कई बैंकों ने अपने लेंडिंग रेट में कटौती की है। इसी कड़ी में देश एवं सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने अपनी प्रमुख लोन दरों में 0.50 फीसदी तक की कटौती की है। नई दरें 15 जून से लागू होंगी। स्टेट बैंक ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि लोन की ब्याज दरों में 0.50 फीसदी तक की कटौती की गई है। इस कटौती के बाद एसबीआई से सभी तरह के लोन लेना अब सस्ता हो जाएगा। अब एसबीआई की होम लोन की ब्याज दर सालाना आधार 7.50 फीसदी से शुरू होंगी। ये नई दरें 15 जून, 2025 से प्रभावी होंगी। इस कटौती के बाद एसबीआई होम लोन की ब्याज दर उधारकर्ता के सिबिल स्कोर के आधार पर 7.50 फीसदी से 8.45 फीसदी तक होगी। एसबीआई होम लोन मैक्सगेन ओडी ब्याज दर 7.75 फीसदी से 8.70 फीसदी के बीच है। इसके अलावा टॉप अप होम लोन के लिए ब्याज दर 8 फीसदी से 10.50 फीसदी के बीच है। इससे पहले यूनियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया और केनरा बैंक ने कर्ज पर ब्याज दर 0.50 फीसदी तक घटाई है। स्टेट बैंक देश का सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का ऋणदाता बैंक है। रेपो दर में कटौती से विभिन्न ऋण-लिंक्ड बेंचमार्क प्रभावित होते हैं, जिनमें बाहरी बेंचमार्क दर (ईबीआर), बाहरी बेंचमार्क उधार दर (ईबीएलआर) और रेपो लिंक्ड उधार दर (आरएलएलआर) शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि रेपो रेट में कटौती करने से बैंकों को केंद्रीय बैंक से कम ब्याज दरों पर लोन मिलता है, जिसके चलते बैंक ग्राहकों को होम लोन सस्ती दरों पर देते हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो रेट में 0.50 फीसदी की कटौती की है, जो घटकर अब 5.50 फीसदी पर आ गई है। आरबीआई के रेपो रेट में कटौती के बाद बैंकों ने भी अपने लोन दरों में कटौती शुरू कर दी है।

# ई-विधान पारदर्शी विधानसभा की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम : रिजिजू

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि दिल्ली विधानसभा में ई-विधान परियोजना की आधारशिला रखना तकनीकी दक्षता और पारदर्शिता को अपनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

श्री रिजिजू ने शनिवार को विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता की मौजूदगी में दिल्ली विधानसभा में ई-विधान (पेपरलेस विधानसभा) परियोजना की आधारशिला रखी। इस अवसर पर श्री रिजिजू ने कहा, दिल्ली विधानसभा में ई-विधान परियोजना की आधारशिला रखना तकनीकी दक्षता और पारदर्शिता को अपनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। देश के कई राज्यों ने पहले ही इस प्रणाली को सफलतापूर्वक अपनाया है और अब दिल्ली का इस राष्ट्रीय पहल से जुड़ना उत्साहवर्धक है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल काग़ज़ रहित व्यवस्था की बात नहीं करती, बल्कि विधायी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जन भागीदारी, दक्षता और डिजिटल सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। उन्होंने कहा कि देश के कई राज्यों में ई-विधान प्रणाली पहले ही सफलतापूर्वक लागू की जा चुकी है और अब दिल्ली भी इस दिशा में गंभीर कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की विशेष प्रशासनिक संरचना को देखते हुए यह डिजिटल परिवर्तन विशेष महत्व रखता है। यह परियोजना केवल काग़ज़ रहित प्रक्रिया नहीं, बल्कि पारदर्शिता, जन भागीदारी, दक्षता और डिजिटल सुरक्षा को बढ़ाने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।



विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने इसे विधानसभा की कार्यप्रणाली को अधिक दक्ष, पारदर्शी और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने बताया कि यह परियोजना राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) के अंतर्गत क्रियानवित की जा रही है, जिससे विधानसभा की कार्यवाही डिजिटली संचालित होगी और विधायकों को कार्य से जुड़ी सूचनायें रियल टाइम में डिजिटल रूप में उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा देश की पहली ऐसी विधानसभा बनने की दिशा में अग्रसर है, जो पूर्णतः नवीकरणीय ऊर्जा पर संचालित होगी। इसके लिए 500 किलोवॉट की सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित की जा रही है। साथ ही, पारंपरिक पुस्तकालय को एक आधुनिक ई-लाइब्रेरी में परिवर्तित करने और मानसून सत्र से पूर्व विधान सभा के सदन का नवीनीकरण का कार्य भी तीव्र गति से चल रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि ई-विधान परियोजना न केवल विधायी कार्यों को आधुनिक और पारदर्शी बनायेगी, बल्कि यह पर्यावरणीय जिम्मेदारी के क्षेत्र में भी एक सशक्त पहल है। उन्होंने कहा कि पेपरलेस प्रणाली की ओर यह परिवर्तन न केवल विधान प्रक्रिया को अधिक कुशल बनायेगा, बल्कि राजधानी में डिजिटल गवर्नेंस का एक नया मानक भी स्थापित करेगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने कहा, यह परियोजना दिल्ली विधानसभा को एक तकनीकी रूप से सशक्त और पारदर्शी संस्थान में परिवर्तित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

# राहुल गांधी को विदेश नीति की कोई समझ नहीं : रविशंकर

एजेंसी

पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम के फैसले पर टिप्पणी के लिए आलोचना की और कहा कि उन्हें विदेश नीति की कोई समझ नहीं है।

पाकिस्तान संरक्षित आतंकवाद और इसपर भारत के रुख के बारे में लोगों को अवगत कराने गये संसदीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल श्री प्रसाद ने यूरोपीय देशों से लौटने के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके प्रतिनिधिमंडल ने इटली, फ्रांस, ब्रिटेन, डेनमार्क, बेल्जियम और अन्य देशों का दौरा किया और वहां के नेताओं को इस मुद्दे पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर पूरी दुनिया को बताया गया कि आतंकवाद और हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान की ओर से किए जा रहे उत्पात पर भारत का रुख क्या है। साथ ही यह भी बताया गया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर क्यों शुरू किया गया।

श्री प्रसाद से पत्रकारों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान संघर्ष विराम के लिए मध्यस्थता करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे और इस पर श्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी को लेकर श्री राहुल गांधी के निशाना साधने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उन्हें विदेश नीति की कोई समझ नहीं है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तब किसी भी भाजपा नेता ने कभी भी भारत सरकार को ऐसे मुद्दे पर शर्मिंदा नहीं किया, जब देश पाकिस्तान या किसी अन्य देश के साथ सैन्य अभियान में लगा हुआ था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में, मैंने मुंबई में ताज होटल पर 26/11 के आतंकी हमले के बाद डॉ. मनमोहन सिंह सरकार को शर्मिंदा करने वाला एक भी शब्द नहीं कहा था। उन्होंने कहा कि श्री गांधी के बयानों की पाकिस्तान में सराहना हो रही है। पाकिस्तान के लोग श्री गांधी की टिप्पणियों पर ताली बजा रहे हैं। श्री प्रसाद ने कहा कि यूरोपीय देशों ने आतंकवाद पर भारत के रुख का पूरी तरह से समर्थन किया और स्पष्ट तौर पर कहा कि किसी भी रूप में आतंकवाद को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत का रूख दुनिया को अवगत कराने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए गैर भाजपा नेताओं को अधिक अवसर दिया गया। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस व्यापक सोच को दर्शाता है कि पाकिस्तान से निपटने और आतंकवाद जैसे संवेदनशील मुद्दे पर सभी दलों के नेताओं को विश्वास में लिया जाना चाहिए।

# कांग्रेस विपक्ष में बैठने लायक भी नहीं : प्रह्लाद जोशी

एजेंसी

कलाबुर्गी। केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी ने जनता का विश्वास खो दिया है और उसके नेता विपक्ष में बैठने के लायक भी नहीं हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर श्री खरगे की विवादास्पद टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री जोशी ने संवाददाताओं से कहा, ल्हमें खरगे से प्रमाणपत्र की जरुरत नहीं है। भारत के लोग तय करते हैं कि उनका नेतृत्व किसको करना चाहिए। देश की जनता ने आपको (कांग्रेस) तरह से नकार दिया है कि पिछले दो कार्यकालों में विपक्षी नेता की भूमिका भी आपकी पहुंच से बाहर हो गयी है और इस बार भी, झूठे आख्यान फैलाने के बावजूद, जहां भी चुनाव हुए हैं, लोकसभा चुनाव के बाद भी कांग्रेस को अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा है।ङ्क आप (कांग्रेस) विपक्ष में बैठने के लायक भी नहीं है, आप कैसी बकवास कर रहे हैं। श्री जोशी की तीखी टिप्पणी से राजनीतिक तनाव बढ़ने की आशंका है। गौरतलब है कि 11 जून को प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर श्री खरगे ने प्रधानमंत्री पर सरासर झूठ बोलने और वोट के लिए लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया था। श्री खरगे ने कई राष्ट्रीय मुद्दों पर सरकार से जवाबदेही की मांग करते हुए कहा, मैंने कभी ऐसा प्रधानमंत्री नहीं देखा जो इतना झूठ बोलता हो और वोट जीतने के लिए गुमराह करता हो। इस पर पलटवार करते हुए श्री जोशी ने कहा, इस तरह की टिप्पणियां लोकतांत्रिक जनादेश का अपमान हैं। उन्होंने कहा, नेहरु और इंदिरा गांधी के बाद नरेन्द्र मोदी ही लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटे हैं। यह अपने आप में जनता का निर्णय है। जब आप इस पर सवाल उठाते हैं तो इसका क्या मतलब है? यह भारत के मतदाताओं का अपमान करने के अलावा और कुछ नहीं है। इस दौरान श्री जोशी ने हाल ही में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के बारे में कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है।उन्होंने आश्वासन दिया कि भारत सरकार और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) मामले को गंभीरतापूर्ण ले रही है। उन्होंने कहा, ल्लजांच पूरी तरह से जारी है।

# विकसित भारत के लिए नई शिक्षा नीति सहायक साबित होगी : धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी

मुंबई। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को मुंबई में कहा कि विकसित भारत के लिए नई शिक्षा नीति सहायक साबित होगी। मुंबई सपनों का शहर है और देश की आर्थिक राजधानी भी। ऐसे में यहाँ पाँच विदेशी विश्वविद्यालयों का आना शिक्षा हब के रूप में शहर की छवि को और मज़बूत करेगा। केंद्रीय मंत्री ने आज यहां इन पांच अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों को आशय पत्र प्रदान किया।

धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नई शिक्षा नीति से विदेशी विश्वविद्यालय भारत में आ सकेंगे और भारतीय संस्थाएँ विदेश में अपनी शाखाएँ खोल सकेंगी। आईआईटी, आईआईएम, आईएसएफ और सिम्बायोसिस जैसी संस्थाएँ विदेशों में भी फैल रही हैं। ऐसे निर्णय भारत को विकसित और शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। आज यूनिवर्सिटी ऑफ एबरडीन (यूके), वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय (ऑस्ट्रेलिया), यॉर्क विश्वविद्यालय (यूके), इलिनॉय इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (अमेरिका) और इस्तितुतो यूरोपीओ दी डिज़ाइन इटली को आशय पत्र दिया गया है।




मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि भारत में विदेशी विश्वविद्यालयों का पहला शैक्षणिक हब मुंबई और नवी मुंबई में स्थापित किया जा रहा है। अब भारतीय छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी क्योंकि राज्य सरकार ने आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पाँच विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ आशय पत्र प्रदान किए हैं।

इस कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, राज्य के उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल, केंद्रीय शिक्षा सचिव एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष विनीत जोशी, अपर मुख्य सचिव असीम कुमार गुप्ता, सिडको के प्रबंध निदेशक विजय सिंघल, ब्रिटेन की उच्चायुक्त लिंडी कैमरॉन, ऑस्ट्रेलिया के कॉन्सुल जनरल पॉल मर्फी, अमेरिका के कॉन्सुल जनरल माइक हैंकी, इटली के कॉन्सुल जनरल वॉल्टर फ़ेरारा, यूनिवर्सिटी ऑफ एबरडीन के प्रोफ़ेसर सिलादित्य भट्टाचार्य, यॉर्क विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर चार्ली जेफ्री, वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय के उपकुलपति गॉय लिटलफ़ेयर, इलिनॉय इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के अध्यक्ष डॉ. राज ईचंबाडी, और आईईडी के डीन रिकार्डो बाल्बो उपस्थित थे।

## एक्सिओम-4 मिशन की लॉन्चिंग अब 19 जून को

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को लेकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए बहुप्रतीक्षित एक्सिओम-4 वाणिज्यिक मिशन अब 19 जून को लॉन्च होगा। यह मिशन भारत के लिए गर्व का क्षण होगा, क्योंकि शुभांशु शुक्ला, राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय होंगे, जो इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर कदम रखेंगे। इससे पहले शुभांशु का एक्सिओम-4 मिशन कई बार टल चुका है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने शनिवार को एक्स पोस्ट में बताया कि एक्सिओम-4 मिशन की लॉन्चिंग की तिथि अब 19 जून के लिए पुनर्निर्धारित की गयी है। स्पेस एक्स टीम ने पुष्टि की कि लॉन्चिंग को पहले स्थगित करने वाले सभी मुद्दों का उचित समाधान कर लिया गया है। यह मिशन 19 जून को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से फाल्कन-9 रॉकेट पर उड़ान भरेगा। यह मिशन भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसमें भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन एवं अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय दल में शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि एक्सिओम-4 मिशन को 11 जून की शाम को लॉन्च किया जाना था, लेकिन तकनीकी खराबी के चलते इसे रोकना पड़ा था। इससे पहले यह मिशन 29 मई, 8 जून और 10 जून को भी किसी न किसी कमी के चलते टाला जा चुका है।

## योग पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को योग कनेक्ट 2025: एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें दुनिया भर के अग्रणी अंतरराष्ट्रीय योग संस्थानों के एक हजार से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि आधुनिक युग में विश्व को योग की उपयोगिता समझ में आ रही है और लोग इसकी ओर आकर्षित हो रहे हैं। सम्मेलन में योग गुरु बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, प्रो एच.आर. नागेन्द्र और भिक्खु संघसेना शामिल रहे। सम्मेलन का आयोजन 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के रूप में किया गया। इस शिखर सम्मेलन में देश और विदेश के योग गुरुओं, नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और उद्योग नेताओं के साथ साथ अनेक शोधकर्ता शामिल हुए। शिखर सम्मेलन में अमेरिका, ब्रिटेन, बहरीन और दक्षिण कोरिया सहित अन्य देशों के 1000 विशेषज्ञ भी शामिल हुए।इस कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान? परिषद ने किया है। शिखर सम्मेलन में 'योग प्रभाव' रिपोर्ट का विमोचन किया गया। यह रिपोर्ट शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए प्रासंगिक होगी। रिपोर्ट में देश भर में योग अभियानों? की पहुंच और प्रभावशीलता के बारे में जानकारी दी गयी है। कार्यक्रम में ल्लभारतीय वृक्ष वैभवम:ङ्क रिपोर्ट भी जारी की गयी जिसमें भारतीय पेड़ों के महत्व और उनकी प्रासंगिकता का उल्लेख है।

## युवा उद्यमियों के समर्पण से भारत वैश्विक ड्रोन केंद्र बनेगा: कमलेश पासवान

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा है कि युवा उद्यमियों के समर्पण के माध्यम से भारत को वैश्विक ड्रोन केंद्र बनाया जा सकता है। श्री पासवान शनिवार को चेन्नई में गरुड़ एयरोस्पेस की नयी कृषि-ड्रोन स्वदेशीकरण सुविधा का उद्घाटन कर ड्रोन तकनीक में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के दूरदर्शी प्रयासों के लिए गरुड़ एयरोस्पेस और इसके संस्थापक और सीईओ अग्निश्वर जयप्रकाश की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक ड्रोन केंद्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेन?द्र मोदी के सपने को अग्निश्वर जैसे युवा उद्यमियों और गरुड़ एयरोस्पेस जैसी नवोन्मेषी कंपनियों के समर्पण के माध्यम से वास्तव में साकार किया जा सकता है। उन्होंने स्वदेशीकरण फैक्ट्री में स्थानीय पुर्ज़ा निर्माताओं को एक छत के नीचे एकजुट करने के लिए भारत ड्रोन एसोसिएशन की भी सराहना की। यह एक अत्याधुनिक सुविधा केंद्र है, जो अगले दो वर्षों में एक लाख से अधिक ड्रोन बनाने में सक्षम है। गरुड़ एयरोस्पेस के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अग्निश्वर जयप्रकाश ने कहा, प्रधानमंत्री ने 2022 में हमें 2026 तक एक लाख भारत में निर्मित ड्रोन बनाने का विजन दिया था।

# पेज एक का शेष

## इजराइल-ईरान...

पर इजराइल के हमले के बाद ईरान ने शनिवार रात इजराइल पर जवाबी हमले शुरू किये। काट्ज ने इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) के चीफ ऑफ स्टाफ इयाल जमीर, खुफिया एजेंसी 'मोसाद' के निदेशक डेविड बार्निया और अन्य शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ स्थिति का आकलन करने के दौरान कहा, ''ईरानी तानाशाह ईरान के नागरिकों को अपनी आड़ बना रहा है और ऐसे हालात बना रहा है जिसमें वे, विशेष रूप से तेहरान के निवासी, इजराइली नागरिकों पर आपराधिक हमले की भारी कीमत चुकाएंगे। रक्षा मंत्री ने कहा, ''अगर (अली) खामेनेई इजराइल के घरेलू मोर्चे पर मिसाइलें दागना जारी रखते हैं, तो तेहरान तबाह हो जाएगा। इजराइल ने अब तक अपने हमलों को ईरानी परमाणु और सैन्य ठिकानों तक सीमित रखा है तथा उनसे जुड़े प्रमुख अधिकारियों को निशाना बनाया है। आईडीएफ ने कहा कि ईरान ने कल रात से अब तक कई बार किए गए हमले में इजराइल पर 200 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। उसने दावा किया कि अधिकतर मिसाइलों को हवाई रक्षा प्रणाली द्वारा नष्ट कर दिया गया। सेना ने कहा कि कुछ मिसाइलें हवाई रक्षा प्रणाली को भेदकर अंदर घुस गईं और तेल अवीव, रमत गन और मध्य इजराइल के रिशोन लीजियन के आवासीय क्षेत्रों सहित अन्य स्थानों पर जनहानि और क्षति हुई। ऐसा कहा जा रहा है कि ईरानी मिसाइल हमलों में तीन इजराइली मारे गए तथा लगभग 70 अन्य घायल हो गए। आईडीएफ ने कहा कि उसके सभी अड्डे, जिनमें वायु सेना के अड्डे भी शामिल हैं, सामान्य रूप से काम कर रहे हैं और वे प्रभावित नहीं हुए हैं। इस बीच, जमीर और इजराइली वायु सेना प्रमुख तोमेर बार ने कहा है कि ''तेहरान (पर हमले) का रास्ता साफ हो गया है।'' उन्होंने जोर देकर कहा कि इजराइली लड़ाकू विमान अब ईरान की राजधानी तेहरान में सीधे हमले कर सकते हैं। इजराइली सेना ने कहा, ''योजनाओं के अनुसार, वायु सेना के लड़ाकू विमान तेहरान में लक्ष्यों पर हमले करना शुरू करेंगे। यह बयान इजराइली सेना के बीती रात के उस दावे के बाद आया है जिसमें कहा गया था कि उसके लड़ाकू विमानों ने तेहरान में हवाई रक्षा प्रणालियों पर हमला किया है। आईडीएफ ने शनिवार को कहा कि ईरान से इज़राइल की ओर भेजे गये मानव रहित ड्रोन (यूएवी) की पहचान के बाद इजरायल के कई क्षेत्रों में सायरन बजने लगे। देश की वायु सेना ड्रोन हमले को रोकने और खतरे को टालने के लिए काम कर रही है। लोगों को होम फ्रंट कमांड के निर्देशों का पालन करने के लिए कहा गया है। आईडीएफ ने शुक्रवार को ईरानी सैन्य ठिकानों और परमाणु कार्यक्रम स्थलों पर हमला करते हुए बड़े पैमाने पर ऑपरेशन राइजिंग लायन शुरू किया। इजरायल की वायु सेना ने राजधानी तेहरान समेत ईरान के विभिन्न हिस्सों में कई हमले किए । इन हमलों में ईरानी सेना के कई उच्च पदस्थ अधिकारी मारे गए जिनमें ईरानी चीफ ऑफ जनरल स्टाफ मेजर जनरल मोहम्मद बाघेरी और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के कमांडर शामिल हैं। हमले में दो परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गये हैं। इजरायल ने कहा कि इस ऑपरेशन का उद्देश्य यहूदी देश पर आने वाले खतरे को टालना है। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने इजरायल के हमलों का जवाब देने की कसम खाते हुए ईरान की सेना और नागरिकों को संबोधित करने की जानकारी सामने आयी है। श्री खामेनेई ने इजरायल के इस तरह के हमलों को अपराध की श्रेणी बताया और कहा कि इजरायल को ल्लकड़वी और भयानक नियतिङ्क के परिणाम भुगतने होंगे। इजरायल ईरान की ओर से जवाबी में हमले में दागीं मिसाइलों को अमेरिकी वायु रक्षा प्रणाली और एक नौसैनिक विध्वंसक की मदद से निष्क्रिय कर रहा है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाकेई ने 'तस्नीम समाचार' एजेंसी से बातचीत में अमेरिका पर इजरायल के हमले का समर्थन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह हमला अमेरिका की अनुमति के बिना नहीं हो सकता था। श्री बाकेई ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर लगाम लगाने के लिए हाल के महीनों में अमेरिका की ओर से की गयी वार्ता के बारे में कहा,'दूसरे पक्ष ने इस तरह से काम किया है कि बातचीत निरर्थक हो गयी है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इजरायल पर कई मिसाइलें दागीं जिसमें करीब 40 लोग घायल हो गये। 'अल जज़ीरा' के अनुसार ईरान का कहना है कि इजरायली हमलों में अब तक 78 लोगों की मौत हो चुकी है जिनमें वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी शामिल हैं। हमलों में 320 से अधिक लोग घायल हुये हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजरायल को चेतावनी दी है कि उसके हमले में देश के सैन्य कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गये हैं। उन्होंने कहा, इजरायल हमारे घातक हमले और 'कड़ी सज़ा' के लिए तैयार रहे। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि सैन्य अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक उसके क्षेत्र में हमले होते रहेंगे। अमेरिका ने इजरायली हमलों से खुद को दूर रखने की कोशिश की है और ईरान को अपने ठिकानों पर हमला न करने की चेतावनी दी है।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर...

की । श्री जयशंकर ने एक पर एक संक्षिप्त पोस्ट में कहा, ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरागची से आज शाम ताजा स्थिति पर बातचीत की। उन्होंने इससे कुछ समय पहले एक पोस्ट में कहा कि इस समय घटित हो रही घटनाओं के बारे में उन्हें इजरायल के विदेश मंत्री गिडियोन सार का फोन आया था।

## शाह आज सौपेंगे यूपी...

गये हैं। सभी रूटों पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से कार्यक्रम स्थल पर मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन लगाए जाएंगे। सादे कपड़ों में पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण, यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के एडीजी मुथा अशोक जैन, अशोक कुमार सिंह समेत तमाम वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड ने 13 मार्च 2025 को आरक्षी नागरिक पुलिस के 60244 पदों का अंतिम परिणाम घोषित किया था। 48,17,441 ने ऑनलाइन आवेदन किया था। परीक्षा पास करने वालों में 12048 महिला अभ्यर्थी भी शामिल हैं। विभाग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को 17 जून से जिले में एक माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद नौ माह का प्रशिक्षण शुरू होगा, जिसमें अभ्यर्थियों को फोरेंसिक साइंस, साइबर क्राइम, 39 कानूनों के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा।

## नीट यूजी 2025 का...

देश के बाहर यह परीक्षा 14 शहरों में आयोजित की गयी जिसमें आबू धाबी, दुबई, बैंकॉक, कोलंबो, दोहा, काठमांडू, कुआलालंपुर, कुवैत सिटी, लागोस, मनामा, मस्कट, रियाद, शारजाह और सिंगापुर शामिल हैं। इसमें 22 लाख 76 हजार 069 विद्यार्थी ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था जबकि कुल 22 लाख नौ हजार 318 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 12 लाख 36 हजार 531 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। पिछले वर्ष नीट यूजी 2024 में 24 लाख छह हजार 079 विद्यार्थी ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था जबकि कुल 23 लाख 33 हजार 162 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे और 13 लाख 15 हजार 853 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए थे। इस वर्ष अनारक्षित श्रेणी के 689366, अनुसूचित जाति के 333646, अनुसूचित जनजाति के 150224, अन्य पिछड़ा वर्ग के 948507, ईडब्लूएस के 154326 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें छात्रों की संख्या 965996 और छात्राओं की संख्या 1310062 रही। इस वर्ष की परीक्षा में 939 विदेशी अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया जबकि 11 उभयलिंगी (थर्ड जेंडर) शामिल हुए।

## विमान दुर्घटना की...

स्तर पर क्या कमी या चूक हुई थी। श्री नायडु ने कहा, पिछले दो दिन बहुत मुश्किल भरे रहे हैं। अहमदाबाद हवाईअड्डे के पास हुए हादसे ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। इस हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले सभी परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ हैं... मैं व्यक्तिगत रूप से घटनास्थल पर गया, ताकि देख सकूँ कि क्या किया जाना चाहिए, क्या सहायता प्रदान की जानी चाहिए और यही रवैया गुजरात सरकार का भी था। भारत सरकार और मंत्रालय के अन्य लोगों का भी यही रवैया था। जब हम घटनास्थल पर पहुँचे, तो हमने देखा कि सभी संबंधित विभागों की प्रतिक्रिया टीमें ज़मीन पर काम कर रही थीं, जो भी संभव हो, बचाव करने की कोशिश कर रही थीं, आग को कम करने और मलबे को हटाने की कोशिश कर रही थीं ताकि शवों को जल्द से जल्द अस्पताल भेजा जा सके। विमान दुर्घटना जाँच ब्यूरो, जिसे विशेष रूप से विमानों के आसपास होने वाली घटनाओं, दुर्घटनाओं की जाँच करने के लिए बनाया गया था, को तुरंत सक्रिय किया गया। एएआईबी के माध्यम से चल रही तकनीकी जांच से एक महत्वपूर्ण अपडेट यह है कि कल शाम 5 बजे के आसपास घटनास्थल से ब्लैक बॉक्स बरामद किया गया है। एएआईबी टीम का मानना ??है कि ब्लैक बॉक्स की यह डिकोडिंग इस बात की गहराई से जानकारी देगी कि दुर्घटना की प्रक्रिया के दौरान या दुर्घटना से पहले वास्तव में क्या हुआ होगा। हम इस बात का भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि एएआईबी द्वारा पूरी जांच के बाद क्या परिणाम या रिपोर्ट सामने आएगी। नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच समग्रता से की जाएगी ताकि इसे लेकर उठ रहे हर तरह के सवाल का जवाब मिल सके। उन्होंने कहा, ल्लघटना की आगे की जांच करने और इस घटना के इर्द-गिर्द घूम रहे सभी सिद्धांतों और अन्य सूचनाओं को देखने के लिए, हमें लगा कि इस दुर्घटना और सुरक्षा की जांच करने के लिए एक और समिति का होना बेहतर होगा। हम एक और उच्चस्तरीय समिति बनाने जा रहे हैं, और हमने तुरंत समिति का गठन कर दिया है। केन्द्रीय गृह सचिव समिति के अध्यक्ष होंगे तथा नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव, गृह मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव, गुजरात राज्य से एक प्रतिनिधि जहां वास्तव में घटना हुई, गुजरात राज्य आपदा प्रतिक्रिया प्राधिकरण के प्रतिनिधि, अहमदाबाद पुलिस आयुक्त, भारतीय वायु सेना में निरीक्षण एवं सुरक्षा के महानिदेशक, नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के महानिदेशक, नागर विमानन महानिदेशक, खुफिया ब्यूरो (आईबी) से विशेष निदेशक और फोरेंसिक विज्ञान सेवा निदेशालय के निदेशक इस समिति के सदस्य होंगे। श्री नायडु ने कहा, उच्च स्तरीय समिति की संरचना में विभिन्न पृष्ठभूमि के लोग शामिल हैं और हमें लगता है कि वे समिति में बहुत उच्च विशेषज्ञता पूर्ण निष्कर्ष ला सकते हैं जो घटना की समग्र तरीके से जांच करने जा रही है। और हमने उनके लिए 3 महीने की समय सीमा तय की है ताकि वे उनकी जांच के अनुसार विभिन्न पक्षों से बात कर सकें और आवश्यक होने पर किसी अन्य महत्वपूर्ण विशेषज्ञ को शामिल करके उनसे चर्चा कर सकें। उन्होंने कहा, हमारे देश में सुरक्षा के बहुत सख्त मानक हैं जिसका विदेशी एजेंसियां भी बार बार उल्लेख करती रही हैं, फिर भी यह दुखद दुर्घटना हुई है। जब यह घटना घटी, तो हमें भी लगा कि बोइंग 787 सीरीज की विस्तृत जांच करने की जरूरत है। डीजीसीए ने भी 787 विमानों की विस्तृत जांच करने का आदेश दिया है। आज हमारे भारतीय विमान बेड़े में इस श्रेणी के 34 विमान हैं। मेरी जानकारी के अनुसार अब तक 8 विमानों की जांच हो चुकी है और बाकी सभी विमानों की जांच भी शीघ्रातिशीघ्र की जाएगी। नागर विमानन मंत्री ने कहा, ल्लअपनी जान गंवाने वाले लोगों की कहानियां देखना बहुत ही दुखद है। हमने एयर इंडिया को निर्देश दिया है कि वह यात्रियों के परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करे। एक तरफ डीएनए परीक्षण भी हो रहा है ताकि शवों की पहचान की जा सके और उन्हें संबंधित परिवारों को दिया जा सके। गुजरात सरकार इसके साथ समन्वय कर रही है। डीएनए परीक्षण की पुष्टि होने के बाद शवों को संबंधित परिवारों को दिया जाएगा और हम उम्मीद कर रहे हैं कि यह प्रक्रिया भी जल्द से जल्द पूरी हो जाएगी, लेकिन दस्तावेज़ीकरण और प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रक्रिया या प्रोटोकॉल में कोई चूक न हो।

# मुख्यमंत्री धामी ने आईटीबीपी के हिमाद्री ट्रैकिंग अभियान-2025 को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

■ यह अभियान सामरिक सुरक्षा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है: धामी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के हिमाद्री ट्रैकिंग अभियान-2025 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान न केवल साहस और संकल्प का प्रतीक है, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों की सामरिक सुरक्षा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना में दिवंगत हुए सभी यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आईटीबीपी के वीर जवानों, अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि आईटीबीपी का 45 सदस्यीय दल इस अभियान के अंतर्गत उत्तराखंड से हिमाचल प्रदेश होते हुए लद्दाख तक लगभग 1032 किलोमीटर की कठिन यात्रा करेगा। यह अभियान न केवल सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों की निगरानी सुनिश्चित करेगा, बल्कि धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों की पहचान तथा स्थानीय परंपराओं को प्रोत्साहित करने में भी सहायक सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि वीरभूमि उत्तराखंड से बड़ी संख्या में सेना और अर्धसैनिक बलों में सेवा करने वाले वीर जवान देश की रक्षा में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल, वर्ष 1962 से लगातार देश की सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ आपदाओं के समय भी राहत व बचाव कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।

# आईएमए में 451 कैडेट्स ने पूरी की सैन्य यात्रा, 419 भारतीय सेना का हिस्सा बने

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में गहन प्रशिक्षण लेने वाले 451 जांबाज कैडेट आज पास आउट हो गए। पासिंग आउट परेड (पीओपी) में अंतिम पग पार करते ही 419 जांबाज अफसर भारतीय सेना का हिस्सा बन गए। इसके साथ ही 32 विदेशी कैडेट भी पास आउट हुए। समारोह के मुख्य अतिथि श्रीलंका सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लसंथा रोड्रिगो ने बतौर रिव्यूइंग अफसर परेड की सलामी ली। आईएमए के चेटवुड बिल्डिंग के ड्रिल स्क्वॉयर में आज सुबह 156वीं पासिंग में आर्मी बैंड की धुन पर एडवांस कॉल के साथ ही छाती ताने देश के भावी कर्णधार हौसले के साथ 156 नियमित पाठ्यक्रम, 45 तकनीकी प्रवेश योजना और 139 तकनीकी स्नातक पाठ्यक्रम, विशेष कमीशन अधिकारी (एससीओ-54) के कुल 452 कैडेट कदमताल के साथ परेड के लिए पहुंचे। कंपनी सार्जेंट मेजर ने ड्रिल स्क्वायर पर अपनी-अपनी जगह ली। इसके बाद परेड कमांडर ने ड्रिल स्क्वायर पर जगह ली। मार्कर्स कॉल के साथ परेड का आगाज हुआ। कैडेट्स के शानदार मार्चपास्ट से दर्शक दीर्घा में बैठा हर एक शख्स मंत्रमुग्ध हो गया। एक साथ उठते कदम और गर्व से तने सीने दर्शक दीर्घा में बैठे हरेक शख्स के भीतर ऊर्जा का संचार कर रहे थे। परेड के उपरांत आयोजित पीपिंग व ओथ सेरेमनी के बाद 451 जेंटलमैन कैडेट्स बतौर लेफ्टिनेंट देश-विदेश की सेना का अभिन्न अंग बन गए। इनमें 419 युवा सैन्य अधिकारी भारतीय थल सेना को मिले। नौ मित्र राष्ट्र के 32 कैडेट्स भी पास आउट हुए। इस मौके पर सेना के हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। समारोह के मुख्य अतिथि श्रीलंका सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लसंथा रोड्रिगो ने पास आउट कैडेटों को प्रशिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कैडेटों को ओवरऑल बेस्ट परफॉर्मेंस व अन्य उत्कृष्ट सम्मान से नवाजा। अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल लसंथा रोड्रिगो खुद दिसंबर 1990 में आईएमए के 87 वें कोर्स से कमीशन प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने आईएमए में अपनी पुरानी यादें भी ताजा की।

## संक्षिप्त समाचार

### डीपीएस द्वारका में छात्रों के अभिभावकों ने फीस वृद्धि के मुद्दे पर किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) द्वारका के 32 छात्रों के नाम काटने के विवाद पर अभिभावकों ने शनिवार को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे अभिभावकों ने अपने बच्चों के अधिकारों के लिए न्याय और जवाबदेही की मांग की। अभिभावकों ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह विरोध प्रदर्शन बच्चों के साथ हो रहे उत्पीड़न, अवैध फीस वृद्धि और शिक्षा निदेशालय के निर्देशों की अवहेलना के खिलाफ सरकार के हस्तक्षेप की मांग के लिए किया जा रहा हैं। अभिभावकों का आरोप हैं कि उच्च न्यायालय ने छात्रों के निष्कासन को रद्द कर उन्हें फिर से स्कूल में शामिल करने का आदेश दिया था। लेकिन डीपीएस द्वारका ने अब तक छात्रों को न तो क्लास में दाखिल होने दिया, न ही होमवर्क दिया और न ही शैक्षणिक गतिविधियों में शामिल किया। अभिभावकों का आरोप है कि प्रभावित छात्रों को उनकी कक्षाओं तक पहुंचने से वंचित किया जा रहा है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल ही में फैसला सुनाया कि जिन छात्रों के नाम बढ़ी हुई फीस का भुगतान न करने के कारण स्कूल से हटा दिए गए थे। उन्हें कक्षाओं में भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए। एक अभिभावक ने कहा कि डीपीएस द्वारका स्कूल में बच्चों का शोषण हो रहा है। उसके खिलाफ हम लोग प्रदर्शन करने आए हैं। डीपीएस द्वारका उच्च न्यायालय और सरकार के किसी ऑर्डर को नहीं मान रहा है। सरकार की ओर से 15 आदेश आए कोई पालन अभी तक नहीं किया। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग और सरकार ने वर्षों से निर्देश जारी किए हैं। लेकिन कोई प्रभावी उपाय लागू नहीं किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने स्कूल ने 32 छात्रों के नाम काट दिये थे और उन्हें ट्रांसफर सर्टिफिकेट लेने को कहा था।

### एमएसएमई इंडस्ट्रीज के प्रधान बदीश जिंदल, साथियों के साथ 'आप' में शामिल

**लुधियाना।** पंजाब में लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट के उपचुनाव से पहले शनिवार को लुधियाना के प्रसिद्ध उद्योगपति और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम ( एमएसएमई) इंडस्ट्रीज के प्रधान बदीश जिंदल अपने कई साथियों के साथ आप में शामिल हो गये। पंजाब आज के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सौंध की मौजूदगी में बदीश जिंदल और उनके साथियों को औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल कराया और उनका 'आप' परिवार में स्वागत किया। श्री जिंदल ने कहा कि वह आम आदमी पार्टी द्वारा औद्योगिक क्षेत्र के लिए किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुये हैं। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के विपरीत आप सरकार सिर्फ वादे नहीं करती, बल्कि लघु एवं मध्यम उद्यमों के विकास के लिए ठोस कदम उठा रही है। फास्ट ट्रैक पंजाब पोर्टल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने उद्योग जगत की कई दशक पुरानी मांगों को पूरा करने के लिए आप नेतृत्व और सरकार का धन्यवाद किया एवं लुधियाना पश्चिम सीट के उपचुनाव में आप उम्मीदवार संजीव अरोड़ा को जिताने के लिए समर्थन का वादा किया।

### पंजाब में रिश्वत लेने के आरोप में स्टेनो गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने लुधियाना जिले के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) रायकोट कार्यालय में तैनात स्टेनो जतिंदर सिंह को 24.06 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। राज्य सतर्कता ब्यूरो के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि यह गिरफ्तारी लुधियाना जिले के तहसील रायकोट के गांव सुखाना के निवासी द्वारा शिकायत कराने के बाद की गई है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि एसडीएम रायकोट और उनके स्टेनो जतिंदर सिंह, तहसील जगराओं के गांव नूरपुरा निवासी सरकारी काम कराने के बदले लोगों से भारी मात्रा में पैसे ऐंठ रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए सतर्कता ब्यूरो टीम ने आरोपी जतिंदर सिंह से पूछताछ की और उसके कार्यालय की तलाशी लेने पर अलमारी से 24.06 लाख रुपये की नकदी बरामद की गयी। आरोपी इस नकदी का ब्यौरा बताने में विफल रहा और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि लुधियाना रेंज के सतर्कता ब्यूरो ने पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया है।

### तरनतारन सीमा पर हेरोइन, पिस्तौल के पुर्जे बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस ने संयुक्त रूप से पंजाब की सीमा पर दो घटनाओं में हेरोइन और पिस्तौल के पुर्जों का एक पैकेट बरामद किया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि विशेष सूचना के आधार पर, पंजाब पुलिस के सहयोग से बीएसएफ जवानों द्वारा शुक्रवार को शुरू किये गये तलाशी अभियान में तरनतारन जिले के गांव-वान से सटे एक खेत में मिट्टी के नीचे दबा हुआ एक पैकेट संदिग्ध हेरोइन (कुल वजन- 583 ग्राम) बरामद हुआ। शाम को, बीएसएफ और पंजाब पुलिस के जवानों ने गांव-डल से सटे एक खेत से एक पिस्तौल बिना स्लाइड और बैरल के और दो मैगजीन सफलतापूर्वक बरामद की। हथियार पीले चिपकने वाले टेप में लिपटा हुआ था और इसके साथ एक धातु के तार का लूप भी जुड़ा हुआ पाया गया।

### रक्तदाताओं को डीएफओ ने किया सम्मानित

**पौड़ी गढ़वाल।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला अस्पताल पौड़ी में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष 'रक्त दें, आशा दें: साथ मिलकर बचाएं जीवन' थीम के तहत आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न लोगों ने उत्साहजनक भागीदारी की। शिविर में कुल 25 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 12 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ स्वप्निल अनिरुद्ध ने किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी का परिचय दिया और युवाओं को भी रक्तदान के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कहा रक्तदान एक महान मानव सेवा है, जो जीवन को बचाने का अवसर देती है। हर सक्षम व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिये, ताकि समय पर ज़रूरतमंदों की मदद की जा सके। यह कार्य समाज में आपसी सहयोग और संवेदना को भी सशक्त करता है। रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव केसर सिंह असवाल ने बताया कि सोसाइटी ने समय-समय पर शिविरों का आयोजन किया जाता है, ताकि लोगों में रक्तदान के प्रति जागरुकता फैलायी जा सके। उन्होंने कहा रेड क्रॉस सोसायटी का उद्देश्य है कि हर नागरिक रक्तदान को एक जिम्मेदारी के रूप में अपनाये। इस पहल से न केवल जानें बचायी जा सकती हैं, बल्कि एक संवेदनशील समाज का निर्माण भी संभव है। इस दौरान डीएफओ ने रक्तदान करने आये लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर सीएमएस डॉ. एल डी सेमवाल, जिला सूचना अधिकारी योगेश पोखरियाल, डॉ. विकास सरनालिया, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी भगवान गुसाईं, लैब टेक्नीशियन बीएस नेगी, रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य प्रदीप रावत, दीपक खनसूली व मदन मोहन नौड़ियाल आदि मौजूद रहे।

# योग अब वैश्विक स्वास्थ्य व शांति की दिशा में एक सशक्त आंदोलन बन चुका है: प्रतापराव जाधव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने योगा कनेक्ट- एक वैश्विक योग शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की। शनिवार को विज्ञान भवन में आयोजित सम्मेलन में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, स्वामी रामदेव महाराज और स्वामी चिदानंद सरस्वती जी (परमार्थ निकेतन) उपस्थित रहे। इस मौके पर आयुष मंत्री जाधव ने कहा कि जैसे-जैसे हम 21 जून, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 की ओर अग्रसर हो रहे हैं, आइए हम सब मिलकर इस प्राचीन भारतीय परंपरा को पूरे विश्व तक पहुंचाने का संकल्प लें। योग केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' का संदेश है। योग को आगे बढ़ाने के लिए सिर्फ आयुष विभाग ही नहीं बल्कि सभी मंत्रालयों के सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। योग सभी सीमाओं, उम्र, लिंग, आर्थिक स्थिति और धर्म से परे है और सिर्फ भारत या भारतीय उपमहाद्वीप तक सीमित नहीं है, जो वास्तव में इस वर्ष के विषय को दर्शाता है। यह हर भारतीय की ज़िम्मेवारी है कि हम अपनी इस प्राचीन धरोहर को विश्व पटल पर और उजागर करें। कार्यक्रम की शुरुआत में अहमदाबाद विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों और प्रतिभागियों ने दिवंगत आत्माओं को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पतंजलि योगपीठ के योगगुरू बाब ारामदेव ने कहा कि सबसे पहला है योग अनुशासन, यानी शरीर का अनुशासन और मन का अनुशासन। योग में जीवन के हर पहलू को संबल और शक्ति प्रदान करने की क्षमता है। योग केवल एक दिन का अभ्यास नहीं होना चाहिए। इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर यह सुनिश्चित करें कि भारत के हर गांव से लोग आगे आएं और योग को केवल 21 जून को नहीं, बल्कि प्रतिदिन के जीवन में उतारें। योग दिवस 2025 हमारे स्वास्थ्य, संतुलन और भारत की विरासत के प्रति प्रतिबद्धता का सच्चा प्रतिबिंब बने। योग गुरु डॉ. हंसाजी योगेंद्र ने कहा कि योग केवल एक शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है। योग केवल करने की नहीं, होने की प्रक्रिया है। यह कोई ऐसा कार्य नहीं है जिसे समय-समय पर किया जाए, बल्कि इसे हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बन जाना चाहिए। योग का अभ्यास बुद्धि, भावनाओं और जागरूकता के साथ होना चाहिए।

### मंगनी लाल मंडल ने राजद प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए दाखिल किया नामांकन, 19 को होगी औपचारिक घोषणा

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश अध्यक्ष को लेकर आज राजद सुप्रीमो लालू यादव की उपस्थिति में मंगनी लाल मंडल ने नौमिनेशन किया। मंगनी लाल मंडल ने राजद कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। 19 जून को कार्यसमिति की बैठक में उनके नाम की औपचारिक घोषणा की जाएगी। नामांकन के दौरान लालू यादव उनकी पत्नी राबड़ी देव और उनके पुत्र तेजस्वी यादव समेत सभी वरिष्ठ नेता मौजूद थें। मंगनी लाल मंडल एक अनुभवी नेता हैं। वे बिहार विधान परिषद के सदस्य, राज्य के कैबिनेट मंत्री, लोकसभा और राज्यसभा सांसद रह चुके हैं। वे झंझारपुर लोकसभा सीट से भी चुनाव जीत चुके हैं। हाल ही में उन्होंने जदयू छोड़कर एक बार फिर राजद का दामन थामा है। तेजस्वी यादव ने उन्हें खुद पार्टी की सदस्यता दिलाई थी। मंगनी लाल मंडल धानुक जाति से आते हैं, जो अतिपिछड़ा वर्ग में शामिल है।

## आईआईआरएफ की भारत में 2025 के शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों में आईआईटी रोपड़ को 12वां स्थान मिला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रूपनगर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रोपड़ ने भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ) द्वारा जारी भारत में 2025 के शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों की रैंकिंग में 12वां स्थान प्राप्त करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रो. राजीव आहूजा ने शनिवार को बताया कि यह प्रतिष्ठित रैंकिंग, जो भारत भर में 2,500 से अधिक संस्थानों का मूल्यांकन करती है, अकादमिक उत्कृष्टता, अत्याधुनिक शोध और नवाचार के केंद्र के रूप में आईआईटी रोपड़ की बढ़ती प्रतिष्ठा को रेखांकित करती है। उन्होंने कहा कि संस्थान का 12वां स्थान पर पहुंचना सात प्रमुख मापदंडों पर इसके मजबूत प्रदर्शन को दर्शाता है। प्लेसमेंट प्रदर्शन, शिक्षण संसाधन और शिक्षा शास्त्र, शोध (मात्रा, आय और प्रतिष्ठा), उद्योग आय और एकीकरण, प्लेसमेंट रणनीतियां और सहायता, भविष्य की दिशा और बाहरी धारणा और अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण।

प्रो. आहूजा ने कहा कि संस्थान ने एक बार फिर अकादमिक और शोध गतिविधियों में अपने असाधारण मानकों का प्रदर्शन किया है, जो नवाचार और अंतःविषय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता को उजागर करता है। उद्योग के नेताओं के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी और फंडिंग एजेंसियों और सरकारी संस्थाओं के साथ सक्रिय जुड़ाव के माध्यम से, संस्थान ने खुद को महत्वाकांक्षी छात्रों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित किया है।

## महिला संवाद : कृषि,पशुपालन और मखाना उत्पादन से जुड़ी महिलाओं ने बाजार व प्रशिक्षण की उठाई मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता


सहरसा। महिला संवाद कार्यक्रम ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में नई ऊर्जा और उम्मीदें भर दी हैं ।शनिवार को जिले भर में आयोजित इन कार्यक्रमों में महिलाएं उत्साहपूर्वक भाग ले रही हैं, जहां वे न केवल जानकारी प्राप्त कर रही हैं, बल्कि अपनी आकांक्षाएं और समस्याएं खुलकर साझा कर रही हैं। यह मंच महिलाओं को न केवल आत्मविश्वास से भर रहा है, बल्कि उन्हें सशक्त बनाने का मार्ग भी प्रशस्त कर रहा है। जिले के पतरघट की रहने वाली जया कुमारी ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि एक समय ऐसा था जब वह तंगहाली में जीवन बिता रही थीं । लेकिन जीविका से मिली मदद ने उनकी जिंदगी बदल दी । जया ने 50,000 रुपये का ऋण लेकर अचार बनाने का व्यवसाय शुरू किया और आज वह हर वर्ष दो से ढाई लाख रुपये तक की आमदनी कर रही हैं । उनके अचार की सप्लाई कई जिलों में हो रही है और उनकी सफलता अन्य महिलाओं को भी प्रेरणा दे रही है। इन संवादों में महिलाएं अपने गांवों को सुंदर और स्वच्छ देखने की कल्पना कर रही हैं, तो कुछ रोजगार और बुनियादी सुविधाओं की जरूरत पर जोर दे रही हैं। सलखुआ प्रखंड की आरती देवी ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से महिलाओं की स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन आया है।अब महिलाएं अपने हक के लिए जागरूक हो रही हैं । शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सुधार से न केवल आत्मनिर्भरता बढ़ी है, बल्कि भेदभाव और घरेलू हिंसा में भी कमी आई है । आरती देवी ने आगे कहा कि यदि सरकार का सहयोग इसी प्रकार जारी रहा तो महिलाएं राज्य और जिले के समग्र विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं ।सत्तर कटैया प्रखंड की छात्राओं ने सरकार की पोशाक, साइकिल और छात्रवृत्ति योजना से मिली मदद को साझा किया। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं से उन्हें पढ़ाई जारी रखने में सहायता मिली है और भविष्य में भी इसी तरह के सहयोग की उन्हें उम्मीद है। इसी क्रम में कृषि और पशुपालन से जुड़ी महिलाओं ने प्रशिक्षण, तकनीकी कौशल और वित्तीय सहयोग की आवश्यकता जताई।

# मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन मीठापुर-महली एलिवेटेड पथ का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मीठापुर-महुली फोरलेन एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन मीठापुर-महुली एलिवेटेड पथ का मीठापुर फ्लाईओवर गोलंबर और परसा बाजार में स्थल निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा इस पथ का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। न्यूबाईपास एवं आस-पास में लगनेवाले जाम से राहगीरों को मुक्ति मिलेगी तथा इससे समय की भी बचत होगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन जीरोमाइल मसौढ़ी (एसएच-1) पथ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने जीरोमाइल मसौढ़ी पथ के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि जीरोमाइल-मसौढ़ी (एसएच-1) पथ का निर्माण तेजी से सुनिश्चत कराया जाये ताकि लोगों को इसका फायदा मिल सके। मुख्यमंत्री ने पाटलीपुत्र बस टर्मिनल का भी जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पाटलीपुत्र बस टर्मिनल पर यात्री सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063